नई दिल्ली
बुधवार 8 जुलाई 2026
आषाढ मास कृष्ण पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 30, अंक : 80
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 37
न्यून. 28

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

### इंडोनेशिया की संसद को संबोधित करते हुए बोले पीएम नरेंद्र मोदी

# भारत विस्तारवाद का नहीं बल्कि विकासवाद की नीति का पुरजोर समर्थक है: प्रधानमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



अपनी तीन देशों की विदेश यात्रा के पहले पड़ाव के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को इंडोनेशिया की संसद को संबोधित किया है। जिसमें सबसे पहले उन्होंने हिंद-प्रशांत महासागर के अपने इस महत्वपूर्ण देश द्वारा दिए गए जोरदार स्वागत के लिए आभार जताया। साथ ही कहा कि भारत की नीति विस्तारवाद की नहीं बल्कि विकासवादी पर पूरी तरह से केंद्रित है। दोनों देशों के बीच गहरे सभ्यतागत और समुद्री बंधनों का उल्लेख करते हुए पीएम ने कहा कि दो सहस्राब्दियों से भी अधिक समय से हिंद-महासागर विचारों, व्यापार, संस्कृति और आस्था के आदान-प्रदान के जरिए दोनों देशों को जोड़ता रहा है। इसके अलावा उन्होंने वसुधैव कुटुंबकम और 'भिन्नेका तुंगगल इका' (विविधता में एकता) के साझा आदर्शों का जिक्र करते हुए कहा कि यही मूल्य आज भी दोनों देशों की साझेदारी का मार्गदर्शन कर रहे हैं। हमारी साझा ऐतिहासिक यात्रा, समान चुनौतियां और दोनों देशों के लोगों की साझा आकांक्षाएं भारत, इंडोनेशिया को स्वाभाविक व विश्वसनीय साझेदार बनाती हैं। विदेश मंत्रालय ने यह ⏩ शेष पेज 5 पर

राष्ट्रपति सुबियांतो ने प्रधानमंत्री को इंडोनेशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से किया



### पीएम को मिला बिंटांग आदिपूर्णा सम्मान

संसद में संबोधन से पहले इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बिंटांग आदिपूर्णा ऑफ द रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया' से सम्मानित किया। जो कि भारत और इंडोनेशिया के बीच संबंधों को सुदृढ़ बनाने में दिए गए उनके नेतृत्व और असाधारण योगदान के लिए प्रदान किया गया है। पीएम ने इस पुरस्कार को भारत की 140 करोड़ जनता और इंडोनेशिया के लोगों के बीच मौजूद चिरस्थायी सभ्यतागत संबंधों को समर्पित किया। साथ ही कहा कि आज सुबह बहुत ही स्नेह, आदर के साथ इंडोनेशिया के सर्वोच्च सम्मान से मुझे सम्मानित किया गया है। यह सम्मान कोटि-कोटि ⏩ शेष पेज 5 पर

### बुलंद होगी वैश्विक दक्षिण की आवाज

उन्होंने वैश्विक दक्षिण की आवाज को सशक्त बनाने, स्वतंत्र, मुक्त, समावेशी और नियम आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए इंडोनेशिया के साथ मिलकर कार्य करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता जताई है। सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों के तहत पीएम ने द्विपक्षीय सहयोग के लिए गंगा-महाकम विजन के तहत भारत-इंडोनेशिया के संबंधों में एक नई शुरुआत का आह्वान किया है। इस दृष्टिकोण को समझाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों को अपने सभ्यतागत संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाना चाहिए, आपस में अपनी विकास यात्राओं को साझा करना चाहिए और सुरक्षा-रणनीतिक विश्वास को मजबूती प्रदान करनी चाहिए। साथ ही समुद्री समृद्धि के लिए साथ मिलकर काम करना चाहिए और वैश्विक दक्षिण की आवाज को और अधिक सशक्त बनाना चाहिए। भारत की विकास यात्रा (विकसित भारत 2047) और गोल्डन इंडोनेशिया 2045 के विजन के मध्य मौजूद सामंजस्य को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने व्यापार, निवेश, संपर्क, खाद्य-ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और उभरती हुई प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग को गहरा बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने अपने संबोधन में दोनों देशों के बीच स्थायी सभ्यतागत संबंधों, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों को रेखांकित किया और दोनों देशों की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और अधिक सुदृढ़ बनाने को लेकर प्रतिबद्धता जताई है।

### मजबूत होंगे लोकतांत्रिक संबंध

पीएम ने भारत के 1.4 अरब नागरिकों की ओर से इंडोनेशिया के सांसदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकतंत्र की जननी भारत, इंडोनेशिया के साथ लोकतांत्रिक संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे बीच गहरे सभ्यतागत, समुद्री संबंध रहे हैं। जो प्रमाणित करते हैं कि दो सहस्राब्दियों से भी अधिक समय से हिंद महासागर विचारों, व्यापार, संस्कृति और आस्था के आदान-प्रदान के जरिए दोनों देशों को जोड़ता रहा है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बेथ मूनी बनीं नंबर-1 टी20 की बल्लेबाज



दुबई। महिला टी20 विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी आईसीसी महिला टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। टूर्नामेंट में 238 रन बनाने वालीं मूनी ने हमवतन जॉर्जिया वोल को पछाड़कर यह मुकाम हासिल किया। इस सूची में लाउरा वोलवार्ट तीसरे और स्मृति मंधाना पांचवें स्थान पर हैं।

### केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के निजी सचिव हटाए गए...



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रालय ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के निजी सचिव (पीएस) अमर सिंह को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया है। उनके साथ ही उनकी टीम में कार्यरत दो अन्य अधिकारियों, आयुष शरण और शैलेश कुमार सिंह को भी ड्यूटी से रिलीव (मुक्त) कर दिया गया है। इस आशय के आदेश जारी किए है।

### ओटीटी से हटाई दिलजीत की फिल्म 'सतलुज'?



मुंबई। मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालरा के जीवन पर आधारित अभिनेता दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सतलुज' को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 से हटा दिया गया। रिलीज के 48 घंटे के भीतर फिल्म को भारत में बैन कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार, यह फैसला फिल्म की बारीकी से समीक्षा करने के बाद लिया गया है।

### दोनों देशों के बीच बैठक के बाद हुए कुल 14 एमओयू और समझौते, 6 घोषणाएं की गई हैं

# भारत इंडोनेशिया को देगा ब्रह्मोस, अस्त्रा मिसाइल... शुरू हुआ साझेदारी का नया-स्वर्णिम अध्याय

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य, चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच मंगलवार को भारत और इंडोनेशिया की व्यापक रणनीतिक साझेदारी के एक नए और स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत हो गई है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भवन 'इस्ताना मर्डेका' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसके बाद भारत ने हिंद-प्रशांत महासागर (आईपीआर) क्षेत्र के अपने इस मित्र देश को ध्वनि की गति से भी तीन गुना अधिक तेजी से मार करने वाली सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल और ऑपरेशन सिंदूर के बाद बेहद चर्चित हुई हवा से हवा में मार करने में सक्षम अस्त्रा मार्क-1 मिसाइल का निर्यात करने का बड़ा और ऐतिहासिक ऐलान किया है। इस मामले को लेकर दोनों देशों के बीच एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर भी किए गए हैं। वहीं, दोनों शीर्ष नेताओं ने आतंकवाद की उसके सभी रूपों, प्रकारों और अभिव्यक्तियों के साथ कड़ी निंदा करते हुए इसके खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति को अपनाने को लेकर अपना समर्थन प्रदान किया है। बैठक के बाद दोनों देशों के बीच दुलर्भ खनिजों, ऊर्जा, एआई, लचीली सप्लाई चेन, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित कुल 14 समझौतों-समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जबकि 6 बड़ी घोषणाएं की गई। वार्ता में भारत, इंडोनेशिया के साझा हितों से जुड़े क्षेत्रीय, वैश्विक मुद्दों पर भी दिग्गज नेताओं ने विचारों का आदान-प्रदान किया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी यह जानकारी दी है।

### जकार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के बीच हुई उच्च-स्तरीय बैठक से निकला यह निष्कर्ष



### ब्रह्मोस लेने वाला दुनिया का तीसरा देश

गौरतलब है कि वियतनाम और फिलीपींस के बाद इंडोनेशिया अब दुनिया का ऐसा तीसरा देश होगा। जिसे भारत ब्रह्मोस जैसी अति घातक मिसाइल देगा। यह एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। जिसकी मारक क्षमता विस्तारित रेंज के साथ 290 किलोमीटर से अधिक है। वर्तमान में भारत की तीनों सशस्त्र सेनाएं (थल, नभ और जल) इसका इस्तेमाल कर रही हैं। भारत ने ब्रह्मोस को रूस के साथ संयुक्त वेंचर (जेवी) के तहत विकसित किया है। इसका नाम भारत की ब्रह्मपुत्र और रूस की मस्कोवा नदी के नाम पर रखा गया है। जेवी होने की वजह से भारत ने पूर्व में ही रूस से इसकी इंडोनेशिया को बिक्री करने की मंजूरी ले ली थी। वहीं, दोनों देशों के बीच इस साल मार्च महीने में ब्रह्मोस मिसाइल की एक बैटरी को लेकर प्रारंभिक समझौता हो चुका है। अब इस नए समझौते के जरिए इंडोनेशिया की मंशा चरणबद्ध रूप से कुछ और ⏩ शेष पेज 5 पर

### इंडोनेशिया में खुलेगा आईआईएम बेंगलुरु का कैंपस

उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि 21वीं सदी तकनीक से आगे बढ़ने की सदी है। हमारे युवा ऊर्जा से भरे हुए हैं और उनमें तकनीक के प्रति स्वाभाविक रूझान भी है। भारत इंडोनेशिया में अपने प्रतिष्ठित भारतीय प्रबंधन संस्थान, बेंगलुरु (आईआईएमबी) का कैंपस खोलेगा। जिससे इंडोनेशिया के अलावा समूचे आसियान क्षेत्र के युवाओं को बहुत अधिक लाभ होगा। इस कैंपस की स्थापना इंडोनेशिया के मलंग स्थित सिंघासारी विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में की जाएगी। यह भारत का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खोला जाने वाला उच्च-शिक्षा का चौथा कैंपस होगा। पूर्व में आईआईएम अहमदाबाद ने दुबई में, आईआईटी दिल्ली ने अबू धाबी में और आईआईटी मद्रास ने जांजीबार में अपने कैंपस खोले हैं। जबकि आईआईएमबी का यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खोला जाने वाला पहला कैंपस होगा। जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की परिकल्पना को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके जरिए भारत के प्रमुख संस्थानों को वैश्विक स्तर अपनी उपस्थिति दर्ज करने, विश्वस्तरीय शिक्षा तक पहुंच का विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित करती है। एआई, टेलीकॉम, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के हुए समझौते का जिक्र भी पीएम ने अपने संबोधन में किया। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप सहयोग को भी गहरा बनाने के लिए दोनों पक्ष तैयार हैं।

## कोच्चि में आज से शुरू होगी दो दिवसीय ब्रिक्स महिला मंत्रिस्तरीय बैठक, महिला नेतृत्व और आर्थिक सशक्तिकरण पर होगा मंथन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स देशों की दो दिवसीय महिला मंत्रिस्तरीय बैठक बुधवार से केरल के कोच्चि में शुरू होगी। इस बैठक में ब्रिक्स सदस्य देशों की महिला मंत्री और वरिष्ठ प्रतिनिधि महिला सशक्तिकरण, नेतृत्व, आर्थिक अवसरों तथा डिजिटल एवं वित्तीय समावेशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार, यह बैठक भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत महिला-नेतृत्व वाले विकास की साझा सोच को आगे बढ़ाने और सदस्य देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। बैठक के दौरान महिला मंत्रियों द्वारा विभिन्न प्रस्तावित परिणामों पर चर्चा की जाएगी और ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए रणनीतिक दिशा तय की जाएगी। कार्यक्रम में एक पूर्ण सत्र (प्लेनरी सेशन) के अलावा कई विषयगत पैनल चर्चाएं आयोजित होंगी, जिनमें विशेषज्ञ, नीति निर्माता और विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी पेशेवर भाग लेंगे। इन चर्चाओं के माध्यम से सदस्य देश महिला सशक्तिकरण से जुड़े अपने अनुभव साझा करेंगे, नवाचार आधारित उपायों पर चर्चा करेंगे और आपसी सहयोग को नई दिशा देंगे। इस मंत्रिस्तरीय बैठक से पहले 6 और 7 जुलाई को ब्रिक्स महिला कार्य समूह की बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों ने ब्रिक्स महिला एजेंडा के प्रमुख विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का कहना है कि यह बैठक महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने, महिलाओं के लिए आर्थिक अवसरों का विस्तार करने तथा डिजिटल और वित्तीय समावेशन को मजबूत बनाने के लिए ⏩ शेष पेज 5 पर

## कॉमनवेल्थ गेम में खिलाड़ी पहनेंगे जूट परिधान, मेक इन इंडिया को मिलेगी वैश्विक पहचान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत के जूट उद्योग और 'मेक इन इंडिया' अभियान के लिए एक ऐतिहासिक पहल करते हुए वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय जूट बोर्ड (एनजेबी) ने जूट-विस्कोस मिश्रित विशेष परिधान तैयार किए हैं। इन्हें 23 जुलाई से 2 अगस्त तक स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भाग लेने वाला भारतीय दल पहनेगा। यह पहला अवसर होगा जब किसी अंतरराष्ट्रीय बहु-खेल प्रतियोगिता में भारतीय खिलाड़ी जूट आधारित परिधानों में नजर आएंगे। मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 किट अनावरण एवं विदाई समारोह में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पी. टी. उषा तथा आईओए की कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे। राष्ट्रीय जूट बोर्ड के अनुसार यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' और पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों को बढ़ावा देने के विजन से प्रेरित है। वस्त्र मंत्रालय, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के नेतृत्व में जूट के मूल्यवर्धित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

### 100 प्रतिशत बायोडिग्रेडेबल है कपड़ा

राष्ट्रीय जूट बोर्ड द्वारा विकसित जूट-विस्कोस मिश्रित कपड़ा पूरी तरह 100 प्रतिशत जैव-अवक्रमणीय है। यह प्राकृतिक रेशों पर आधारित एक टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल वस्त्र समाधान है, जो वैश्विक स्तर पर भारत की नवाचार क्षमता को प्रदर्शित करेगा।

### ग्लॉस्टर जूट मिल्स और निफ्ट का रहा योगदान

इस विशेष कपड़े के विकास में ग्लॉस्टर जूट मिल्स, कोलकाता ने राष्ट्रीय जूट बोर्ड का सहयोग किया। वहीं भारतीय दल के लिए तैयार किए गए परिधानों की डिजाइन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी ⏩ शेष पेज 5 पर

### चंपत राय का पहला बयान

## जांच रिपोर्ट के बाद दूंगा मैं एक-एक आरोप का जवाब



मेरी जिंदगी खुली किताब जैसी, साझा किया पत्र

एजेंसी ⏭ अयोध्या

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में घिरे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय ने इस्तीफा मंजूर होने के अगले दिन मंगलवार को अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर हाथ से लिखा एक पत्र साझा कर तुलसीदास जी की चौपाई के जरिए अपना दर्द बयां करते हुए लिखा-धीरज धरम मित्र अरु नारी,आफत काल परखिए चारी। चंपत ⏩ शेष पेज 5 पर

### अशोक गहलोत ने ट्रस्ट के रवैये पर उठाए सवाल

## मामला केवल लापरवाही का था तो एफआईआर, एसआईटी जांच, गिरफ्तारियां और इस्तीफे क्यों हुए?



- श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट तत्काल भंग हो, शंकराचार्यों, धर्माचार्यों को शामिल कर नया ट्रस्ट बनाने की मांग
- 'प्रधानमंत्री चुप्पी तोड़ें, मंदिर को मिले पूरे चढ़ावे की सूची सार्वजनिक की जाए'

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी को देशवासियों की आस्था पर गंभीर आघात बताते हुए कहा कि इससे भाजपा-आरएसएस का चाल, चरित्र और चेहरा बेनकाब हो गया है। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मांग की कि मंदिर के संचालन की जिम्मेदारी संभाल रहे श्रीराम जन्मभूमि ⏩ शेष पेज 5 पर

## भाजपा ने नितिन नवीन के इस्तीफे के बाद खाली हुई सीट पर अभिषेक कुमार को बनाया उम्मीदवार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

- बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में आरजेडी ने रेखा गुप्ता को मैदान में उतारा
- जन सुराज पार्टी के मैदान में उतरने से रोचक हो सकता है चुनावी मुकाबला

भारतीय जनता पार्टी ने बिहार में बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए अभिषेक कुमार को अपना उम्मीदवार बनाया है। मंगलवार को पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने उनके नाम को मंजूरी दी। बांकीपुर उपचुनाव पूर्व भाजपा विधायक नितिन नवीन के इस्तीफ़े के बाद हो रहा है, उन्होंने राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद यह सीट खाली कर दी थी। नवीन भाजपा अध्यक्ष हैं लिहाजा माना जा रहा है कि अभिषेक उनकी पसंद के चलते ही उम्मीदवार बनने में सफल हुए हैं। ⏩ शेष पेज 5 पर

### बड़ा सवाल : क्या वरिष्ठ नेता दिग्विजय राजनीति से संन्यास की ओर बढ़ गए हैं?

# दिग्विजय का बड़ा ऐलान...वे अब राजनीति नहीं, धर्म की रक्षा करेंगे

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को बड़ा धमाका कर दिया। उन्होंने ऐलान किया कि अब वे अंतिम सांस तक धर्म की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ेंगे। वे 2 अक्टूबर के स्थान पर विजयादशमी से उज्जैन से अयोध्या तक लगभग एक हजार किमी की पद यात्रा करेंगे। नर्मदा यात्रा भी उन्होंने दशहरे से ही प्रारंभ की थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस यात्रा का राजनीति से कोई संबंध नहीं होगा और इसमें किसी राजनीतिक नेता को आमंत्रित नहीं किया जाएगा। इस दौरान उज्जैन के महाकाल ⏩ शेष पेज 5 पर



### लेकिन, मगरमच्छ को छोड़ दिया गया

दिग्विजय ने कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक में जो हुआ, सब पहले से तय था। जवाबदेही तय नहीं की गई और इस्तीफा मंजूर कर लिया गया। उन्होंने कहा कि खुद कोषाध्यक्ष कह रहे हैं कि उन्हें चेक पर हस्ताक्षर करने का अधिकार नहीं था। इसमें ⏩ शेष पेज 5 पर

### संघ पर सवाल उठाने वालों के हाथ और अंगुली तोड़ देंगे: पाटिल



खंडवा से भाजपा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक सम्मानित संगठन है और इस पर बिना आधार के अंगुली उठाने वालों के हाथ और उंगली तोड़ दिए जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि दिग्विजय सिंह लगातार भगवान राम, रामसेतु और हिंदू आस्था से जुड़े विषयों पर विवादित बयान देकर सुर्खियां बटोरने ⏩ शेष पेज 5 पर

### वायनाड में काम कर रहे 4 मजदूरों की मौत, 4 लापता, 7 अन्य घायल

# लैंडस्लाइड ऐसा... जैसे कोई सुनामी

एजेंसी ⏭ वायनाड

केरल के वायनाड में भारी बारिश के बाद हुए एक भयानक भूस्खलन (लैंडस्लाइड) ने भारी तबाही मचाई है। मेप्पाडी इलाके में पिछले 24 घंटों में 226 मिमी बारिश के बाद कल्लाडी स्थित मीनाक्षी पुल के पास यह हादसा हुआ। इस त्रासदी में सुरंग सड़क परियोजना में काम करने वाले 4 मजदूरों की मौत हो गई, 4 लापता हैं और 7 अन्य घायल हैं। मलबे की चपेट में आने से एक चर्च और एक खाली मकान भी बह गया है। हादसे की कई भयावह वीडियो सामने आए हैं, जिनमें दिख रहा है कि कैसे जमीन धंसकती जा रही है और दलदली मलबा बहकर आगे बढ़ते हुए सड़क पर मौजूद गाड़ियों-लोगों को अपनी चपेट में लेता जा रहा है। इस दौरान एक टैंकर लोगों के ⏩ शेष पेज 5 पर



सुरंग निर्माण के लिए खोदी गई मिट्टी का विशाल ढेर ढहने से यह हादसा हुआ

### मौसम विभाग अलर्ट : मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में भारी बारिश की संभावना

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लंबे इंतजार के बाद दिल्ली वालों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। मंगलवार को झमाझम बारिश हुई। मौसम खुशगवार हो गया। महाराष्ट्र जैसी आफत नहीं बरसी। वैसे मौसम विज्ञान विभाग ने देश के पश्चिमी और मध्य हिस्सों के कई राज्यों में मंगलवार को भारी बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग के अनुसार तटीय कर्नाटक, गुजरात, कोंकण एवं गोवा तथा मध्य महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में आज भारी वर्षा होने की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक अरुणाचल प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, पूर्वी राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, आंतरिक ⏩ शेष पेज 5 पर

# पुरानी रंजिश में शख्स की चाकू मारकर हत्या, एक अन्य घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बाहरी जिले के राजपार्क थाना अंतर्गत मंगोलपुरी में सोमवार देर रात एक शख्स की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। हमले में एक अन्य जख्मी हुआ है। घायल शख्स का संजय गांधी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि वारदात पुरानी रंजिश के चलते अंजाम दी गई। पीड़ित और आरोपी पड़ोसी है।

पुलिस के अनुसार सोमवार रात 9 बजकर 37 मिनट पर राज पार्क थाने में एक पीसीआर कॉल आई, जिसमें क्यू 9/150 मंगोलपुरी में हत्या की सूचना मिली। जांच पड़ताल के दौरान पता चला कि पीड़ित को उसके रिश्तेदार पहले ही संजय गांधी मेमोरियाल अस्पताल ले जा चुके थे। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान महेश (45) पुत्र मोहर सिंह, निवासी क्यू 9/135 मंगोलपुरी के रूप में हुई। मृतक के की पीठ पर चाकू का घाव पाया गया। इसके बाद शव को मुर्दाघर भेज दिया गया। यह भी पता चला कि मुकेश (35) पुत्र महावीर सिंह निवासी क्यू 9/150 मंगोलपुरी नाम के एक और व्यक्ति को भी संजय गांधी अस्पताल में ही घायल हालत में लाया गया था। उसकी बाई जांघ पर चाकू का घाव था और उसका इलाज चल रहा था। आगे की



जांच में पता चला कि यह घटना क्यू 9/149 और क्यू 9/150 नंबर के मकान में रहने वाले परिवारों के बीच पुरानी दुश्मनी के कारण हुई थी। पिछले एक साल में अलग-अलग मुद्दों पर दोनों पक्षों की ओर से कुल चार मामले दर्ज करवाये जा चुके हैं। राज पार्क थाने में कानून की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच चल रही है। मृतक महेश का पोस्टमार्टम करवा अंतिम संस्कार के लिए शव परिवार को सौंप दिया गया है। जांच के दौरान पांच आरोपियों प्रिंस उर्फ अरुण, भरत, प्रदीप, राहुल उर्फ रवि और एक नाबालिग को पकड़ा गया है। इस घटना में इनकी भूमिका के बारे में पूछताछ की जा रही है। कुछ और आरोपियों के घटना में शामिल होने का पता चला है, उनकी तलाश जारी है।

## मर्सिडीज की टक्कर से हुई थी स्कूटर सवार की मौत

नई दिल्ली। जहांगीरपुरी इलाके में मर्सिडीज की टक्कर से स्कूटर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार जहांगीरपुरी बस स्टैंड पर फुट ओवरब्रिज के पास पांच जुलाई को हादसा पेश आया था। इस केस में लग्जरी कार के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद घायल व्यक्ति को बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मृतक की पहचापन मंगोलपुरी निवासी दीपक के रूप में हुई थी। पुलिस को हादसे की सूचना देने वाले शख्स से महत्वपूर्ण सुराग मिला था। उसने बताया था कि हरियाणा पंजीकरण वाली एक मर्सिडीज ने स्कूटर को टक्कर मारी और फिर वाहन चालक घटनास्थल से वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने कार मालिक को मोटर वाहन अधिनियम के तहत नोटिस दिया। मालिक ने खुलासा किया कि दुर्घटना के समय अंश प्रताप सिंह कार चला रहा था। जांच के आधार पर सिंह की पहचान आरोपी के रूप में की गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मर्सिडीज कार को भी जब्त कर लिया गया है।

## गामड़ी इलाके में नाले से अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

एजेंसी, नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली में गामड़ी क्षेत्र के जौहर वाला पार्क के पास एक नाले से मंगलवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भजनपुरा थाने को दोपहर करीब 12.47 बजे जौहर वाला पार्क के पास नाले में एक शव पड़ा होने की सूचना दी गई। टीम को पार्क के एक सुनसान कोने के पास नाले में सड़ी-गली हालत में शव मिला। एक अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच के दौरान शव पर किसी बाहरी चोट का निशान नहीं मिला।

मृतक के सामान की तलाशी के दौरान पुलिस को उसकी पैंट की जेब से पंचर लगाने के काम में आने वाली एक ट्यूब बरामद हुई। अधिकारी ने कहा कि चिपकने वाले इस पदार्थ का आमतौर पर नशे के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा उसकी पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

### 11 महंगी कारें बरामद

# अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ रोहिणी जिले के स्पेशल स्टाफ की कार्रवाई

रोहिणी जिले के स्पेशल स्टाफ ने अलीपुर थाने के एक हिस्ट्री शीटर समेत चार वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह बेहद हाईटेक तरीके से वाहन चोरी करता था। इनसे 11 महंगी कारें और एक ऑटो बरामद किया गया। इसके अलावा 50 इलेक्ट्रॉनिक प्रोग्रामिंग कीज और चाबियों की नकल बनाने में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए।

पुलिस के अनुसार आरोपी आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक की-प्रोग्रामिंग तकनीकों का इस्तेमाल करके दिल्ली और आसपास के राज्यों से महंगी गाड़ियां चुराते थे और चोरी की गाड़ियों को अंतरराज्यीय खरीदारों को बेच देते थे या ग्रे मार्केट में स्पेयर पार्ट्स बेचने के लिए उन्हें पुर्जा पुर्जा कर देते थे। जिले में वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए स्पेशल स्टाफ को जांच में लगाया गया था। जांच के दौरान टीम ने लगातार निगरानी रखी। अपराध के तरीकों का विश्लेषण किया और तकनीकी निगरानी से जानकारी जुटाई। इसके बाद अलग अलग जगहों पर छापेमारी कर चार आरोपियों को पकड़ा। इनके नाम कुलदीप सिंह उर्फ लकी, बलविंदर उर्फ बिंदा, दीपक उर्फ देव और बख्शीश सिंह उर्फ मन्नी पता चलें। इनकी निशानदेही पर 11 चोरी की गाड़ियां, एक चोरी का ऑटो, 50 नकली इलेक्ट्रॉनिक चाबियां, एक कम्प्यूटराइज्ड की-कटिंग मशीन, एक टैबलेट, एक कंप्यूटर सिस्टम, एक जीपीएस डिटेक्टर, नकली रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट, एक ड्रिलिंग मशीन, फेस मास्क और अपराध में इस्तेमाल होने वाले अन्य औजार बरामद किए गए।

## उम्रकैद की सजा पाये दो भगौड़े भाई यूपी और झारखंड से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ एक मुंबई के कांट्रैक्ट किलिंग केस में था शामिल

क्राइम ब्रांच ने उम्रकैद की सजा पाए दो भगोड़े भाईयों को गिरफ्तार किया है। दोनों एक दशक से सजा से बच रहे थे। इन्हें यूपी के मुरादाबाद और झारखंड के गोड्डा से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के नाम फिरासत अली और शाह नवाज बताये गये हैं। दोनों भाईयों ने 1996 में राजौरी गार्डन थाना इलाके में एक हत्या को अंजाम दिया था। इस केस में साल 2000 में इन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। आरोपी फिरासत अली मुंबई के भी एक सनसनीखेज कॉन्ट्रैक्ट किलिंग मामले में वांछित था।

डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार आरोपी फिरासत अली 2006 के कॉन्ट्रैक्ट किलिंग के एक मामले में भी फरार था। इस मामले में एक महिला ने अपने पति की हत्या के लिए इसे 2 लाख की सुपारी दी थी। सनसनीखेज हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी ने मृतक की पहचान छिपाने के लिए उसके शरीर के टुकड़े टुकड़े कर दिये थे। धड़ को प्लास्टिक की थैली में लपेटकर मुंबई के भिंडी बाजार के पास फेंक दिया था। पुलिस के अनुसर दोनों भाईयों को राजौरी गार्डन के मर्डर केस में साल 2000 में दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा जमानत पर रिहा किया था। 2016 में उनकी अपील खारिज कर दी गई और उन्हें बची हुई सजा काटने के लिए जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन आरोपियों ने सरेंडर नहीं किया था।

# फायरिंग व रंगदारी केस का वांटेड मुठभेड़ में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मध्य जिला पुलिस ने एक हाई प्रोफाइल रंगदारी और फायरिंग के मामले को सुलझाया है। इस सिलसिले में एक आरोपी को मुठभेड़ के बाद दबोचा गया। पूछताछ में पता चला कि अपराधियों ने एक स्थानीय बिल्डर के साथ मिलकर साजिश रची और पहाड़गंज के एक होटल में बैठकर योजना बनाई थी। एक और मुख्य साजिशकर्ता और गौतम बुद्ध नगर, यूपी के इकोटेक-1 पुलिस स्टेशन के हिस्ट्री-शीटर को कोलकाता से गिरफ्तार किया गया। स्थानीय बिल्डर व होटल मालिक समेत अब तक पांच लोगों को केस में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी और शूटर पवन कुमार उर्फ पवन पहलवान को आईपी एस्टेट स्थित कब्रिस्तान के पास स्पेशल स्टाफ ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने की कोशिश करते हुए पुलिस पर गोली चलाई। पुलिस ने कानून के तहत आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी और उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इसके अलावा मुख्य साजिशकर्ता शक्ति सिंह को नबी



करीम और स्पेशल स्टाफ की संयुक्त टीम ने कोलकाता से पकड़ा है। इससे पहले आरोपी विशाल भाटी उर्फ भांजा को गिरफ्तार किया गया था, जिससे बड़ी आपराधिक साजिश का खुलासा हुआ था। जांच से पता चला है कि स्थानीय बिल्डर व होटल मालिक पवन कुमार उर्फ पवन चेटली और उनके सहयोगी राजेश सचदेवा उर्फ सोनू मोटा साजिश को अंजाम देने में शामिल थे। जांच से पता चला कि यह अपराध एक बहुत अच्छी तरह से बनाई गई आपराधिक साजिश का नतीजा था, जिसमें स्थानीय मददगारों के साथ मिलकर काम करने वाला एक अंतरराज्यीय रंगदारी गिरोह शामिल था। दरअसल 29 जून को नबी करीम पुलिस स्टेशन में जबरन वसूली और फायरिंग की घटना की सूचना मिली थी। शिकायतकर्ता महेश चंद (एक प्राइवेट बिल्डर) ने आरोप लगाया कि पहाड़गंज इलाके के आर्य नगर में स्थित उनके ऑफिस में एक हथियारबंद व्यक्ति आया और 30 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की, जिसमें से 5 लाख रुपये तुरंत देने को कहा गया। आरोपी ने धमकी दी कि अगर मना किया गया, तो उसके साथी भी इलाके में मौजूद हैं और बस उसके इशारे का इंतजार कर रहे हैं। रंगदारी की रकम देने से इनकार करने पर आरोपी ने शिकायतकर्ता की जान लेने की नीयत से उन पर गोली चलाई और फिर मौके से भाग गया था। जांच से पता चला है कि गोलीबारी एक बहुत अच्छी तरह से सोची समझी आपराधिक साजिश का नतीजा थी। मुख्य शूटर पवन कुमार उर्फ पवन पहलवान बहादुरगढ़ के परनाला का रहने वाला है। वह खुद को फाइनेंसर बताता था, लेकिन असल में वह पहाड़गंज इलाके के बिल्डरों और व्यापारियों के बीच डर पैदा करना चाहता था। वह खुद को एक खूंखार जबरन वसूली करने वाले बदमाश के तौर पर स्थापित करना चाहता था। आगे की जांच से पता चला कि वह स्थानीय बिल्डर और होटल मालिक पवन कुमार उर्फ पवन चेतली और उसके साथी राजेश सचदेवा उर्फ सोनू के साथ मिलकर काम कर रहा था।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/पानीपत खंड में मौजूदा रनिंग रूम में 12 नए कमरों वाली एक अतिरिक्त इमारत का निर्माण करके PNP रनिंग रूम का विस्तार करना। |
| 2. | अनुमानित लागत | रु. 14150403.02/– |
| 3. | धरोहर राशि | रु. 283000/– |
| 4. | समापन अवधी | 12 महीने |
| 5. | ई–निविदा प्रस्तुत करने तथा खोलने के लिए दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय 28.07.2026 को 15.00 बजे तक। निविदा खुलने का समय दिनांक 28.07.2026 को 15:00 बजे के बाद। |
| 6. | निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |
| 7. | समान प्रकार के कार्य | किसी भी इमारत/क्वार्टर का निर्माण। |

पत्र संख्याः 128–डब्लू/280/निविदा सूचना/26–27/डब्लू–I (NIT-18)
दिनांकः 06.07.2026 2308/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **निखिल** पुत्र अजय, निवासी मकान नंबर एफ-7/64, डब्ल्यू-49, टी -हट्स, सुल्तानपुरी, दिल्ली ने **ई-प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 80073045/24 धारा 305/331(4)/317/3(5) भारतीय न्याय संहिता, थाना राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **निखिल** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **निखिल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **निखिल, ई-प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 80073045/24 धारा 305/331(4)/317/3(5) भारतीय न्याय संहिता, थाना राज पार्क, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.08.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री आकांक्षा**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
कमरा नंबर 107
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/9010/OD/2026

## ऑपरेशन विश्वासः छह महीनों में ढाई करोड़ से ज्यादा के मोबाइल किये बरामद

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस का ऑपरेशन विश्वास लगातार जनता का भरोसा मजबूत कर रहा है। इसी के चलते दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस ने 1 जनवरी से 30 जून के बीच 2,400 खोए या चोरी हुए मोबाइल फोनन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत 2.5 करोड़ से ज्यादा बताई गई हैं।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसार दिल्ली पुलिस की नागरिक केंद्रित पहल ऑपरेशन विश्वास के तहत 1 अप्रैल से 30 जून की अवधि में 1,790 खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद किए। 2026 के पहले छह महीनों की बात करें तो यह आंकड़ा 2,400 है। बरामद मोबाइल उनके असली मालिकों को लौटा दिए गए हैं, जिससे दिल्ली पुलिस में जनता का भरोसा और मजबूत हुआ है।

# दिल्ली में ट्रांसप्लांट पेड़ों के जीवित रहने की दर बहुत कम : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ बड़े पेड़ों को हटाकर हरियाली को तेजी से कम करने के बाद नए पौधे लगाना कोई समाधान नहीं, इनकी सुरक्षा और जवाबदेही हो सुनिश्चित

दिल्ली में ट्रांसप्लांट किए गए पेड़ों के जीवित रहने की दर बहुत कम है। वन विभाग के आधिकारिक ऑडिट से पता चलता है कि ट्रांसप्लांट किए गए पेड़ों में से केवल 33 से 42.5 प्रतिशत ही जीवित रहते हैं, और सरकार की 80 प्रतिशत जीवित रहने की दर का लक्ष्य शायद ही कभी पूरा हो पाता है। यह बात मंगलवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली वन विभाग ने सरोजिनी नगर जीपीआरए हाउसिंग प्रोजेक्ट के लिए नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन (एनबीसीसी) को 1 हजार 91 पेड़ों को दूसरी जगह लगाने और 42 पेड़ों को काटने की मंजूरी दी है, जिसमें यह शर्त रखी गई है कि एनबीसीसी को काटे गए हर पेड़ के बदले 10 पौधे लगाने होंगे और अगर ट्रांसप्लांट किए गए पेड़ मर जाते हैं तो उनकी जगह स्थानीय प्रजाति के पेड़ लगाने होंगे। वहीं दूसरी तरफ, रेखा गुप्ता सरकार ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 70 लाख पौधे लगाने के अभियान की शुरुआत का बहुत प्रचार-प्रसार किया है। यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मंगलवार को नानकपुरा रिज में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 'मिशन 70 लाख प्लांटेशन ड्राइव' की शुरुआत का स्वागत है, लेकिन इसे तभी सार्थक माना जाएगा जब पेड़ लगाने के अभियान के साथ-साथ मौजूदा पेड़ों के संरक्षण और निगरानी को भी समान महत्व दिया जाए, और मौजूदा बड़े पेड़ों के संरक्षण और उन्हें हटाने की पूरी प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। यादव ने कहा कि जहां एक तरफ एक पेड़ मां के नाम' जैसे भावनात्मक अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ दिल्ली में बड़े पैमाने पर पेड़ों को काटने और ट्रांसप्लांट करने को लेकर गंभीर सवाल भी उठ रहे हैं। कांग्रेस सरकार द्वारा बढ़ाई गई हरियाली पिछले 12 वर्षों में पिछली आप सरकार और मौजूदा रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजा सरकार के कार्यकाल में तेजी से कम हुई है। यादव ने कहा कि दिल्ली के नागरिक यह जानना चाहते हैं कि जिस दौरान पौधे लगाए जा रहे हैं, उसी समय विकास परियोजनाओं के नाम पर कितने पेड़ काटे गए और कितनों को दूसरी जगह लगाया गया, और इससे जुड़ी पूरी सार्वजनिक जानकारी क्या है।

## दिल्ली सरकार के स्कूल में भाषा परिवर्तन से छात्राएं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ अंग्रेजी की जगह हिंदी में पढ़ाया जा रहा सामाजिक विज्ञान

दिल्ली सरकार के उत्तरी पूर्वी दिल्ली के सबोली स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय में कक्षा 9 की छात्राओं को सामाजिक विज्ञान विषय की भाषा अचानक बदल दिए जाने से पढ़ाई में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। छात्राओं के अभिभावकों का कहना है कि उन्हें कक्षा 6 से 8 तक सामाजिक विज्ञान विषय अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाया गया। तीन वर्षों तक अंग्रेजी में पढ़ाई करने के बाद जब वे कक्षा 9 में पहुंचीं तो बिना किसी पूर्व सूचना के यह विषय हिंदी माध्यम में पढ़ाया जाने लगा। अभिभावकों ने बताया कि अध्यापक सामाजिक विज्ञान की कक्षाएं हिंदी भाषा में ले रहे हैं, जबकि वे अब तक अंग्रेजी माध्यम से पढ़ती रही हैं। ऐसे में उन्हें पाठों को समझने, नोट्स तैयार करने तथा परीक्षाओं की तैयारी करने में काफी परेशानी हो रही है। कई छात्राओं का कहना है कि भाषा बदलने के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है और परीक्षा परिणाम पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है।

अभिभावकों ने मांग करते हुए कहा है कि यदि कक्षा 6 से 8 तक सामाजिक विज्ञान अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाया गया है, तो कक्षा 9 में भी उसी माध्यम को जारी रखा जाना चाहिए। उनका मानना है कि उच्च कक्षा में विषय की भाषा बदलने से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास कमजोर होता है और सीखने की प्रक्रिया प्रभावित होती है। अभिभावकों ने शिक्षा विभाग और विद्यालय प्रशासन से मांग की है कि सामाजिक विज्ञान विषय को पुनः अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाने की व्यवस्था की जाए। उनका कहना है कि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो इसका सीधा असर छात्राओं के शैक्षणिक प्रदर्शन पर पड़ेगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल उर्फ योगेंदर, पुत्रः नरेंद्र, निवासीः गली नंबर–09, चांद मस्जिद के पास, मंडावली, दिल्ली** ने **FIR No.: 326/2021, पुलिस थाना मंडावली, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राहुल उर्फ योगेंदर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राहुल उर्फ योगेंदर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना मंडावली, दिल्ली** के अभियुक्त **राहुल उर्फ योगेंदर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 27.08.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन
जेएमएफसी–03, पूर्व जिला, कमरा संख्या 16,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/9099/ED/2026

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | सोनीपत रोड, एम.सी. रोहतक में हुडा पार्क से शिवालिक प्रोपर्टीज निकट ताऊ नगर, गली नं. 18 तक ग्रीन बेल्ट का निर्माण + 1 कार्य। | 06.07.2026 16.07.2026 | 1,40,55,396/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/46929/I/88/7 दि. 07.07.26

# दिल्ली के पास दुनिया में सर्वाधिक ई-बसों का है बड़ा बेड़ाः मल्होत्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ 300 नई ई–बसें बसें डीटीसी के बेड़े में जोड़ने का किया स्वागत

शेनज़ेन एवं बेज़ंगि चीन के बाद आज दिल्ली के पास दुनिया में सर्वाधिक ई बसों का बड़ा बेड़ा है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने मंगलवार को दिल्ली सरकार द्वारा 300 नई ई-बसें बसें डी.टी.सी. के बेड़े में जोड़ने का स्वागत करते हुए यह बयान जारी किया। हर्ष मल्होत्रा ने कहा है कि भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार ने मात्र 16 माह के शासन में दिल्ली को 2386 नई ई. बसें ला कर सफलता का एक कीर्तिमान बनाया है जबकि इसके ठीक विपरीत अरविंद केजरीवाल सरकार ने दस साल में एक भी बस नहीं खरीद कर अपनी असफलता प्रमाणित की थी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष मल्होत्रा ने कहा है कि आज दिल्ली में डी.टी.सी. के पास 1759 सी.एन.जी. और 4538 ई. बसों के साथ कुल 6297 बसों की स्वच्छ प्रदूषण रहित सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था है।

हर्ष मल्होत्रा ने कहा है कि अपनी सत्ता के 10 वर्ष में दिल्ली को प्रदूषण मुक्त करने के लिए, दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुदृढ करने में शून्य योगदान देने वाले अरविंद केजरीवाल को आज ईंधन क्वालिटी पर सवाल खड़े करते देख दिल्ली एवं देश की जनता स्तब्ध है। जैसे-जैसे पंजाब चुनाव नज़दीक आ रहा है अरविंद केजरीवाल का सत्ता खोने का भय बढ़ता जा रहा है और वह खुद को राजनीतिक रूप से मीडिया में दिखाने के लिए नीट परिक्षा से लेकर ईंधन क्वालिटी तक हर विषय पर बोल रहे हैं पर पंजाब में बढ़ते नशे एवं अपराध के अलावा खुद पंजाब के मुख्य मंत्री की सिख धर्म के प्रति अवमानना पर चुप्पी साधे हैं।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम फरीदाबाद | सेक्टर-16ए, एम.सी. फरीदाबाद में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 03.07.2026 17.07.2026 | 5,91,94,169/- | https://etenders.hry.nic.in | 1292411649 xenmcf3@gmall.com |
| 2 | नगर निगम फरीदाबाद | सेक्टर-19, एम.सी. फरीदाबाद में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 03.07.2026 13.07.2026 | 4,28,14,172/- | https://etenders.hry.nic.in | 1292411649 xenmcf3@gmall.com |
| 3 | नगर निगम फरीदाबाद | सेक्टर-16, वार्ड नं. 36, ओल्ड फरीदाबाद में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 03.07.2026 17.07.2026 | 5,60,47,954 | https://etenders.hry.nic.in | 1292411649 xenmcf3@gmall.com |
| 4 | नगर निगम फरीदाबाद | गांव बुधेना, जिला फरीदाबाद में जलापूर्ति, सीवरेज, ड्रेनेज सिस्टम के संवर्धन, स्ट्रीट लाइटिंग और पार्क विकास हेतु आकलन। | 03.07.2026 24.07.2026 | 13,85,02,461/- | https://etenders.hry.nic.in | 1292411649 xenmcf3@gmall.com |
| 5 | नगर निगम फरीदाबाद | सेक्टर-9, वार्ड नं. 37, फरीदाबाद में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 03.07.2026 13.07.2026 | 2,73,13,663/- | https://etenders.hry.nic.in | 1292411649 xenmcf3@gmall.com |
| 6 | नगर निगम फरीदाबाद | सेक्टर-8, एम.सी. फरीदाबाद में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 03.07.2026 17.07.2026 | 5,79,50,228/- | https://etenders.hry.nic.in | 1292411649 xenmcf3@gmall.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/120/46921/I/88/7 दि. 07.07.26

**खबर संक्षेप**

### करोड़ों के दवा घोटाले के खिलाफ दूसरे दिन भी आप का मौन प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में तथाकथित 650 करोड़ के दवा घोटाले के खिलाफ दूसरे दिन भी आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मौन प्रदर्शन किया। दूसरे दिन दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल के बाहर खड़े आप कार्यकर्ताओं ने तख्तियां पर लिखकर रेखा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए है। बाद में प्रदेश अध्यक्ष भारद्वाज ने कहा कि दिल्लीवालों दवाई, इलाज, टेस्ट या सर्जरी न मिलने की वजह रेखा गुप्ता सरकार का 650 करोड़ का दवा घोटाला है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर पार्टी रोज एक अस्पताल के बाहर प्रदर्शन कर रेखा सरकार के घोटाले के बारे में लोगों को बताएगी। घोटाले का मुख्य आरोपी राजीव रंगीला को भाजपा सरकार ने देश से भगवा दिया, अब लुक आउट नोटिस जारी कर नौटंकी कर रही है।

### भूख हड़ताल के दसवें दिन वांगचुक का वजन और गिरा

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का जंतर-मंतर पर धरना मंगलवार को 18वें दिन भी जारी रहा। वहीं धरने में सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल का 10वां दिन था और उनके वजन में गिरावट लगातार देखी जा रही है। वांगचुक का ख्याल रख रहे डॉक्टरों द्वारा सुबह जारी हेल्थ अपडेट में सोनम वांगचुक का ब्लड प्रेशर 102/61 और ब्लड ग्लूकोज 68 पहुंच गया है। वहीं भूख हड़ताल के चलते पिछले 10 दिनों में उनका कुल वजन 7.3 किलोग्राम कम हो चुका है। आयोजकों का कहना है कि लंबे समय तक भूख हड़ताल जारी रहने से स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद सोनम वांगचुक अपनी मांगों पर कायम हैं। वहीं धरने में शामिल प्रदर्शनकारी अभी भी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर अड़े हैं। इसके अलावा सीजेआई संस्थापक अभिजीत दीपके ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि दिल्ली हाई कोर्ट ने संगठन के एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर लगे बैन को हटा दिया इसके लिए धन्यवाद।

### मोदी सरकार ने ई-20 पेट्रोल पर ऑटो कंपनियों से बुलवाया झूठः केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने बयान जारी करते हुए कहा कि मोदी सरकार पर निशाना लगाया है। बयान में आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि लोगों पर ई-20 पेट्रोल थोपने के लिए ऑटो कंपनियों से मोदी ने झूठ बुलवाया है। केजरीवाल ने आरोप लगाए कि मारुति सुजुकी, टोयोटा किर्लोस्कर और हीरो मोटोकॉर्प ने झूठ बोला कि ई-10 वाहन में ई-20 के इस्तेमाल से नुकसान नहीं होगा। जबकि इनके सहित अन्य कंपनियों ने ओनर मैनुअल में माना कि 10 फीसद से ज्यादा एथेनॉल इस्तेमाल नहीं करना है, फिर भी दिक्कत आए तो इसे भी न करें। उन्होंने कहा कि मैं सभी ऑटो कंपनियों को चिट्ठी लिखूंगा कि ई-20 से गाड़ी की माइलेज गिरने या पार्ट्स खराब पर होने की भरपाई करेंगी। वहीं अगले हफ्ते पीएम को भी चिट्ठी लिखूंगा कि अगर किसी गाड़ी में कोई दिक्कत आती है तो उसका हर्जाना सरकार देगी या कंपनी। मोदी सरकार आधा सच बोल रही कि एथेनॉल युक्त पेट्रोल का इस्तेमाल केवल भारत में ही नहीं, कई देशों में हो रहा है।

'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत लगाएंगे पौधे

# अमित शाह ने 70 लाख पौधारोपण अभियान का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत मिशन 70 लाख पौधारोपण अभियान का शुभारंभ और दिल्ली सरकार के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने दिल्ली में हाई-सिक्योरिटी जेल, नरेला का शिलान्यास, स्वचालित वाहन परीक्षण केंद्र का लोकार्पण, तीन नए डिपो का उद्घाटन और 300 इलेक्ट्रिक बसों का शुभारंभ किया और केन्द्रीय रिज एवं नानकपुरा रिज में वृक्षारोपण कर दिल्ली रिज के पुनर्जीवन अभियान की भी शुरुआत की। इस अवसर पर केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव, दिल्ली के उप-राज्यपाल तरणजीत सिंह संधु, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, डॉ. पंकज कुमार सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यमुना नदी के शुद्धिकरण के लिए जो लक्ष्य दिया है, उसे पूरा करने के लिए हम तेजी से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की डेयरियों का गोबर अब सीधे यमुना नदी में नहीं जाएगा। गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हम जल्दी ही राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के साथ समझौता करके यह व्यवस्था करेंगे कि एक किलो गोबर भी यमुना में न जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली की पिछली सरकार ने प्रतिदिन 1,500 मीट्रिक टन गोबर यमुना नदी में डालने का काम किया था। अब मोदी सरकार और दिल्ली सरकार के बीच समझौते के तहत इस गोबर को प्रोसेस करके गैस और प्राकृतिक खाद बनाया जाएगा, जो यमुना नदी के शुद्धिकरण में बहुत बड़ा योगदान होगा। शाह ने कहा कि बीते एक वर्ष में 129 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट चालू हो चुके हैं और आने वाले समय में 59 और प्लांट लगाए जाएंगे। ये प्लांट यमुना में शुद्ध किया हुआ जल पहुंचाएंगे। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि इन प्लांटों से निकलने वाले पानी की गुणवत्ता सभी निर्धारित मानकों पर खरी उतरे।

इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को मजबूत आधारभूत संरचना उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज नरेला सेक्टर ए-1 एवं ए-4, रिठाला और कोहाट एन्क्लेव में निर्मित अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बस डिपो का भी उद्घाटन किया गया। नरेला सेक्टर ए-1 और ए-4 इलेक्ट्रिक बस डिपो में 250 देवी इलेक्ट्रिक बसों की पार्किंग क्षमता उपलब्ध है। डिपो में आधुनिक पार्किंग बे, आंतरिक सड़कें, परिचालन एवं रखरखाव संबंधी विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की गई हैं, जिससे दिल्ली की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को और अधिक मजबूती मिलेगी। इसी प्रकार कोहाट एन्क्लेव इलेक्ट्रिक बस डिपो में 30 इलेक्ट्रिक बसों की पार्किंग क्षमता के साथ प्रशासनिक भवन, सर्विस पिट, रिपेयर शॉप, वॉशिंग पिट, स्टोर, सुरक्षा कक्ष और विद्युत उपकेंद्र जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। यह डिपो विशेष रूप से फीडर एवं लास्ट माइल कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा। रिठाला इलेक्ट्रिक बस डिपो में 90 इलेक्ट्रिक बसों की पार्किंग क्षमता उपलब्ध है। आधुनिक रखरखाव सुविधाओं से सुसज्जित यह डिपो दिल्ली में इलेक्ट्रिक बस संचालन की दक्षता और विश्वसनीयता को नई मजबूती प्रदान करेगा।

इस अवसर पर सड़क सुरक्षा को वैज्ञानिक एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में नंद नगरी डीटीसी डिपो में विकसित अत्याधुनिक चार लेन ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन का भी लोकार्पण किया गया। इस केंद्र में भारी, हल्के एवं दोपहिया वाहनों की पूर्णतः स्वचालित फिटनेस जांच की जाएगी। यहां प्रतिवर्ष 52 हजार भारी एवं हल्के वाहन और 20 हजार दोपहिया वाहनों की फिटनेस जांच की क्षमता विकसित की गई है। इस केंद्र में ब्रेक, सस्पेंशन, हेडलाइट अलाइनमेंट, साइड स्लिप, उत्सर्जन स्तर और अंडरबॉडी निरीक्षण जैसी सभी जांचें आधुनिक तकनीक से बिना मानवीय हस्तक्षेप के की जाएंगी। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी, सड़क सुरक्षा मजबूत होगी और डीटीसी को प्रतिवर्ष नॉन फेयर रेवन्यू भी प्राप्त होगा।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नरेला स्थित अत्याधुनिक हाई सिक्योरिटी जेल का भी ई-शिलान्यास किया गया। यह परियोजना देश की सबसे आधुनिक एवं प्रौद्योगिकी आधारित उच्च सुरक्षा जेलों में शामिल होगी, जो राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी। इस परियोजना के लिए 100 करोड़ रुपये का वित्तपोषण भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा और शेष राशि दिल्ली सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। इस परिसर में विशेष रूप से 250 से अधिक कैदियों को रखा जा सकेगा। यह हाई सिक्योरिटी जेल पारंपरिक जेल व्यवस्था से अलग, अत्याधुनिक तकनीक और वैश्विक सुरक्षा मानकों पर आधारित होगा। इसका रेडियल-एक्सियल डिजाइन एक सेंट्रल कंट्रोल पॉइंट से प्रत्येक विंग की निगरानी सुनिश्चित करेगा, जबकि प्रत्येक कैदी के लिए अलग-अलग सेल की व्यवस्था होगी, जिससे किसी भी प्रकार के आपसी संपर्क, गैंग नेटवर्किंग या सुरक्षा जोखिम की संभावना न्यूनतम रहेगी।

सरकार ने बताया कि नरेला जेल में एआई आधारित सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, बॉडी-वॉर्न कैमरे, बायोमेट्रिक एक्सेस कंट्रोल, ऑटोमेटेड लॉकिंग सिस्टम, फुल बॉडी स्कैनर, एक्स-रे बैगेज स्कैनर, मोबाइल सिग्नल जैमर, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा, इन-हाउस कोर्ट कॉम्प्लेक्स, एंटी-टनलिंग तकनीक और अत्याधुनिक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। प्रत्येक सेल में शौचालय एवं स्नानघर जैसी स्वतंत्र सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे कैदियों की अनावश्यक आवाजाही को रोका जा सकेगा। यह परियोजना सुरक्षा, निगरानी, त्वरित प्रतिक्रिया और तकनीक आधारित जेल प्रबंधन का नया मानक स्थापित करेगी।

दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत आयोजित इको-रिस्टोरेशन मेगा प्लांटेशन ड्राइव तथा विभिन्न आधारभूत संरचना परियोजनाओं के शुभारंभ के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दिल्ली सरकार की पहलों की सराहना किए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया। सूद ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था और हरित क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए निर्णायक कदमों की प्रशंसा से राजधानी के विकास को नई गति मिलेगी तथा वर्षों से लंबित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को पूरा करने में सहायता मिलेगी।

### वर्ष 2029 तक करीब 14 हजार बसों का आधुनिक बेड़ा होगा तैयारः मुख्यमंत्री

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा मंगलवार को दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में शामिल 300 नई जीरो एमिशन इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए जाने के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि आज जिन बसों को बेड़े में शामिल किया गया है, वे लो-फ्लोर, एसी बसें यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और दिव्यांगजन-अनुकूल यात्रा उपलब्ध कराएंगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बस में सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन, रियल-टाइम जीपीएस ट्रैकिंग, पैसेंजर इन्फॉर्मेशन सिस्टम तथा अन्य आधुनिक सुरक्षा एवं स्मार्ट सुविधाएं उपलब्ध हैं। शून्य टेलपाइप उत्सर्जन वाली ये बसें दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार लाने, कार्बन उत्सर्जन कम करने और नागरिकों को शांत, आरामदायक और पर्यावरण-अनुकूल यात्रा अनुभव प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

### पर्यावरणीय यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है अभियानः संधू

इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने बताया कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान दिल्ली की पर्यावरणीय यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इसके तहत भारत के सबसे बड़े शहरी पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन कार्यक्रम की शुरुआत हुई है, जिसका उद्देश्य 6,300 हेक्टेयर से अधिक क्षतिग्रस्त रिज वन क्षेत्र का पुनर्जीवन करते हुए बड़ी संख्या में देशी पौधे लगाना है। केंद्रीय गृह मंत्री ने स्वच्छ सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ करने के लिए नई इलेक्ट्रिक बसों को भी हरी झंडी दिखाई। उपराज्यपाल संधू ने कहा कि ये सभी परिवर्तनकारी पहलें दिल्ली के प्रति केंद्र सरकार की अटूट प्रतिबद्धता और स्वच्छ, हरित तथा जलवायु-लचीली राष्ट्रीय राजधानी के निर्माण के हमारे दूरदर्शी संकल्प को दर्शाती हैं। ये प्रयास 'विकसितभारत 2047' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

### डीडीए ने मेगा पौधारोपण कार्यक्रम का किया आयोजन

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दिल्ली में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के मेगा पौधारोपण कार्यक्रम के तहत बरगद का पौधा लगाया। शाह ने केन्द्रीय रिज एवं नानकपुरा रिज में वृक्षारोपण करते हुए दिल्ली रिज के पुनर्जीवन अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर गृह मंत्री शाह ने लोगों से अपील की कि वे भी अपनी माँ के नाम और पृथ्वी माँ के लिए पेड़ अवश्य लगाएं। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि वर्षों से दिल्ली रिज में पर्यावरण के अनुकूल नहीं होने वाले विदेशी और जहरीले बबूल जैसे वृक्षों ने जगह बना ली थी, अब इन्हें हटाकर देशी प्रजातियों के वृक्ष लगाए जाएंगे। वर्ष 1994 में अधिसूचित दिल्ली रिज की अंतिम अधिसूचना 30 वर्षों तक लंबित थी, दिल्ली सरकार ने 5,000 हेक्टेयर रिज क्षेत्र को वन क्षेत्र घोषित कर कानूनी संरक्षण देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के रिज को अगले तीन वर्षों में पीपल, बरगद, नीम, अर्जुन, जामुन जैसे 100 वर्ष से अधिक आयु वाले देशी वृक्ष लगाकर, इसे दिल्ली का फेफड़ा बनाया जाएगा।

### भारद्वाज ने गृहमंत्री के दावों को नकारा, 129 एसटीपी चालू करने का दावे को बताया गलत

केंद्रीय मंत्री अमित शाह का दिल्ली में एक साल में 129 एसटीपी चालू करने के दावों को आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सिरे से नकार दिया है। भारद्वाज ने कहा कि केंद्रीय मंत्री शाह ने 129 एसटीपी चालू करने का दावा किया है वह पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी तब भी कुल 37 एसटीपी थे और आज भी 37 एसटीपी ही हैं। एक साथ 129 एसटीपी चालू करना संभव ही नहीं है और मौजूदा मंत्री के लिए तो बिल्कुल भी नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा की मुख्यमंत्री और मंत्री तो गलत जानकारी देते ही हैं, मगर अमित शाह भी गलत जानकारी दे रहे है।

## निगमायुक्त ने कई क्षेत्रों का किया निरीक्षण, दिए स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के तत्काल निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के निगमायुक्त संजीव खिरवार ने मंगलवार को दक्षिणी दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण किया और स्वच्छता व्यवस्था, नागरिक अवसंरचना तथा चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कटवारिया सराय स्थित ढलाव, बेर सराय, डियर पार्क स्थित ढलाव तथा एकता कैंप में निर्माणाधीन कन्वीनियंस सेंटर आदि का जायजा लिया। इस अवसर पर आयुक्त के साथ प्रमुख अभियंता पी.सी. मीणा, उपायुक्त (दक्षिण जोन) राकेश कुमार, निगम के वरिष्ठ अधिकारी, स्वच्छता विभाग के अधिकारी तथा जोन की टीमें आदि उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता व्यवस्था का जायजा किया तथा अधिकारियों को तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता कर्मियों एवं अधिकारियों को संबंधित क्षेत्रों में विशेष गहन सफाई अभियान चलाकर नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही क्षेत्रीय टीमों को आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए नियमित सफाई तथा समयबद्ध कूड़ा उठाने के निर्देश दिए, ताकि स्वच्छता के उच्च मानकों को बनाए रखा जा सके। आयुक्त ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कटवारिया सराय ढलाव एवं डियर पार्क ढलाव पर दो-दो एफसीटीएस स्थापित करने के निर्देश दिए, जिससे कचरा संग्रहण एवं निस्तारण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुचारू बनाया जा सके। मानसून के चलते उन्होंने अभियंत्रण एवं स्वच्छता विभाग की टीमों को निर्देश दिए कि समयबद्ध सिल्ट निकली जाये, ताकि वर्षा जल की निर्बाध निकासी हो तथा जलभराव की स्थिति को रोका जाए। खिरवार को एकता कैंप में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आयुक्त खिरवार को बताया कि यह निर्माणाधीन कन्वीनियंस सेंटर लगभग 150 वर्ग गज में निर्मित किया जा रहा है। इसमें शौचालय, स्नानघर तथा कपड़े धोने की सुविधा (लॉन्ड्री स्टेशन) जैसी आवश्यक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे स्थानीय निवासियों एवं प्रतिदिन क्षेत्र का उपयोग करने वाले लोगों को व्यापक सुविधा प्राप्त होगी। आयुक्त खिरवार ने निगम की प्राथमिकता में स्वच्छता व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाना, नालों को अपराध मुक्त रखना, नागरिकों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना बताया है।

## महापौर ने किया ढलाव घर को परिवर्तित कर बनाए आर आर आर केंद्र एवं सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने दिल्ली विश्वविद्यालय में एक ढलाव घर को परिवर्तित कर बनाए गए रिड्यूस, रीयूज एवं रीसायकल (आर आर आर) केंद्र एवं सेल्फी प्वाइंट का मंगलवार को उद्घाटन किया। इस अवसर पर महापौर वाही ने अपने संदेश में कहा कि कचरे को स्त्रोत पर पृथक करके सभी नागरिक कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने में अपना बहुमूल्य योगदान दे सकते है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प दिल्ली को बेहतर एवं स्वच्छ शहर बनाने का है, जिस पर प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस आर आर आर केंद्र एवं सेल्फी प्वाइंट का रूपांतरण दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस कॉलेज की सहायता से किया गया है। इस अवसर पर महापौर वाही के अलावा निगम पार्षद इंद्रजीत सहरावत, सिविल लाइंस क्षेत्र के उपायुक्त शशि प्रताप सिंह, मिरांडा हाउस कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ विजयलक्ष्मी नंदा एवं निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। जानकारी अनुसार महापौर वाही ने बताया कि मिरांडा हाउस कॉलेज में कागज का पुनः चक्रण कर इस्तेमाल किया जा रहा है। इस मॉडल को हम पूरी दिल्ली में लागू कर सकते हैं। सिविल लाइंस क्षेत्र में बनाया गया यह आर आर आर केंद्र बेकार चीज़ों के दोबारा इस्तेमाल के जरिए कचरे को सार्वजनिक संपत्ति के रूप में परिवर्तित करने की अवधारणा पर कार्य करता है। इस केंद्र के निर्माण में 45 बेकार टायर एवं 3000 से अधिक पुरानी ईंटों का इस्तेमाल किया गया है। महापौर वाही ने कहा कि यह आर आर आर केंद्र एक सामुदायिक एकत्रण केंद्र के रूप में कार्य करेगा जहां लोग पुराने कपड़े,खिलौने और ई वेस्ट दान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इससे चीजों को पुनः चक्रण के बाद इस्तेमाल में लाया जा सकेगा। महापौर ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा संकल्पित स्वच्छ एवं हरित दिल्ली के लक्ष्य को पूरा करने के लिए निगम प्रतिबद्ध हैं।

### एनडीएमसी ने 34 स्थानों पर पौधारोपण कर दिल्ली को और हरा-भरा बनाने को किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने मंगलवार को अपने क्षेत्र के 34 विभिन्न स्थलों पर 'व्यापक पौधारोपण अभियान–2026' का आयोजन किया गया। इस पौधारोपण अभियान के अंतर्गत एनडीएमसी ने अपने क्षेत्रों में देशी एवं सजावटी प्रजातियों के 612 से अधिक वृक्षों तथा 50 हजार 200 झाड़ियों का रोपण कर दिल्ली को और हरा-भरा बनाने का प्रयास किया। इस पौधारोपण अभियान के तहत देशी वृक्ष प्रजातियों जैसे पीपल, नीम, जामुन, इमली, चंपा, अशोक, गुलमोहर एवं अमलतास के साथ-साथ जैव विविधता को समृद्ध करने वाली एवं सजावटी झाड़ियों जैसे हामेलिया, जस्टिसिया, कैना, लिली, मुराया सहित अनेक अन्य प्रजातियों का रोपण किया गया। यह अभियान केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा शुभारंभ किए गए शहरव्यापी पौधारोपण अभियान का ही हिस्सा है। इस पौधरोपण अभियान का नेतृत्व करते दिल्ली के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने इंडिया गेट स्थित चिल्ड्रन पार्क में पौधारोपण किया। नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज ने लक्ष्मीबाई नगर स्थित संजय झील पार्क में पौधा लगाया। वहीं एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने नेहरू पार्क तथा उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने लोधी गार्डन में पौधारोपण अभियान का नेतृत्व किया। एनडीएमसी सदस्य अनिल वाल्मीकि ने तालकटोरा गार्डन, सदस्य डी.पी. सिंह ने सेंट्रल पार्क, कनॉट प्लेस तथा अन्य सदस्य सरिता तोमर ने वीर सावरकर पार्क, लोधी रोड में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति परिषद की सामूहिक प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों, मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशनों, शैक्षणिक संस्थानों, नागरिक समाज संगठनों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वर्तमान में एनडीएमसी लगभग 1 हजार 450 एकड़ हरित क्षेत्र का रखरखाव कर रही है, जिसमें 6 प्रतिष्ठित पार्क, 122 कॉलोनी पार्क, सीपीडब्ल्यूडी द्वारा अनुरक्षित 981 पार्क, 52 विद्यालयों के हरित क्षेत्र, 51 गोलचक्कर, 14 मार्केट गार्डन तथा लगभग 15 हजार सड़क किनारे लगे वृक्ष शामिल हैं। यद्यपि एनडीएमसी का क्षेत्रफल दिल्ली के कुल भौगोलिक क्षेत्र का केवल लगभग 3 प्रतिशत है, फिर भी यह राष्ट्रीय राजधानी के कुल हरित आवरण का लगभग 55 प्रतिशत योगदान देता है, जिससे एनडीएमसी भारत की सबसे हरित शहरी स्थानीय निकायों में से एक है।

## दिनभर रह रहकर होती रही बारिश, नजफ़गढ़ में सबसे ज्यादा 84 मिमी बरसा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



मानसून आगमन एक जुलाई से दिल्ली में लगातार बारिश दर्ज हो रही है। लेकिन मंगलवार को इस सीजन में सबसे अधिक सुबह से लेकर देर रात तक रह रहकर बारिश होती रही। भारी बारिश के चलते जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली वहीं यातायात जाम में फंसने से परेशानी भी झेलनी पड़ी। यमुनापार में बरसात के बाद पटपड़गंज रोड स्थित पांडव नगर अंडरपास में जलभराव होने से वाहनों की गति थम सी गई। हांलाकि अभी जलभराव के लिए बदनाम मिंटो ब्रिज, पुल प्रहलाद व अन्य जगहों से ऐसी खबरें नहीं आई है। मौसम विभाग के अनुसार बाहरी दिल्ली के नजफ़गढ़ में सबसे ज्यादा 84 मिमी बारिश दर्ज की गई। जबकि दूसरे नंबर रिज एरिया में एरिया 50.1 मिमी पानी बरसा। सुबह से ही अधिकांश जगह हुई बारिश के चलते जलभराव होने से सड़कों पर यातायात प्रभावित हुआ। जबकि तेज हवाएं चलने से कई जगह पेड़ गिरने की भी खबरें आई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में सुबह 8.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक सफदरजंग वैधशाला ने 11.9 मिमी बारिश दर्ज की है। जबकि पालम में 15.4 मिमी, लोधी रोड 13.2 मिमी, रिज आयानगर 32.6 मिमी, राजघाट 14.6 मिमी, पूसा 41.5 मिमी, नजफ़गढ़ 84.0 मिमी और मयूर विहार 19.0 मिमी बारिश दर्ज हुई। आईएमडी ने पहले ही बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया था। इस सीजन की पहली झमाझम व निरंतर घंटों रह रहकर होती रही बारिश से कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली। हालांकि, लगातार बारिश और तेज हवाओं के कारण कई जगहों पर पेड़ उखड़ने, जाम लगने और जलभराव की समस्या का भी लोगों को सामना करना पड़ा। आईएमडी ने अगले दो दिनों के लिए मौसम की चेतावनी में येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने अनुमान में कहा है कि बुधवार व गुरुवार को भी राजधानी दिल्ली सहित एनसीआर में ऐसे ही बारिश देखने को मिलेगी। बता दें एक जुलाई से दिल्ली में आए मानसून के बाद से रोजाना बारिश देखने को मिल रही है। लेकिन एक दिन छोड़ दें तो इस मानसून में हुई यह पहली बारिश है जो घंटो रह रहकर होती रही। अगर मौसम विभाग का आकलन सही साबित हुआ तो आने वाले 48 घंटे राजधानी में बारिश होगी जिससे हालात खराब हो सकते है।

### दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग का सीएम ने किया पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- ओम प्रकाश व्यास बने आयोग के नए अध्यक्ष
- चार सदस्यों की भी हुई नियुक्ति 3 वर्ष के लिए प्रभावी होगा कार्यकाल

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर दिल्ली सरकार ने लगभग तीन वर्षों से रिक्त दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) का पुनर्गठन करते हुए बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके हितों के संरक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के माध्यम से डीसीपीसीआर का पुनर्गठन करते हुए आयोग में एक अध्यक्ष और चार सदस्यों की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्तियां बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005, दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग नियम, 2008 और भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी संबंधित अधिसूचना के तहत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए की गई हैं।

अधिसूचना के अनुसार ओम प्रकाश व्यास को दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही राहुल गौतम, कुंदन कंसकार, स्वाति गुप्ता और मोनिका शर्मा को आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है। सभी नियुक्तियां संबंधित व्यक्तियों द्वारा पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होंगी। प्रत्येक नियुक्त व्यक्ति का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। हालांकि यदि इससे पहले निर्धारित आयु सीमा पूरी हो जाती है तो कार्यकाल उसी दिन समाप्त हो जाएगा। आयोग के अध्यक्ष के लिए अधिकतम आयु 65 वर्ष और सदस्यों के लिए 60 वर्ष निर्धारित की गई है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हर बच्चा सुरक्षित, सम्मानजनक और अवसरों से भरपूर बचपन का हकदार है। दिल्ली सरकार बच्चों के अधिकारों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग का मजबूत और सक्रिय होना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें विश्वास है कि आयोग का नया नेतृत्व पूरी संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए बच्चों के अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। हमारी सरकार प्रत्येक बच्चे के हितों की रक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध रहेगी।

## खबर संक्षेप

### वैष्णव सभा के जिलाध्यक्ष चुने गए अशोक




**फरीदाबाद।** छतरी वाले मंदिर बल्लबगढ़ में वैष्णव सभा की मीटिंग में फरीदाबाद शहर और गांव से बड़ी संख्या में वैष्णव बंधु में शामिल हुए और सर्वसम्मति से अशोक वैष्णव को वैष्णव सभा का जिला अध्यक्ष चुना गया और रविंद्र वैष्णव को महासचिव, अजय वैष्णव तिलपत को कोषाध्यक्ष चुना गया। रमेश वैष्णव समयपुर को महासचिव व अनिल वैष्णव को सचिव नियुक्त किया गया।

### विडडी के गांव में त्यागी का भव्य अभिनन्दन



**गाजियाबाद ।** राष्ट्रीय लोकदल के सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी के आवास पर राष्ट्रीय लोकदल के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद केसी त्यागी के सम्मान में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केसी त्यागी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों, मजदूरों , ग्रामीण भारत की आवाज़ को राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में स्थापित किया।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से मौत



**गुरुग्राम ।** आईएमटी मानेसर क्षेत्र में बाइक की टक्कर से मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार राजकुमार चौधरी भाई के साथ रहकर यहां मजदूरी करता था। 5 जुलाई को भाई अनंत कुमार को सूचना मिली कि राजकुमार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया है।

### नौकरी का झांसा देकर ठगी, गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को उसके दिल्ली स्थित निवास स्थान से 6 जुलाई को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान प्रतीक कुमार निवासी राजनगर पार्ट 1 पालम कॉलोनी दिल्ली के रूप में हुई है। जिसको अदालत में पेश कर पांच दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### वाहन चोर गिरफ्तार बाइक बरामद



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके चलते अपराध शाखा एवीटीएस ने 6 जुलाई को वाहन चोर को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। जिसकी पहचान आर्यन निवासी गांव मुजेडी फरीदाबाद के रूप में हुई है। माननीय अदालत में पेश कर आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### 340 ग्राम गांजा बरामद, एक गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एवीटीएस ने अवैध नशा पर कार्रवाई करते हुए 6 जून को 340 ग्राम गांजा सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान चंदन वासी ग्रीन फील्ड कॉलोनी फरीदाबाद के रुप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 6 जुलाई को अपराध शाखा एवीटीएस की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्रीन फील्ड कॉलोनी क्षेत्र में अवैध नशा लिए हुए हैं।

---

**जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए विभिन्न विभागों की टीम मुस्तैद**

# बारिश के मौसम में सभी विभाग अलर्ट, संवेदनशील स्थानों पर तैनात किए गए पंपिंग संसाधन, प्रतिदिन प्रस्तुत होगी रिपोर्ट

उपायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देश पर शहर के सभी जलभराव संभावित क्षेत्रों, प्रमुख चौकों, मुख्य मार्गों, अंडरपास एवं संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी की जा रही है तथा किसी भी स्थिति में वर्षा जल का ठहराव नहीं होने दिया जाए। उनके निर्देशों के अनुपालन में विभिन्न स्थानों पर वाटर पंपिंग टैंकर, हाई कैपेसिटी पंप, पंपिंग सेट एवं अन्य आवश्यक उपकरण पहले से ही तैनात कर दिए गए हैं...

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जिले में मानसून के दौरान संभावित जलभराव की स्थिति पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रखा है। उपायुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट आयुष सिन्हा के निर्देशानुसार नगर निगम फरीदाबाद, फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त रूप से जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा



है। उपायुक्त आयुष सिन्हा ने निर्देश दिए हैं कि शहर के सभी जलभराव संभावित क्षेत्रों, प्रमुख चौकों, मुख्य मार्गों, अंडरपास एवं संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा किसी भी स्थिति में वर्षा जल का ठहराव नहीं होने दिया जाए। उनके निर्देशों के अनुपालन में विभिन्न स्थानों पर वाटर पंपिंग टैंकर, हाई कैपेसिटी पंप, पंपिंग सेट एवं अन्य आवश्यक उपकरण पहले से ही तैनात कर दिए गए हैं, ताकि वर्षा के दौरान जल निकासी का कार्य बिना किसी विलंब के किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा जहां भी जलभराव अथवा जल निकासी में बाधा की सूचना प्राप्त होए वहां संबंधित टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करे।

#### 24 घंटे मॉनिटरिंग के लिए विशेष व्यवस्था लागू

उपायुक्त के निर्देशानुसार जिले में विशेष निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत विभिन्न क्षेत्रों के लिए हरियाणा सिविल सेवा स्तर के अफसरों की ड्यूटी निर्धारित की गई है, जो अपने-अपने क्षेत्रों में 24 घंटे निगरानी रखेंगे। अधिकारी प्रतिदिन निर्धारित प्रारूप में अपने क्षेत्र की स्थिति, जल निकासी कार्यों की प्रगति एवं कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। अधिकारियों के साथ विभागों के कार्यकारी अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता भी तैनात किए गए हैं, ताकि किसी भी स्था न पर जलभराव अथवा जल निकासी संबंधी समस्या की सूचना मिलते ही समन्वित एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

---

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई हाई पॉवर परचेज कमेटी की बैठक**

# फरीदाबाद में 6 माइक्रो सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट सहित महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मिली मंजूरी

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने फरीदाबाद को मिली महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में फरीदाबाद निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में सोमवार देर सायं हरियाणा निवासए चंडीगढ़ में आयोजित हाई पॉवर परचेज कमेटी एवं हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल सम्मिलित हुए। बैठक में प्रदेशभर के विकास कार्यों, आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने वाली परियोजनाओं तथा विभिन्न विभागों से संबंधित खरीद प्रस्तावों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के 340 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के विकास एवं खरीद प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही प्रभावी नेगोसिएशन के माध्यम से लगभग 15.11 करोड़ रुपए की बचत सुनिश्चित कर जनधन के पारदर्शी एवं जिम्मेदार उपयोग का उदाहरण भी प्रस्तुत किया गया।

बैठक के उपरांत कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने फरीदाबाद को मिली महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

**कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने मुख्यमंत्री का जताया आभार**




#### उपचारित जल का उपयोग ग्रीन बेल्ट व पार्कों के

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि बैठक में फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण के अंतर्गत सेक्टर-9 से 37 के ग्रीन बेल्ट तथा पार्कों के लिए छह माइक्रो सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने, उनसे संबंधित आधारभूत ढांचे के निर्माण, आवश्यक उपकरणों की स्थापना तथा उनके संचालन एवं रखरखाव से जुड़े कार्यों को मंजूरी प्रदान की गई है।

उन्होंने कहा कि यह परियोजना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। इन माइक्रो सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों से उपचारित जल का उपयोग ग्रीन बेल्ट,पार्कों के रखरखाव में किया जाएगा, जिससे जल का संरक्षण होगा, हरित क्षेत्रों का विस्तार होगा और स्वच्छ एवं टिकाऊ शहरी विकास को मजबूती मिलेगी।

#### नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण शहरी सुविधाओं मिलेगा लाभ

उन्होंने कहा कि तेजी से विकसित हो रहे फरीदाबाद को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में शहर के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने तथा जनसुविधाओं का विस्तार करने के लिए निरंतर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से फरीदाबाद की स्वच्छता व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा नागरिकों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शहरी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। विपुल गोयल ने कहा कि बैठक में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम तथा उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के लिए विद्युत अवसंरचना को सुदृढ़ करने से जुड़े विभिन्न उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी गई।

---

**नगर निगम का महासफाई अभियान**

## प्रत्येक वार्ड में नियमित रूप से सफाई कार्य करवाने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खडग़टा के दिशा-निर्देशों पर आज शहर में अलग-अलग स्थानों पर महा सफाई अभियान की शुरुआत की गई। अभियान का उद्देश्य शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना तथा नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भी समय समय पर प्रदेश को स्वच्छ बनाने के लिए अभियान चलाए जाते हैं।

#### कचरा जमा न होने दिया जाए

नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान प्रत्येक वार्ड में नियमित रूप से सफाई कार्य सुनिश्चित किया जाए तथा कहीं भी कचरा जमा न होने दिया जाए। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे शहर को स्वच्छ बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें, कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालें तथा स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

#### वार्ड-39 सहित बल्लभगढ़ में चला विशेष अभियान

ओल्ड जॉन के जॉइंट कमिश्नर राजेश कुमार के मार्गदर्शन में कार्यकारी अभियंता संजीव कुमार की देखरेख में वार्ड-39, सेक्टर-8 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान सडक़ों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों की व्यापक सफाई कराई गई। साथ ही डिवाइडरों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य भी शुरू कराया गया, ताकि क्षेत्र की सुंदरता और यातायात व्यवस्था बेहतर हो सके।

---

**8 गोल चक्करों का ग्रीनलैंड थीम पर**

## 6 महीने के भीतर जीडीए बदल देगा चौराहों का लुक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद को स्मार्ट लुक देने के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण गंभीर प्रयास कर रहा है। इसी को लेकर जीडीए बहुत जल्द शहर के प्रमुख गोल चक्करों का लुक बदल बदल देगा। इसके लिए जीडीए शहर के आठ प्रमुख गोल चक्करों का पुनर्विकास कर रहा है। निर्माण कार्य तेज से चल रहा है। जीडीए अधिकारियों का कहना है कि आगामी छह महीनों के अंदर निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। जिसके बाद चौराहों का लुक बदल जाएगा, साथ ही ट्रैफिक प्रबंधन में भी सुधार होगा। जीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि इसके लिए जीडीए में शहर के आठ प्रमुख गोल चक्करों का पुनर्विकास करा रहा है। जिसका कार्य तेजी से चल रहा है।

गोल चक्करों का ग्रीनलैंड थीम पर सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। जिससे शहर की सुंदरता और ट्रैफिक प्रबंधन दोनों में सुधार होगा। उनका कहना है कि प्रथम चरण में 5 गोल चक्करों का पुनर्विकास किया जा रहा है। इनमें डीपीएस चौराहे से लीलावती चौराहों का सौन्दर्यीकरण एवं इनके मध्य स्थित लगभग 800 मी. मार्ग को ''मॉडल रोड'' के रूप में विकसित करने के साथ ही हापुड़ चुंगी से डायमंड कट तक फ्लाईओवर का निर्माण आदि शामिल है।

---

**स्ट्रीट वेंडर्स अधिनियम को लागू करने की मांग**

## वेंडर को हटाने धारा 18 के अनुसार कम से कम 30 दिन पहले सूचना दी जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

आज रैफर मुक्त संघर्ष समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज सैक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय में जिला उपायुक्त आयुष सिन्हा से मुलाकात की। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने स्ट्रीट वेंडर्स अधिनियम, 2014 को नगर निगम क्षेत्र में प्रभावी रूप से लागू करने की मांग को एक ज्ञापन भी उपायुक्त आयुष सिन्हा को सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में संयोजक सतीश चोपड़ा के अलावा सरदार प्रीतपाल सिंह, अवधेश ओझा, प्रदीप कुमार और पंकज शर्मा शामिल रहे।सतीश चोपड़ा ने उपायुक्त को अवगत कराया कि स्ट्रीट वेंडर्स अधिनियम 1 मई 2014 से पूरे देश में लागू है, जिसका मुख्य उद्देश्य शहरी पथ विक्रेताओं की आजीविका की रक्षा करना और वेंडिंग को विनियमित करना है, लेकिन



फरीदाबाद में अभी तक अधिनियम के मुख्य प्रावधानों पर काम अधूरा है। शहर के सभी वार्डों मौजूदा वेंडरों का शीघ्र सर्वे या पुनः सर्वेक्षण कराया जाए। अधिनियम की धारा 3 के तहत हर 5 वर्ष में सर्वे अद्यतन होना अनिवार्य है।

#### नो-वेंडिंग जोन का नक्शा बनाकर सार्वजनिक हो

सभी सर्वेक्षित वेंडरों को 2 माह के भीतर वेंडिंग प्रमाण पत्र व पहचान पत्र जारी किए जाएं। टाउन वेंडिंग कमेटी में 40 प्रतिशत वेंडर प्रतिनिधि शामिल किए जाएं, जिनमें 33 प्रतिशत महिला वेंडर हों। वेंडिंग जोन प्रतिबंधित जोन व नो-वेंडिंग जोन का नक्शा बनाकर सार्वजनिक किया जाए। वेंडिंग प्रमाण पत्र जारी होने तक किसी भी वेंडर को न हटाया जाए। यदि हटाना पड़े तो धारा 18 के अनुसार 30 दिन की पूर्व सूचना दी जाए।

---

**ट्रांसपोर्ट एसो. के साथ बैठक में चर्चा**

## शहर की यातायात व्यवस्था के बीच बेहतर समन्वय पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

पुलिस उपायुक्त यातायात जयबीर सिंह द्वारा ऑल फरीदाबाद ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य परिवहन व्यवसाय से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करना तथा यातायात व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाना रहा। बैठक में एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने परिवहन व्यवसाय से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों को पुलिस उपायुक्त यातायात के समक्ष रखा। इस दौरान नो-एंट्री टाइमिंग, बीएस-3 वाहनों से संबंधित दिशा-निर्देश, औद्योगिक क्षेत्रों में माल के आवागमन, पार्किंग व्यवस्था तथा ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। पुलिस उपायुक्त यातायात जयबीर सिंह ने रखे गए बिंदुओं को सुनकर कहा कि फरीदाबाद राज्य की प्रमुख औद्योगिक नगरी है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में मालवाहक वाहन औद्योगिक इकाइयों के मध्य माल के परिवहन का कार्य होता है। ऐसे में उद्योगों की आवश्यकताओं तथा यातायात व्यवस्था के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

### खाता उपलब्ध करवाने वाले 2 गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने ट्रेडिंग के नाम पर 511000 रुपए की ठगी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए शुभम तोमर व रवि कुमार गांव धिकाना उप्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

---

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित गुप्ता, पुत्र प्रवीण गुप्ता निवासी झुग्गी एस-228, इंदिरा कैंप-2, सनलाइट कॉलोनी** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 222/2016 भा.द.सं. की धारा 356/379 के तहत, थाना सनलाइट कॉलोनी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित गुप्ता** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 222/2016 भा.द.सं. की धारा 356/379 के तहत, थाना सनलाइट कॉलोनी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रोहित गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **24.09.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
दिव्यम लीला
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
कमरा नं.508, साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली

DP/9222/SE/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ओकपाला जेम्स, पुत्रः ओकपाला बेनिग्नस, निवासी: 132, टॉप फ्लोर, अर्जुन नगर, दिल्ली** ने **FIR No.: 118/2016, Dated 10/07/2016 & U/s: 21 NDPC ACT & 14 Foreigners ACT, पुलिस थाना अपराध शाखा, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **ओकपाला जेम्स** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **ओकपाला जेम्स** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना अपराध शाखा, दिल्ली** के अभियुक्त **ओकपाला जेम्स** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 18.09.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वीरेंद्र सिंह
विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस, केंद्रीय जिला, कमरा नंबर 222,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8934/CRIME/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आनंद, पुत्र राजकुमार निवासी घट्टू का मकान, दूसरा पुस्ता, न्यू उस्मानपुर, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 115/2019, दिनांक 30.05.2019 धारा 25 आर्म्स एक्ट, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **आनंद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **आनंद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 115/2019, दिनांक 30.05.2019 धारा 25 आर्म्स एक्ट, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आनंद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.08.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव गर्ग
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-11
केंद्रीय, कमरा नं. 138, प्रथम तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8925/N/2026

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प रोहतक | झज्जर जिले में राजकीय बहुतकनीकी झज्जर में ईआई, स्ट्रीट लाइट और सीलिंग फैन की विशेष मरम्मत + 1 कार्य। | 06.07.2026 13.07.2026 | 18.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्प्लैक्स की छत की मरम्मत। | बंद होने की तिथि 13.07.2026 | 45.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896320998 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | सदर्न बाईपास हिसार जिला पर डीएवी स्कूल से आरओबी एलसी-4ए के सर्विस रोड तक कनेक्टिविटी का सुधार करने के लिए बालसमंद सब ब्रांच पर आरसीसी पुल का निर्माण। | बंद होने की तिथि 13.07.2026 | 490.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में आंतरिक शहरी भाग रोड (पुराना एनएच-10) निकट चत्तरगढ़ पट्टी फाटक (एलएचएस) पर स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने के लिए एमसी सिरसा द्वारा क्षतिग्रस्त रोड के पुनरोद्धार हेतु डीएनआईटी (जीएसटी के बिना)। | 06.07.2026 13.07.2026 | 20.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 5 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | मिठी सुरेरा :- एडीईएन/एचएमएच के तहत ऐलनाबाद-नोहर सेक्शन (पेयजल हेतु) पर कि.मी. 2.95 से 4.23 पर रेलवे ट्रेक के नीचे गुजरने के लिए 1×500 मिमी डाया डी.आई. के-9 पाइप के लिए प्रस्तावित 1×900 मिमी डाया एम.एस. केसिंग पाइप और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 04.07.2026 10.07.2026 | 37.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 6 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा करबा :- मिनी बाईपास रोड से केलनिया रोड सिरसा पर 1100 मिमी आई/डी आरसीसी क्षतिग्रस्त सीवर लाइन को बदलने (बकाया कार्य) और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य के लिए डीएनआईटी। | 04.07.2026 10.07.2026 | 20.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 7 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | वार्ड नं. 18 और 19 आजाद नगर हिसार टाउन में आईपीएस गंगवा डिस्पोजल, साकेत कॉलोनी डिस्पोजल, नवदीप कॉलोनी डिस्पोजल पर इंजीनियर-इन-चार्ज की संतुष्टि तक सभी प्रकार से पूर्ण ल्यूब्रिकेशन ग्लेन डोरी इत्यादि समेत सबमर्सिबल पम्पस, स्टार्टर, केबल, एनआरवीएस, स्लूइस वॉल्व समेत पम्पिंग मशीनरी के लिए व्यापक रखरखाव हेतु जॉब वर्क + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.07.2026 | 14.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |
| 8 | बी.पी.एस. राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां, सोनीपत | रेस्प. मेडिसिन विभाग के लिए उपकरण मद अर्थात पॉलीसोम्नोग्राफी मशीन की अधिप्राप्ति हेतु ई-निविदा + 14 अन्य कार्य। | 07.07.2026 16.07.2026 | ईएमडी 1.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/160/46946/I/88/7 दि. 07.07.26

## खबर संक्षेप

### रिश्वत लेते चौकी इंचार्ज और सिपाही को पकड़ा



**झांसी।** मंगलवार को एंटी करप्शन टीम ने 10 हजार की रिश्वत लेते हुए बड़ागांव गेट चौकी इंचार्ज ओमकार और सिपाही शशांक को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम की गिरफ्त में आते ही दोनों के होश उड़ गए। दोनों को गिरफ्तार कर सदर थाने लाकर मुकदमा दर्ज कराया गया। किराना कारोबारी संजीव राय के साथ ही उनके पुत्रों पर अप्रैल माह में कोतवाली पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज किया था।

# सीएम योगी के गो संरक्षण अभियान के तहत हर जिले में बनेगा मॉडल विलेज, विशेषज्ञ देंगे तकनीकी सपोर्ट

## बड़े पैमाने पर स्थापित करेगी बायोगैस संयंत्र, आईआईटी दिल्ली का लेगी सहयोग

योगी सरकार आईआईटी दिल्ली के सहयोग से 'गो-संरक्षण अभियान' के तहत यूपी के हर जिले में 'मॉडल विलेज' विकसित कर रही है। झांसी के पलींदा गांव में 18 बायोगैस संयंत्रों के साथ यह परियोजना शुरू हो चुकी है, जिसका लक्ष्य ग्रामीण आत्मनिर्भरता और स्वच्छ ऊर्जा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ के गो संरक्षण अभियान को आईआईटी दिल्ली की टेक्नोलॉजी से नई गति मिलने वाली है। आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर और विशेषज्ञों की टीम यूपी में बड़े पैमाने पर बायोगैस संयंत्र स्थापित करने में तकनीकी सहयोग करेगी। इससे प्रदेश के हर जिले में मॉडल विलेज का सपना साकार होगा। गो सेवा और बायोगैस के जरिए यूपी की तस्वीर पूरी तरह बदलने का योगी सरकार का विजन अब धरातल पर उतर रहा है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर झांसी के ग्राम पलींदा में 18 बायोगैस स्थापित किए गए हैं। इस समूचे गांव को प्राकृतिक कृषि ग्राम बनाया जा रहा है।

**झांसी के ग्राम पलींदा में 18 बायोगैस स्थापित**

**पूरा गांव प्राकृतिक कृषि ग्राम के रूप में विकसित होगा**



**काम को आगे बढ़ा रहे हैं छात्र**

प्रदेश के हर जिले में एक मॉडल विलेज बनाने की दिशा में बड़ी शुरुआत की गई है।आईआईटी दिल्ली के बायोगैस डेवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर के प्रो. वीरेंद्र कुमार विजय के नेतृत्व में छात्रों की टीम यूपी में इस अभियान को आगे बढ़ा रही है। विशेषज्ञ गांवों में बायोगैस प्लांट लगाने, रखरखाव में सहयोग और तकनीकी सपोर्ट देंगे।

### झांसी का पलींदा गांव बनेगा मिसाल

झांसी के ग्राम पलींदा में पहले चरण में 18 बायोगैस प्लांट स्थापित किए गए हैं। योजना है कि यहां हर घर में बायोगैस पहुंच जाए, जिससे पूरा गांव प्राकृतिक कृषि ग्राम के रूप में विकसित होगा। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि बायोगैस संयंत्र होने से गांवों में रासायनिक खादों की जरूरत समाप्त हो जाएगी। किसानों को बेहतरीन ऑर्गेनिक खाद मिलेगी और बाजार में रसायन मुक्त खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। प्रो. वीरेंद्र कुमार विजय के नेतृत्व में आईआईटी दिल्ली की टीम पूरे प्रदेश में इस मॉडल को स्केल-अप करने के लिए काम कर रही है। यह न सिर्फ ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि स्वच्छ गांव, स्वस्थ किसान और आत्मनिर्भर यूपी का नया मॉडल पेश करेगा।

## पेज एक का शेष

### भारत विस्तारवाद...

जानकारी दी है। यहां बता दें कि पीएम मोदी बीते 6 जुलाई से इंडोनेशिया की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। जिसके तहत संसद में दिए संबोधन से पहले उन्होंने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक की। इसी के साथ ही वह भारत के पहले प्रधानमंत्री बन गए हैं। जिन्होंने इंडोनेशिया की संसद को संबोधित किया है। उनके भाषण की शुरुआत में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति और संसद की अध्यक्ष सुश्री पुआन महारानी की विशेष रूप से मौजूदगी रही। प्रधानमंत्री ने उनके स्नेहपूर्ण आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया।

### पीएम को मिला...

भारतीयों का है। मैं इसे भारत और इंडोनेशिया के ऐतिहासिक और आत्मीय संबंधों का सम्मान मानता हूं और इसके लिए राष्ट्रपति प्रबोवो, इंडोनेशिया की सरकार और यहां की आम जनता के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

### ब्रह्मोस लेने वाला...

ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद करने की है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि भारत इंडोनेशिया को संख्या के हिसाब से कुल कितनी ब्रह्मोस मिसाइलें देगा। 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ किए गए ऑपरेशन सिंदूर में भारत की ब्रह्मोस और अस्त्रा मिसाइल ने दुश्मन को चारों खाने चित्त कर दिया था। जिसके बाद इनकी सफलता की गूंज पूरी दुनिया में फैल गई और अब इंडोनेशिया इनकी खरीद करने जा रहा है। अस्त्रा मिसाइल को इंडोनेशिया अपने 16 सुखोई लड़ाकू विमानों के बेड़े को उन्नत करने के लिए इस्तेमाल करेगा।

**आतंकवाद की कड़ी निंदा की :** पीएम मोदी, राष्ट्रपति सुबियांतो ने आतंकवाद और उसके सभी रूपों, प्रकारों की कड़ी निंदा की है। साथ ही इससे मुकाबला करने के लिए शून्य सहिष्णुता की नीति को अपनाने का आह्वान किया है। आतंकवाद का वित्तपोषण करने वाले विभिन्न माध्यमों, यूएन और एफएटीएफ में सहयोग बढ़ाने पर भी दोनों देश राजी हैं।

**नई ऊर्जा-गति से सराबोर हुए संबंध :** प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक के बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि 2018 में स्थापित हुई भारत-इंडोनेशिया की व्यापक रणनीतिक साझेदारी 7 जुलाई को एक नई उड़ान ले रही है। दोनों देश सुरक्षा, विकास, तकनीक, शिक्षा और संस्कृति जैसे तमाम क्षेत्रों में जरूरी कदम बढ़ा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा, आज से हमारी साझेदारी का एक नया अध्याय शुरू होगा। जिसका व्यापक रूप से बड़ा सकारात्मक प्रभाव 21वीं सदी की दुनिया के साथ-साथ पूरी मानवता पर होगा। हमारा यही बढ़ता हुआ विश्वास हमारी रक्षा, सुरक्षा और समुद्री सहयोग को मजबूत कर रहा है। वार्ता के बाद रक्षा आदान-प्रदान, आपदा प्रबंधन और औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई गई है।

**मजबूत होगी दुलर्भ खनिजों से जुड़ी सप्लाई चेन :** पीएम मोदी के मुताबिक, वर्तमान युग में तकनीक से जुड़ी लचीली सप्लाई चेन बेहद मायने रखती है। जिसमें शामिल दुलर्भ खनिजों और स्टील जैसे क्षेत्रों इसे और अधिक मजबूत बनाने के लिए दोनों देशों के बीच एक अहम समझौता हुआ है। भारत, इंडोनेशिया की कंपनियों के बीच स्टेन-लेस-स्टील और दुलर्भ पृथ्वी तत्वों को लेकर साझेदारी की नई शुरुआत हो रही है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी हमारे मध्य दशकों पुराना विश्वसनीय सहयोग रहा है। जिसे आगे बढ़ाते हुए इस क्षेत्र में संयुक्त शोध, तकनीक को साझा करने और क्षमता विकास से जुड़े बड़े निर्णय लिए गए हैं।

**इंडोनेशिया संग साझा की मिड-डे-मील योजना :** उन्होंने कहा कि दोनों देशों के लिए गरीबी को हराना और अपनी आम जनता तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिसे देखते हुए भारत ने इंडोनेशिया के साथ अपनी मध्याह्न भोजन योजना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के समाधान साझा किए हैं। अब दोनों देश इस विषय पर अपने सहयोग को अगले स्तर पर लेकर जा रहे हैं।

**यूं मिलेंगी भारत की किफायती दवाइयां:** प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा स्वास्थ्य सहयोग दोनों देशों में गुणवत्ता आधारित स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। हमारे बीच हुए एक समझौते से भारत की उच्च-गुणवत्ता वाली और किफायती दवाइयां इंडोनेशियाई नागरिकों को और अधिक सहजता से उपलब्ध होंगी। भारत इंडोनेशिया के डॉक्टरों और स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों के क्षमता विकास में योगदान देने के लिए तैयार है।

**इंडोनेशियाई पेमेंट सिस्टम से जुड़ेगा यूपीआई :** उन्होंने दोनों देशों के आम नागरिकों के बीच संबंधों को भारत, इंडोनेशिया के संबंधों की सबसे बड़ी शक्ति बताया। साथ ही इस बात को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की कि हमारे देश का यूपीआई इंडोनेशिया के पेमेंट सिस्टम के साथ जुड़ने जा रहा है। जिससे व्यापार और यात्रा की सुगमता को काफी बल मिलेगा। दोनों के चुनाव आयोगों के मध्य एमओयू से हम लोकतांत्रिक सहयोग को और मजबूत करने जा रहे हैं। लोकतांत्रिक मूल्य, विविधता में एकता को पीएम ने दोनों देशों की साझा ताकत बताया।

**फिलिस्तीन के मुद्दे पर द्विराष्ट्र समाधान का समर्थन :** वैश्विक अस्थिरता के मौजूदा दौर में भारत का स्पष्ट मत है कि कूटनीति और संवाद की भूमिका पहले से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है। फिलिस्तीन के मामले को लेकर भारत-इंडोनेशिया द्विराष्ट्र समाधान और दीर्घकालिक शांति का समर्थन करते हैं। इसमें भी कोई शक नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को लेकर भी दोनों देशों का सहयोग लगातार बढ़ रहा है। हिंद-प्रशांत को लेकर भी हमारी सोच में काफी समानता है। भारत ने हमेशा ही आसियान की केंद्रीयता को विशेष महत्व दिया है।

**एकजुटता से साकार होगा संकल्प:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक सुनहरा दौर दोनों देशों के सामने दस्तक दे रहा है। हमारे इतिहास में साझा संस्कृति है, हमारे वर्तमान में साझा विश्वास है और हमारे भविष्य में साझा समृद्धि है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि हम साथ मिलकर इंडोनेशिया एमास और विकसित भारत का संकल्प साकार करेंगे।

**गुरुदेव टैगोर को किया याद :** उन्होंने ऐलान किया कि दोनों देश गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की ऐतिहासिक इंडोनेशिया यात्रा का शताब्दी वर्ष धूमधाम से मनाएंगे। इस देश की विकास यात्रा में महान शिक्षाविद और इंडोनेशिया के शिक्षा मंत्री देवान्तरा जी का अहम योगदान रहा है। शिक्षा से जुड़ी उनकी सोच पर गुरुदेव के विचारों का गहरा प्रभाव था। जिसे देखते हुए भारत, इंडोनेशिया इस शताब्दी वर्ष को टैगोर और देवान्तरा ईयर ऑफ कल्चरल एंड एजुकेशनल डिप्लोमेसी के रूप में मनाएंगे।

**एमओयू, समझौतों और घोषणाओं का सार :** शीर्ष नेताओं की बातचीत के बाद कुल 20 परिणाम दस्तावेज सामने आए हैं। जिनमें 14 एमओयू, समझौते और 6 घोषणाएं मुख्य हैं।

**एमओयू-समझौते**

-ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम को लेकर हुआ समझौता।
-हवा से हवा में मार करने वाली अस्त्रा मिसाइल का समझौता।
-खनिजों, स्टील सप्लाई चेन की तकनीक के क्षेत्र में सहयोग को लेकर एमओयू हुआ है।
-समुद्री रक्षा-सुरक्षा सहयोग के विस्तार और क्रियान्वयन पर बनी सहमति के लिए एमओयू हुआ है।
-शोध, तकनीक और नवाचार सहयोग को लेकर एमओयू हुआ है।
-भारत के एनडीएमए और इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के बीच सहयोग के लिए एमओयू हुआ है।
-टेलिकम्युनिकेशन तकनीक और सेवाओं के क्षेत्र में सहयोग को लेकर एमओयू हुआ है।
-कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में सहयोग के लिए एमओयू हुआ है।
-मेडिकल उत्पादों के नियंत्रण में सहयोग के लिए सीडीएससीओ और बीपीओएम के बीच एमओयू हुआ है।
-बाहरी अंतरिक्ष का शांतिपूर्ण उद्देश्य के लिए इस्तेमाल करने के लिए फ्रेमवर्क समझौते के विस्तार पर जताई गई सहमति।
-स्वास्थ्य कार्यबल सहयोग को लेकर क्रियान्वयन समझौता हुआ है।
-भारत और इंडोनेशिया के चुनाव आयोगों के बीच भी सहयोग बढ़ाने के लिए एमओयू हुआ है।
-स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया और इंडोनेशिया की पीटी क्राकाटाऊ स्टील के बीच हुआ सामरिक संयुक्त वेंचर। जिससे इंडोनेशिया में स्थापित की जाएगी स्टेनलैस स्टील मैन्युफैक्चरिंग सुविधा।
-दुलर्भ पृथ्वी मैग्नेट के विकास के लिए नॉन-फर्नेस मटीरियल्स तकनीक विकास केंद्र, मिडवेस्ट लिमिटेड और पीटी परमिनास के बीच एमओयू हुआ है।

**यह हैं घोषणाएं-**

-योग्याकार्ता में प्रम्बनान मंदिर परिसर के संरक्षण-पुनरुद्धार के लिए भारत करेगा सहायता।
-आईएफसी-आईओआर इंडोनेशिया के लायजन अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी।
-भारत इंडोनेशिया को सप्लाई करेगा 100 टन उच्च-गुणवत्ता वाले गेहूं के बीज (डीडब्ल्यूआर 162)।
-दोनों देश टैगोर-देवांतारा के शताब्दी वर्ष को ईयर ऑफ कल्चरल-एजुकेशनल डिप्लोमेसी के रूप में मनाएंगे।
-इंडोनेशिया में स्थापित किया जाएगा भारत का आईआईएमबी का कैंपस।

### कोच्चि में आज से ...

उच्च स्तरीय संवाद का महत्वपूर्ण मंच साबित होगी। भारत की अध्यक्षता में आयोजित यह बैठक ब्रिक्स देशों के बीच महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सहयोग को नई गति देने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

### जांच रिपोर्ट के ....

राय ने लिखा कि पिछले एक महीने से मंदिर के दानपात्र की गणना में हुई चोरी को लेकर उन पर कई अनर्गल आरोप लगाए गए, जिस पर उन्होंने मौन धारण कर रखा था। उन्होंने कहा कि मैं 45 वर्षों से प्रचारक जीवन जी रहा हूं और मेरी जिंदगी खुली किताब जैसी है। राय ने आश्वस्त किया कि जैसे ही एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट आएगी, वे सभी आरोपों का क्रमानुसार जवाब देंगे और सत्य सबके सामने आ जाएगा। उन्होंने 6 जुलाई को हुई ट्रस्ट की बैठक में एसआईटी की प्राथमिक रिपोर्ट लीक होने पर भी सवाल उठाए।

### मामला केवल...

तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को तत्काल प्रभाव से भंग किया जाए। उसकी जगह एक नया ट्रस्ट गठित किया जाए, जिसमें देश के शंकराचार्यों, धर्माचार्यों, साधु-संतों और धार्मिक प्रतिनिधियों को स्थान मिले। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सुप्रीम कोर्ट के जज द्वारा हो। उन्होंने यह भी मांग की कि जैसे सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा सार्वजनिक करना पड़ा था, उसी तरह श्रीराम मंदिर को नकदी, सोने-चांदी और अन्य सामान के रूप में मिले पूरे चढ़ावे की सूची को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने इस मामले में चल रही जांच को लीपापोती करार देते हुए कहा कि जब श्रीराम मंदिर से जुड़े हर कार्य का पूरा श्रेय खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे बढ़कर लिया था, तो अब इस घोटाले के सामने आने पर वे अपनी जवाबदेही से क्यों बच रहे हैं? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को देश के सामने अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की संरचना शुरुआत से ही त्रुटिपूर्ण रही है। भाजपा-आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद से जुड़े लोगों ने मिलकर एकतरफा तरीके से पूरे मंदिर ट्रस्ट पर अनधिकृत कब्जा कर लिया, लेकिन उसमें किसी की कोई जवाबदेही तय नहीं की गई। उन्होंने कहा कि संबंधित लोगों को चढ़ावा चोरी होने की जानकारी पहले से थी, लेकिन मामले को दबाए रखा गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने ट्रस्ट की हालिया बैठक में पूरे मामले को चोरी के बजाय लापरवाही बताए जाने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि अगर यह महज लापरवाही थी, तो फिर एफआईआर दर्ज करने, एसआईटी जांच बैठाने, गिरफ्तारियां करने, इस्तीफे देने और स्वीकार करने की नौबत क्यों आई? उन्होंने कहा कि ट्रस्ट और भाजपा सरकार को इस मामले में पूरी पारदर्शिता के साथ जवाब देना चाहिए, लेकिन फिलहाल सिर्फ लीपापोती की जा रही है। उन्होंने इस मामले की एसआईटी रिपोर्ट सार्वजनिक करने की भी मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री ने चढ़ावा चोरी को लेकर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष के बयान पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चोरी सामने आने के बाद कोषाध्यक्ष खुद को डमी बताते हुए कह रहे हैं कि उन्हें एसओपी की कोई जानकारी ही नहीं थी और उन्होंने किसी चेक पर हस्ताक्षर भी नहीं किए थे। गहलोत ने यह भी याद दिलाया कि शुरुआत में ही जमीन खरीद का बड़ा घोटाला सामने आया था, जब महज दो करोड़ रुपये की जमीन को ट्रस्ट ने कुछ ही मिनटों में 18 करोड़ रुपये में खरीद लिया था। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर से देश के करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था और भावनाएं जुड़ी हुई हैं, जिसे भाजपा-आरएसएस ने गहरी ठेस पहुंचाई है। लोगों ने अपनी गाढ़ी कमाई से मंदिर निर्माण के लिए चंदा दिया था। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की चोरी का मुद्दा अब देश के हर राज्य के गांव-गांव और घर-घर तक पहुंच चुका है, लोगों में इसे लेकर भारी गुस्सा और आक्रोश है।

### भाजपा ने नितिन...

यह घोषणा आरजेडी द्वारा इस सीट के लिए रेखा कुमारी गुप्ता को अपना उम्मीदवार घोषित करने के एक दिन बाद की गई, जिससे इस सीट पर राजनीतिक मुकाबला और तेज़ हो गया है। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कुमार को उनके नामांकन पर बधाई दी और उनकी जीत का भरोसा जताया। बिहार के मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया कि बिहार विधानसभा उपचुनाव-2026 के तहत बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा उम्मीदवार घोषित किए जाने पर आपको हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि आपके नेतृत्व, समर्पण और जनसेवा के संकल्प को जनता का भरपूर आशीर्वाद मिलेगा और आप विकास, सुशासन और राष्ट्रीय हित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए ऐतिहासिक जीत हासिल करेंगे। आपके सफल और विजयी चुनाव अभियान के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। बिहार विधानसभा की बांकीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ने सोमवार को रेखा गुप्ता को अपना उम्मीदवार घोषित किया था। इसी के साथ ही उन अटकलों पर विराम लग गया कि राजद नीत महागठबंधन इस सीट पर जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर का समर्थन कर सकता है। राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि रेखा गुप्ता को उम्मीदवार बनाए जाने का फैसला ''पूरे महागठबंधन का निर्णय'' है।

### ग्लॉस्टर जूट ...

(निफ्ट), नई दिल्ली ने तैयार की है। इन परिधानों की पहली झलक 1 अप्रैल को पटना में आयोजित राष्ट्रीय जूट बोर्ड के स्थापना दिवस समारोह में दिखाई गई थी। उस समय भारतीय ओलंपिक संघ के प्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना की थी। इसके बाद राष्ट्रीय जूट बोर्ड और भारतीय ओलंपिक संघ ने मिलकर भारतीय दल के लिए जूट आधारित परिधान तैयार करने की दिशा में काम किया।

**124 सदस्यीय भारतीय दल करेगा प्रतिनिधित्व :** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में 72 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। भारत की ओर से 124 सदस्यीय दल भाग लेगा, जिसमें 78 पुरुष और 46 महिला खिलाड़ी शामिल हैं।

**जूट उद्योग और किसानों को मिलेगा लाभ:** राष्ट्रीय जूट बोर्ड का मानना है कि इस पहल से भारत के जूट उद्योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी।

### दिग्विजय का बड़ा...

से लेकर अयोध्या के राम मंदिर तक दान और चंदा चोरी को उजागर करेंगे।

अब कोई राजनीति नहीं करेंगे, न राजनीतिक भाषण देंगे और न ही सोशल मीडिया में कोई पोस्ट डालेंगे। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उन्हें बहुत कुछ दिया। वे 5 बार विधायक, दो-दो बार लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहे। इसलिए पार्टी नेतृत्व से आग्रह किया था कि मेरे स्थान पर किसी और को अवसर दें। दिग्विजय के इस ऐलान को राजनीति से उनके सन्यास का संकेत माना जा रहा है। दिग्विजय ने कहा कि वह सनातन धर्म को भी समझते हैं और भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिंदू परिषद तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी। उन्होंने कहा कि अब उनका उद्देश्य राजनीति नहीं, बल्कि धर्म की रक्षा करना है। 80 वर्ष की उम्र में उन्हें जो जिम्मेदारियां पार्टी ने दीं, उन्हें निभा चुके हैं और अब वह अपनी अंतिम सांस तक धर्म की रक्षा के लिए काम करेंगे। उन्होंने दोहराया कि उनकी प्रस्तावित यात्रा का उद्देश्य राजनीतिक नहीं, धार्मिक रहेगा।

**कारसेवक संतोष दुबे होंगे यात्रा में मुख्य अतिथि :** दिग्विजय ने कहा कि यात्रा के दौरान न तो भाषण देंगे, न प्रवचन करेंगे और न ही अपने सोशल मीडिया मंचों पर स्वयं कोई टिप्पणी लिखेंगे। उन्होंने बताया कि वह राम मंदिर आंदोलन के दौरान गोली लगने वाले कारसेवक संतोष दुबे को इस यात्रा में विशेष रूप से आमंत्रित करेंगे। दुबे उनके मुख्य अतिथि होंगे और उनके अनुभवों को भी लोग सुनेंगे।

### लेकिन, मगरमच्छ...

छोटी मछली तो पकड़ ली गईं लेकिन मगरमच्छ को छोड़ दिया गया। हम बहुत दुःखी हैं। इसलिए अपनी आखिरी सांस तक अपनी लड़ाई लड़ूंगा। इसमें कोई राजनीति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आज हर कोई भगवा पहन कर व्यापार कर रहा है जबकि धर्म कोई व्यापार की चीज नहीं है। आरएसएस से केवल हमारा एक मतभेद है कि सभी धर्मों का बराबर सम्मान होना चाहिए।

### संघ पर सवाल...

की कोशिश करते हैं, जिससे खुद कांग्रेस को ही राजनीतिक नुकसान हुआ है।

### लैंडस्लाइड ऐसा...


लिए सुरक्षा कवच जैसा बन गया, जिसके कारण बहुत से लोग बच गए। वीडियो में दिख रहा है कि एक महिला किसी तरह ठीक टैंकर के नीचे से निकलते हुए बची। वहीं जहां टैंकर रुका मलबा भी वहीं तक फैल कर रुक गया। भूस्खलन के बाद राहत और बचाव अभियान जारी है। इस हादसे पर गहरा दुख जताते हुए वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रभावितों को हरसंभव मदद पहुंचाई जा रही है और वह खुद बचाव कार्यों की निगरानी कर रही हैं।

**रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया :** केरल के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण त्रासदी बताते हुए कहा कि प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। हादसे वाली जगह पर सुरंग निर्माण के लिए खोदी गई मिट्टी का विशाल ढेर ढहने से यह हादसा हुआ। फिलहाल मलबे के नीचे दबे लोगों को निकालने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और भारी मशीनरी की मदद से युद्ध स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। हालांकि, संपर्क पुल टूटने से बचाव कार्य में दिक्कतें आ रही हैं।

### मौसम विभाग अलर्ट ...

कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के कुछ हिस्सों में भी भारी बारिश हो सकती है। वहीं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश तथा पूर्वोत्तर भारत के कई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने कर्नाटक और तेलंगाना के कुछ इलाकों में तेज हवाओं और गरज के साथ बारिश (थंडर स्क्वॉल) की चेतावनी भी जारी की है। इसके अलावा अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, आंध्र प्रदेश, बिहार, गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, झारखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की भी आशंका व्यक्त की गई है। आईएमडी ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है। विशेष रूप से भारी बारिश वाले क्षेत्रों में जलभराव, यातायात बाधित होने और निचले इलाकों में जलजमाव जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं।



# नए सितारों से सजी 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर सामने आ चुका है। इसमें सस्पेंस है, थ्रिल है और एक्शन भी है। मर्डर मिस्ट्री और लव ट्रायएंगल सहित इस फिल्म में कई दिलचस्प ट्विस्ट हैं। इस फिल्म में आर्य कुमार, नीता शेट्टी और पीहू बिस्वास जैसे नए कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का निर्देशन इंद्र दास ने किया है। इसे एसएस एंटरटेनमेंट वर्ल्ड के बैनर तले सुमन सौरभ ने प्रोड्यूस किया है। रहूं मैं तेरे रूबरू' 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को रिलीज हुए इस फिल्म के ट्रेलर में आज की तकनीक और इंटरनेट की दुनिया के जीवन पर हो रहे नकारात्मक असर को दिखाने की भी कोशिश की गई है।

लाइफ Style

# कृति

## मैंने करवा लिए एग्ज फ्रीज

एक्टर कृति सेनन ने बताया है कि उन्होंने अपनी फिल्म 'मिमी' की तैयारी के दौरान अपने एग्स फ्रीज करवाने का फैसला किया था। उन्होंने इसे अपने लिए लिए गए 'सबसे समझदारी भरे' फैसलों में से एक बताया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि यह फैसला फिल्म के लिए उनके फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन (शारीरिक बदलाव) के समय के साथ मेल खाता था, इसलिए यह प्रोसेस करवाने का यह सबसे सही मौका था। 35 साल की एक्ट्रेस ने बताया कि एग फ्रीजिंग से अक्सर ब्लोटिंग (पेट फूलना) और हार्मोनल बदलाव होते हैं। चूंकि उन्हें 'मिमी' फिल्म में अपने रोल के लिए वजन बढ़ाना था, इसलिए उन्हें लगा कि यही सही समय है जब वे यह प्रोसेस करवा सकती हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने एक व्यक्ति से बात की थी, जिन्होंने मुझे बताया कि अगर आप कर सकती हैं, तो यह आपके लिए सबसे अच्छी चीज है। यह सबसे अच्छा तोहफा है जो आप खुद को दे सकती हैं। यह बात मेरे दिमाग में रही। फिर, जब मुझे वजन बढ़ाने के लिए कहा गया, तो मुझे लगा कि यही सही समय है'। एक्ट्रेस ने इस प्रोसेस के इमोशनल और फिजिकल असर के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि इस प्रोसेस की वजह से काफी हार्मोनल बदलाव हुए और इसे करवाते समय उन्हें कई तरह की भावनाएं महसूस हुईं। एक्ट्रेस ने बताया कि उनका मानना है कि जिंदगी के बड़े फैसले समाज की उम्मीदों के बजाय अपनी निजी तैयारी के आधार पर लिए जाने चाहिए।



हॉलीवुड मसाला



# पार्टी रॉक एंथम के लिए थीं मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश सिंगर लॉरेन बेनेट का 37 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह 'पार्टी रॉक एंथम' में अपनी परफॉर्मेंस और जीएलआर की फाउंडिंग मेंबर के तौर पर जानी जाती थीं। उनके बैंड के साथियों ने एक भावुक बयान में उनके निधन की पुष्टि की। बैंड ने उनके जीवन व योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। लॉरेन बेनेट ने अपने म्यूजिक करियर की शुरुआत 2006 में यूनाइटेड किंगडम में 'द एक्स फैक्टर' के तीसरे सीजन से की थी।




# लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी 52 ब्लू...

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस नेहा धूपिया अपनी पहली इंटरनेशनल फीचर फिल्म '52 ब्लू' के प्रीमियर के लिए तैयार हैं। यह फिल्म मशहूर लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा है। इसका यूरोपियन प्रीमियर 9 जुलाई को बीएफआई साउथबैंक में होगा। नेहा की शानदार परफॉर्मेंस के लिए फिल्म को पॉजिटिव फीडबैक मिला है। दर्शकों और रिव्यूअर्स, दोनों ने ही फिल्म की इमोशनल गहराई की तारीफ की है, जिससे '52 ब्लू' इस साल फेस्टिवल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली स्क्रीनिंग में से एक बन गई है। नेहा धूपिया ने इस खास पल के बारे में बात करते हुए अपना उत्साह जाहिर किया। उन्होंने कहा ''52 ब्लू' मेरे लिए हमेशा एक बेहद खास फिल्म रहेगी क्योंकि यह मेरा पहला इंटरनेशनल प्रोजेक्ट है।



# ताज जीतने के 50 साल पूरे, मनाया जश्न


**नई दिल्ली।** पूर्व ब्यूटी क्वीन नफीसा अली ने मिस इंडिया का ताज जीतने के 50 साल पूरे होने की खुशी मनाई है। इस खुशी में नफीसा ने सोशल मीडिया पर कई पुरानी तस्वीरें साझा की हैं और इसके साथ ही एक खास नोट भी लिखा है। नफीसा ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई पुरीनी तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों के साथ नफीसा ने कैप्शन में लिखा, '50 साल पहले मुझे 'मिस इंडिया' का ताज पहनाया गया था।' उन्होंने 1976 में यह खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने टोक्यो में हुए 'मिस इंटरनेशनल 1976' कॉम्पिटिशन में भारत का नाम रोशन किया था और वहां वह सेकंड रनर-अप रही थीं। 69 साल की नफीसा अली ने 2018 में स्टेज 3 के पेट और ओवरी के कैंसर से जंग लड़ी और उसे हराया। अप्रैल 2026 में उन्होंने अपनी सर्जरी के निशान और कीमोथेरेपी की बातें भी फैंस के साथ साझा की थीं।



# इंसानों व कुत्तों के बीच रिश्ते की कहानी

**मुंबई।** अमित राय अपनी अगली फिल्म 'ओह माय डॉग' लेकर आ रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 'ओह माय गॉड 2' का निर्देशन किया था। उनकी नई फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में इंसानों और कुत्तों के बीच बिना शर्त प्यार और वफादारी की एक कहानी की झलक दिखती है। टीजर की शुरुआत अमिताभ बच्चन के मशहूर गाने 'मेरे पास आओ मेरे दोस्तों, एक किस्सा सुनो' से होती है, जो तुरंत पुरानी यादें ताजा कर देता है। साथ ही कहानी की मासूमियत, अपनापन और इमोशनल गहराई को खूबसूरती से दिखाता है। यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'ओह माय डॉग' में माही राय, पंकज त्रिपाठी, गीता अग्रवाल शर्मा, राजेश कुमार, पवन मल्होत्रा, सुलक्षणा बरुआ और विजय मिश्रा नजर आएंगे।

टीवी मसाला



# पति के 10 अफेयर हों तो भी उन्हें कभी नहीं छोड़ूंगी : सुनीता

**नई दिल्ली।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा इन दिनों रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में नजर आ रही हैं और साथ ही अपने बयानों से जमकर सुर्खियां भी बटोर रही हैं। इसी शो के दौरान सुनीता ने अपने पति गोविंदा को लेकर एक ऐसी बात कही है, जिसे सुनकर इस शो के होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख भी दंग रह गए। उन्होंने कहा है कि चाहे उनके पति गोविंदा के दस महिलाओं के साथ संबंध ही क्यों न हों, वह उन्हें कभी नहीं छोड़ेंगी। सुनीता ने यह बात नेटफ्लिक्स के रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में कही, जिसे फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। इस शो में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर आईं अभिनेत्री शिल्पा शिंदे ने सुनीता के उन पुराने बयानों पर बात की। इस पर सुनीता भड़क गईं और उन्होंने शिल्पा से कहा कि लोगों को पहले उनकी जगह रहकर देखना चाहिए, उसके बाद ही कोई राय बनानी चाहिए। सुनीता ने कहा, 'जब यह सब आपके साथ होगा, तब आपको समझ आएगा कि मैं किस दौर से गुजरी हूं। यह मेरी जिंदगी है और मैं जो चाहूंगी, वही करूंगी।' उन्होंने आगे कहा, 'गोविंदा मेरा पति है, अगर वह 10 जगह भी अफेयर करेंगे, तो भी मैं उसे नहीं छोड़ूंगी। मैं अपनी आखिरी सांस तक उससे प्यार करूंगी।' बाद में सुनीता ने शो के दूसरे कंटेस्टेंट राम कपूर से भी शिल्पा शिंदे की शिकायत की। उन्होंने गुस्से में कहा, 'शिल्पा मुझे उकसा रही है।

## शिवांगी को रोता देख आग-बबूला हुए हर्षद

**नई दिल्ली।** शो 'लॉकअप 2' इन दिनों झगड़ा, विवादों की वजह से चर्चा में है। इस रियलिटी शो में हाल ही में एक बड़ा हंगामा हुआ। इंफ्लुएंसर श्रेया कालरा की वजह से एक्ट्रेस शिवांगी जोशी फूट-फूटकर रोईं। शिवांगी को ऐसे देखकर उनके दोस्त और पुराने को-एक्टर हर्षद चोपड़ा का पारा चढ़ गया। हर्षद श्रेया से लड़ने के लिए शो में दौड़ पड़े थे। 'लॉकअप 2' के वायरल वीडियो में हर्षद चोपड़ा के सामने शिवांगी रो रही हैं। वह बताती हैं कि उन्होंने श्रेया से सच में पूछा कि क्या उनकी तबियत खराब है। इस पर श्रेया ने शिवांगी के साथ बदतमीजी से बात की। इससे वह दुखी हो गईं और हर्षद चोपड़ा और आकांक्षा चमोला के सामने रोने लगीं। यह देखकर हर्षद गुस्से में श्रेया को तलाशने के लिए दौड़ पड़े। ऐसे में शिवांगी और आकांक्षा ने हर्षद को किसी तरह से रोका। इस दौरान काफी शोर-शराबा हुआ, जिसे सुनकर बाकी प्रतियोगी भी एक जगह पर आ गए।



# आवारापन 2 का पहला गाना जुनून रिलीज

## सुबोध ने दी है आवाज....

**मुंबई।** आवारापन 2 के निर्माताओं ने मंगलवार को इमरान हाशमी की फिल्म का पहला गाना जुनून रिलीज कर दिया है। इस गाने के बोल शहीद कादरी ने लिखे हैं और मिथुन ने कंपोज किया है। इस गाने को गायक सुबोध शर्मा ने गाया है। इस गाने में इमरान हाशमी से लेकर दिशा पाटनी और श्रेया सरन की खास झलक देखने को मिली। फिल्म 'आवारापन 2', 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में इमरान हाशमी और दिशा पटानी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में श्रेया सरन का भी अहम रोल है। इमरान ने इंस्टाग्राम पर अपने इस गाने को साझा किया और कैप्शन में लिखा, 'इस आवारापन के जुनून में होना है तबाह।' एक यूजर ने लिखा, 'इस गाने की रचना थोड़ी 'सैयारा' से मिलती जुलती लग रहा है' दूसरे यूजर ने लिखा, 'श्रेया सरन के पुराने सींस को देखकर अच्छा लगा।' एक और यूजर ने लिखा, 'आवारापन के गानों की बात ही अलग थी' एक यूजर ने इमरान के लिए लिखा, 'अक्खा बॉलीवुड एक तरफ और इमरान हाशमी एक तरफ'। एक और यूजर ने लिखा, 'शिवम वापस आ गया है'। एक और यूजर ने लिखा, 'इस फिल्म को कोई नहीं रोक सकता, पहले दिन ही हिट हो जाएगी'।



# 1975 में बैन कर दी गई थी फिल्म सिक्किम 1971

**नई दिल्ली।** आज हम आपको बताने जा रहे हैं एक ऐसी डॉक्यूमेंट्री फिल्म के बारे में जिसका काफी ज्यादा ऐतिहासिक महत्व है। यह फिल्म तब बनी जब सिक्किम भारत का हिस्सा भी नहीं था। इसे बनाया था लीजेंडरी फिल्ममेकर सत्यजीत रे ने। इस फिल्म की रिलीज के बाद इस पर विवाद हो गया और भारत सरकार ने इसे बैन कर दिया। लोग इस फिल्म का नाम तक भूल गए थे, लेकिन फिर साल 2010 में इसे फिर से रिलीज किया गया और इस मूवी ने तहलका मचा दिया।

***सत्यजीत रे साहब ने खोल दी पोल :*** बात साल 1971 की है जब सिक्किम के राजा ने उस दौर के आइकॉनिक फिल्ममेकर रहे सत्यजीत रे से विनती की, कि वह उनके ऊपर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएं। क्योंकि ,सत्यजीत रे साहब सच्ची और पक्की फिल्ममेकिंग में मानते थे, इसलिए उन्होंने सिक्किम के तत्कालीन राजा के राज्य के बारे में लगभग सब कुछ दिखा डाला। यानि उन्होंने इस डॉक्यूमेंट्री में उनके राज्य की अच्छाइयां और बुराइयां तो दिखाई हीं, साथ ही साथ विदेशी पर्यटकों की हालत और राजसी परिवार और आम लोगों की जिंदगी में कितना फर्क है यह भी दिखाया।



***भारत सरकार ने लगा दिया था बैन :*** कहानी में ट्विस्ट तब आया जब साल 1975 में सिक्किम राज्य भारत का हिस्सा बन गया। सिक्किम 22वें राज्य के तौर पर भारतीय गणराज्य का हिस्सा बना और जब इतना सारा राजनीतिक उठापटक चल रहा था, तो इस बीच सत्यजीत रे की यह डॉक्यूमेंट्री विवादों में घिर गई। सरकार ने इसे बैन कर दिया और लोग मानने लगे कि यह फिल्म पूरी तरह नष्ट कर दी गई है। सरकार ने भी राहत की सांस ली, वक्त बीतता गया और फिर कई दशक बाद ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट को एक डैमेज्ड प्रिंट मिला। इस प्रिंट में क्या था?

### साल 2010 में फिर से हुई रिलीज

इस प्रिंट में सत्यजीत रे की वही डॉक्यूमेंट्री थी, जिसने उस दौर में तहलका मचा दिया था। एकेडमी फिल्म आर्काइव ने दोबारा इस पूरी फिल्म को रीस्टोर किया और फिर साल 2010 में सरकार ने इस पर लगाया गया बैन हटा दिया। यानि अब अगर आप चाहें तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म को बेधड़क देख सकते हैं। अब सवाल उठता है कि आखिर यह फिल्म थी कौन सी? तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म का नाम था 'सिक्किम 1971'। इसका टाइटल काफी सीधा सा रखा गया था और लेकिन इसका कॉन्टेंट काफी डीप था।

## पुरुष समाज का दर्द दिल किया है बयां, हर किसी की आंखें कर दी थीं नम

# रफी ने गाया था यह दर्द भरा गीत, कल्ट क्लासिक है 56 साल पुराना गाना

*नई दिल्ली। सिनेमा जगत के महान गायक के तौर पर आज भी मोहम्मद रफी को जाना जाता है। अपने सुनहरे सिंगिंग करियर के दौरान उन्होंने हर किस्म के गीतों को आवाज दी थी और उन्हें अमर किया था। लेकिन, सैड सॉन्ग के मामले में रफी साहब एक अलग दर्जे के सिंगर के तौर पर पहचाने जाते थे। इसी आधार पर आज हम आपको मोहम्मद रफी द्वारा गाया एक ऐसे कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे सबसे दर्द भरे गीत के तौर पर भी जाना जाता है।*

### किसने तैयार किया गाना

बात की जाए फिल्म हीर रांझा के ये दुनिया ये महफिल की मेकिंग की तो मोहम्मद रफी की गायिकी के अलावा इसकी धुनों को मशहूर संगीतकार मदन मोहन अपने धुनों पर तैयार किया था, जबकि इसके लिरिक्स को कैफी आजमी गीतकार ने लिखा था। इस तरह से ये कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग रेडी हुआ था।





### 1970 में रिलीज हुई थी हीर रांझा

जब मोहम्मद रफी सैड सॉन्ग गाते थे, तो मानों ऐसा लगता कि उन्होंने सच में अपने दिल का दर्द आवाज में उतार के रख दिया है। उनकी आवाज से गाने की खूबसूरती और बढ़ जाती थी, जिसे सुनने के बाद दिल और आंखें भरा आती थी। ऐसा ही करिश्मा रफी साहब ने साल 1970 में रिलीज होने वाली फिल्म हीर रांझा के एक गीत के लिए किया था।

### राज कुमार पर फिल्माया गया गाना

जब उन्होंने ये दुनिया ये महफिल... गीत गाया था। अभिनेता राज कुमार पर फिल्माया गया मोहम्मद रफी का ये गाना आज भी बॉलीवुड के बेस्ट एवर सैड सॉन्ग के तौर पर जाना जाता है। इस गाने को सुनने के बाद यकीनन तौर पर आपकी भी आंखें भर आएंगी। कुल मिलाकर कहा जाए तो पुरुष समाज का दर्द दिल बयां करने के लिए रफी साहब के ये दुनिया ये महफिल को जाना जाता है। इस वजह से ये हर किसी का फेवरेट भी माना जाता है। अगर आप भी मोहम्मद रफी के गानों को सुनना पसंद करते हैं तो यकीनन तौर पर आपकी प्लेलिस्ट में ये दर्द भरा गीत जरूर शामिल होगा।

## जीतू पटवारी राजेंद्र भारती के समर्थन में, दिग्विजय सिंह राघजराने के नाम पर अड़े; 13 जुलाई तक होंगे नामांकन

# दतिया उपचुनावः कांग्रेस में उम्मीदवार को लेकर खींचतान भाजपा बनाएगी दल-बदल की घटनाओं को चुनावी मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

दतिया विधानसभा उपचुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनावी अधिसूचना जारी होने के साथ ही भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपनी रणनीति को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। भाजपा जहां उम्मीदवार चयन के अंतिम चरण में है, वहीं कांग्रेस में टिकट को लेकर दो वरिष्ठ नेताओं के अलग-अलग रुख ने असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है। सूत्रों के मुताबिक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और उनके समर्थक पूर्व विधायक राजेंद्र भारती को उम्मीदवार बनाए जाने के पक्ष में हैं। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह पूर्व विधायक सुरेश राजधराने को टिकट दिलाने की पैरवी कर रहे हैं। ऐसे में प्रत्याशी चयन को लेकर कांग्रेस में अंदरूनी खींचतान खुलकर सामने आ गई है।

उधर भाजपा ने कांग्रेस की इस स्थिति को चुनावी मुद्दा बनाने की तैयारी कर ली है। पार्टी की रणनीति राजेंद्र भारती के राजनीतिक जीवन में हुए लगातार दल-बदल को जनता के बीच प्रमुखता से उठाने की है। भाजपा का मानना है कि यदि कांग्रेस राजेंद्र भारती को मैदान में उतारती है तो उनकी राजनीतिक विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए जा सकते हैं।

### भाजपा की नजर नरोत्तम मिश्रा पर

भाजपा की ओर से अभी उम्मीदवार की औपचारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा को सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है। पार्टी संगठन चुनावी समीकरणों का अंतिम आंकलन कर रहा है और जल्द ही प्रत्याशी के नाम की घोषणा होने की संभावना है।

### रीमा भारती भी संभावित विकल्प

बताया जा रहा है कि यदि किसी कारणवश राजेंद्र भारती चुनाव नहीं लड़ पाते हैं तो कांग्रेस उनकी पत्नी रीमा भारती को उम्मीदवार बना सकती है। हालांकि पार्टी की ओर से अभी किसी नाम पर आधिकारिक मुहर नहीं लगी है।

### तीन दलों से चुनाव लड़ चुके हैं राजेंद्र भारती

राजेंद्र भारती का राजनीतिक सफर कई दलों से होकर गुजरा है। वर्ष 1985 में वे कांग्रेस के टिकट पर पहली बार विधायक बने। 1990 में कांग्रेस से चुनाव हारने के बाद उन्होंने भाजपा का दामन थामा और 1998 में भाजपा के टिकट पर विधानसभा पहुंचे। इसके बाद वे बसपा में भी रहे और चुनाव लड़ा।

### आज से नामांकन प्रक्रिया हो जाएगी शुरू



भारत निर्वाचन आयोग ने दतिया विधानसभा उपचुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत 7 जुलाई से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 13 जुलाई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। 14 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 16 जुलाई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतदान 30 जुलाई को होगा और मतगणना बाद में आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।राजनीतिक जानकारों का मानना है कि दतिया उपचुनाव में स्थानीय मुद्दों के साथ-साथ उम्मीदवारों की छवि और राजनीतिक विश्वसनीयता भी निर्णायक भूमिका निभाएगी। भाजपा दल-बदल के मुद्दे को भुनाने की तैयारी में है, जबकि कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी चुनौती उम्मीदवार चयन को लेकर एकजुटता बनाए रखना होगी।

---

## कुवैत की मत्स्य कंपनी ने किया 7,430 करोड़ रुपए का अनुबंध, मत्स्योद्योग नीति को मिलेगा फायदा

# मत्स्य पालन, मछुआ कल्याण के क्षेत्र में प्रदेश रचेगा नया इतिहास, कुवैत के साथ एग्रीमेंटः सीएम डॉ. यादव



विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि अन्नदाता की समृद्धि के लिए कृषि के साथ-साथ मत्स्य पालन क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं विकसित हो रही हैं। प्रदेश के मछुआरा समुदाय के लोग मछली पालन के जरिए ही अपनी आजीविका चलाते हैं। इन सबकी बेहतरी के लिए मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्योद्योग नीति 2026 के अंतर्गत गतिविधियों को अंतरराष्ट्रीय विस्तार दिया जा रहा है। आज कुवैत की अग्रणी मत्स्य कंपनी और कामदार्स केयर इंदौर के बीच हुआ एग्रीमेंट प्रदेश में मत्स्य पालन और मछुआ कल्याण के क्षेत्र में नया इतिहास रचेगा। डॉ यादव कुवैत की अग्रणी मत्स्य कंपनी-ज़बेदी अल कुवैत फिशरीज कंपनी और कामदार्स केयर इंदौर के बीच, प्रदेश में 7 हजार 430 करोड़ रुपए के निवेश और बाय बैक एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर के बाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। प्रदेश में हो रही इस नई पहल से 15 हजार प्रत्यक्ष और 20 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। प्रदेश से लगभग 6 हजार करोड़ रुपए के मत्स्य निर्यात का लक्ष्य है।

### प्रदेश में मत्स्य पालन क्षेत्र में अपार संभावनाएं

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में मत्स्य पालन विकास के लिए पर्याप्त जलसंरचनाओं के भंडार हैं। इससे देश की खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति करने के साथ-साथ निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। कृषि और खाद्यान्न के विकास को लेकर मध्यप्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। कुवैत हमारा मित्र देश है, प्रदेश में विदेशी निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए राज्य सरकार पूर्ण समर्पण के साथ तेजी से कार्य कर रही है, अब इसके सुखद परिणाम भी लगातार सामने आ रहे हैं। भविष्य में मध्यप्रदेश मत्स्य पालन के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाएगा।

**प्रदेश से लगभग 6 हजार करोड़ रुपए के मत्स्य निर्यात का लक्ष्य**

### मत्स्य निवेश और निर्यात केंद्र बनाएगा यह अनुबंध



यह अनुबंध मध्यप्रदेश को देश का अग्रणी मत्स्य निवेश और निर्यात केन्द्र बनाने की दिशा में एक प्रयास है। ज़बैदी अल-कुवैत फिशरीज़ कंपनी का 10 से अधिक देशों में प्रीमियम क्वालिटी फूड, डिब्बाबंद खाद्य उत्पाद, मसाले आदि में व्यापारिक नेटवर्क है। कामदार्स केयर, इंदौर एक क्लस्टर-बेस्ट व्यापारिक संगठन है। यह समूह किसान उत्पाद संगठनों के गठन और उनके व्यवसाय को बढ़ाने में मदद करता है। एग्रीमेंट के दौरान जानकारी दी गई कि मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्य उद्योग नीति-2026 के अंतर्गत राज्य में आधुनिक निर्यातोन्मुखी एवं मूल्य संवर्धन मत्स्य उद्योग के विकास के लिए निजी एवं विदेशी निवेश आकर्षित करने का प्रावधान है।

### 4 लाख टन का अतिरिक्त मत्स्य उत्पादन

अनुबंध के अंतर्गत 7 हजार 430 करोड़ रूपए के अनुमानित निवेश से इंदिरा सागर, बरगी, बाणसागर और बारना जलाशय में केज कल्चर सहित बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज आधारित इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा। केज कल्चर के जरिए लगभग 4 लाख टन का अतिरिक्त मत्स्य उत्पादन अपेक्षित है। इसके साथ ही एक्वापोनिक्स, हाइड्रोपोनिक्स, ग्रीन हाउस से 1 लाख 23 हजार टन वेजिटेबल्स आदि का भी उत्पादन होगा। राज्य सरकार की इस पहल से प्रदेश के मछुआरे विशेष रूप से लाभान्वित होंगे।

## राज्य सरकार इसी माह समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में तेजी से अग्रसरः सीएम

डॉ मुखर्जी की जयंती पर 15 दिवसीय जनकल्याण पखवाड़े की हो रही शुरुआत

### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जनसंघ के संस्थापक और प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर पौधरोपण किया। उन्होंने डॉ मुखर्जी का स्मरण करते हुए कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद जी की 125वीं जयंती पूरे सम्मान के साथ मनाई जा रही है। डॉ मुखर्जी के 'एक देश-एक विधान-एक निशान-एक प्रधान' के संकल्प को साकार करने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार इसी माह समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में अग्रसर है।



### रक्षा क्षेत्र के बनेंगे उपकरण, मिसाइल और हथियार

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश ने रक्षा क्षेत्र में नया इतिहास रचा है। अब रक्षा क्षेत्र के कई उपकरण, मिसाइल और हथियार मध्यप्रदेश की धरती पर बनेंगे। चंबल की धरती सालों से मां भारती की सेवा करने वाले वीर सैनिकों की भूमि रही है। अब यहां आधुनिक हथियार भी तैयार किए जाएंगे।

---

## ब्लड टेस्ट से शुरुआती कैंसर की होगी पहचान रिलायंस की स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज को मिला पेटेंट

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

रिलायंस इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज को ऐसी तकनीक के लिए भारतीय पेटेंट मिला है, जो सिर्फ ब्लड सैंपल के जरिए कैंसर की शुरुआती पहचान और उसके संभावित स्रोत का पता लगाने में मदद कर सकती है। यह प्लेटफॉर्म सेल-फ्री डीएनए का विश्लेषण करता है और इसमें जीनोम सीक्वेंसिंग, बायोलॉजिकल डेटा एनालिसिस और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल होता है।कंपनी के मुताबिक इस तकनीक की खासियत कैंसर से जुड़े डीएनए पैटर्न में बदलाव को पहचानना है, ताकि बीमारी का पता शुरुआती चरण में लगाया जा सके और मरीजों को बेहतर इलाज का मौका मिल सके। फिलहाल बड़ी संख्या में मरीजों में कैंसर की पहचान बीमारी के गंभीर चरणों में ही हो पाती है। स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज के सीईओ रमेश हरिहरन ने कहा कि यह पेटेंट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित लिक्विड बायोप्सी टेक्नोलॉजी के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

कंपनी का लक्ष्य ऐसे समाधान विकसित करना है, जो कैंसर स्क्रीनिंग को अधिक सटीक, बड़े पैमाने पर लागू करने योग्य और सुलभ बना सकें।

## ट्राइब आम्रपाली ने रामायण हेतु विशेष राम आभूषण तैयार किए

**नोएडा।** जैसे ही दुनिया ने रामायण में रणबीर कपूर को भगवान राम के रूप में पहली बार देखा, भारतीय सिनेमा की सबसे महत्वाकांक्षी पौराणिक फिल्मों में से एक के पीछे छिपी कला, विरासत और उत्कृष्ट शिल्पकौशल की एक अद्भुत कहानी भी सामने आई। फिल्म की आधिकारिक आभूषण सहयोगी ट्राइब आम्रपाली ने फिल्म के पात्रों के लिए विशेष आभूषण निर्मित किए हैं, जिनमें सदियों पुरानी पौराणिक कथाओं, प्रतीकों और भारतीय शिल्पकला को नई पीढ़ी के लिए एक सशक्त दृश्य अभिव्यक्ति के रूप में प्रस्तुत किया गया है।नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित और आईमैक्स के लिए फिल्माई गई रामायण, भारत के सबसे पूजनीय महाकाव्यों में से एक की भव्य सिनेमाई प्रस्तुति है, जो दिवाली 2026 और दिवाली 2027 में दो भागों में विश्वभर में प्रदर्शित होगी। यह फिल्म इस कालजयी महाकाव्य की भावनाओं, आदर्शों और विराट स्वरूप को अभूतपूर्व परिमाण पर जीवंत करने का प्रयास है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी माता सीता, यश रावण, सनी देओल भगवान हनुमान तथा रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे हैं।ट्राइब आम्रपाली के लिए यह सहयोग सिर्फ आभूषण निर्मित करने तक ही सीमित नहीं था, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को श्रद्धांजलि देने का एक प्रयास भी था। 18 महीनों से अधिक समय तक ब्रांड की डिज़ाइन टीम ने, तरंग अरोड़ा के रचनात्मक नेतृत्व और फिल्म की रचनात्मक टीम के साथ मिलकर, पौराणिक कथाओं, प्राचीन भारतीय आभूषणों, मंदिर कला, मूर्तिकला और विभिन्न प्रतीकों का गहन अध्ययन किया।


**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय**
**महेंद्रगढ़ (हरियाणा) - 123031**

**सीयूईटी 2026 के अंतर्गत स्नातक (यूजी) कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण आरंभ**

**शैक्षणिक सत्रः 2026-27**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ निम्नलिखित कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित सीयूईटी (यूजी) -2026 परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म आमंत्रित करता हैः

| स्नातक (यूजी) कार्यक्रम | | | |
|---|---|---|---|
| बी.वॉक. | • रिटेल एंड लोजिस्टिक्स मैनेजमेंट<br>• बायोमेडिकल साइंसेज<br>• इंडस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेंट | इंटीग्रेटेड कार्यक्रम | • बी.एससी. एम.एससी. इन केमेस्ट्री<br>• बी.एससी.एम.एससी. इन मेथेमेटिक्स<br>• बी.एससी. एम.एससी. इन फिजिक्स |
| • बी.एससी. (ऑनर्स) इन साइकोलॉजी | | | |

**महत्त्वपूर्ण तिथि**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि | 17 जुलाई, 2026 |
| पंजीकरण लिंक | https://cuhcuet.samarth.edu.in/ |

विस्तृत विवरण के लिए www.cuh.ac.in देखें। **कुलसचिव**



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी/84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित उर्फ बाबू उर्फ सोबर चन्द पुत्रः शेर्फड चन्द उर्फ राजू पताः मकान नं. 770, टाइप 1 क्वार्टर, गुलाबी बाग, दिल्ली और मकान नं. 19-ए, खसरा नं. 33/9, विकास विहार, चन्दर विहार, निलोठी, नई दिल्ली-110041** ने case **FIR No. 140/2013 U/s 392/394/323/411/34 IPC, थानाः मौरिस नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ बाबू उर्फ सोबर चन्द** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ बाबू उर्फ सोबर चन्द** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 140/2013 U/s 392/394/323/411/34 IPC, थानाः मौरिस नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ बाबू उर्फ सोबर चन्द** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 11.08.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री करनबीर सिंह
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-02
केन्द्रीय जिला, रूम नं. 26
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/9089/N/2026 (Court Matter)


## भारथक्लाउड ने पहले ब्रांड मैस्कॉट 'बादल' का किया अनावरण




**नई दिल्ली।** भारत के सॉवरेन एआई क्लाउड सेवा प्रदाता भारथक्लाउड ने आज अपने पहले ब्रांड मैस्कॉट बादल का अनावरण किया। यह कंपनी की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और पूरे भारत में व्यवसायों तथा उपयोगकर्ताओं के लिए क्लाउड और एआई तकनीकों को अधिक सहज, जुड़ावपूर्ण और सुलभ बनाने की उसकी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।जैसे-जैसे भारथक्लाउड व्यवसायों, संस्थानों, स्टार्टअप्स और सरकारी इकोसिस्टम के बीच अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रहा है, बादल को एक अत्यधिक तकनीकी श्रेणी को मानवीय स्वरूप प्रदान करने तथा प्रत्येक चरण में ग्राहकों के लिए क्लाउड अपनाने की यात्रा को सरल बनाने के उद्देश्य से प्रस्तुत किया जा रहा है। भारथक्लाउड के सह-संस्थापक राहुल तक्कल्लापल्ली ने कहा, क्लाउड तकनीक, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर भी शामिल है, कभी भी भय उत्पन्न करने वाली नहीं लगनी चाहिए। बादल के माध्यम से हम भारथक्लाउड को एक मानवीय पहचान दे रहे हैं और क्लाउड तथा एआई से जुड़ी बातचीत को अधिक आकर्षक, समावेशी और सुलभ बना रहे हैं। जैसे-जैसे भारत अपना डिजिटल भविष्य निर्मित कर रहा है, हमारा मानना है कि तकनीक को सहज, सुरक्षित और स्थानीय आवश्यकताओं तथा आकांक्षाओं से गहराई से जुड़ा रहना चाहिए।

## पिकलबॉल किंगडम इंडिया ने गुरुग्राम में अपना फ्लैगशिप मास्टर क्लब लॉन्च किया

**गुरुग्राम।** हरियाणा -पिकलबॉल किंगडम इंडिया ने गुरुग्राम में अपने फ्लैगशिप पिकलबॉल किंगडम मास्टर क्लब के शानदार उद्घाटन की घोषणा की है। यह भारत में पिकलबॉल के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम और इस खेल के विश्वस्तरीय विस्तार में देश की स्थिति को और मजबूत करता है। पिकलबॉल किंगडम यूएसएके सीनियर लीडर्स की मौजूदगी ने इस लॉन्च को और भी खास बना दिया, जिनमें कंपनी के संस्थापक एवं सीईओ ऐस रोड्रिग्स और बिज़नेस डेवलपमेंट के वाईस प्रेज़ीडेंट जेफ डनलप शामिल हैं। वे इस खास मौके का जश्न मनाने और ब्रांड की अंतर्राष्ट्रीय विकास योजनाओं को सपोर्ट करने के लिए भारत आए हैं। इस अवसर पर बीएक्यू विज़ार्ड्स प्राइवेट लिमिटेड पिकलबॉल किंगडम इंडिया के संस्थापकों भानु गुलाटी, अनुज दुग्गल और कुदरत अली ने कहा हमारे मास्टर क्लब की शुरुआत भारत में पिकलबॉल के लिए एक अहम पल है। पिकलबॉल किंगडम यूएसए के सीईओ ऐस रोड्रिग्स ने कहा पकलबॉल के लिए भारत में विकास के ढेरों अवसर हैं।

### मुख्य सचिव ने विभागों के सचिवों के साथ की बैठक

## सभी विभागों को बैकलॉग के रिक्त पदों पर भर्ती जल्द शुरू करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छग के मुख्य सचिव विकासशील ने मंत्रालय महानदी भवन में राज्य शासन के सभी विभागों के सचिवों की उच्चस्तरीय बैठक लेकर विभागीय योजनाओं और महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में लंबित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को बैकलॉग के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

साथ ही सचिवों से कहा कि वे अपने-अपने विभागों की योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर आम लोगों तक पहुंच सके। बैठक में ई-ऑफिस, लोक सेवा गारंटी, नियद नेल्लानार डैशबोर्ड, सुघ्घर छत्तीसगढ़, पीएम प्रगति पोर्टल, ई-प्रगति सीजी स्टेट पोर्टल, डी-रेगुलेशन ई-गजट, सेवा सेतु, ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं और पीएम सूर्य घर बिजली योजना सहित कई प्रमुख योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।




बैठक में वन एवं जलवायु परिवर्तन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, गृह, आदिम जाति विकास, महिला एवं बाल विकास, लोक निर्माण, मुख्यमंत्री एवं सुशासन, सामान्य प्रशासन, वाणिज्य एवं उद्योग, स्कूल शिक्षा, खाद्य, कृषि, परिवहन, नगरीय प्रशासन, कौशल विकास, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वाणिज्यिक कर सहित विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव उपस्थित रहे।

### 2025 बैच के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों से बोले- जिज्ञासाओं का किया समाधान

# डीजीपी मकवाना ने 9 आईपीएस को बताई अपनी सफलता की कुंजी ईमानदारी और सत्यनिष्ठा ही युवा अधिकारियों की सबसे बड़ी पूंजी

'साहबगिरी' नहीं, जनसेवा का भाव रखें; साइबर अपराध और नशामुक्ति को बताया बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कहा कि ईमानदारी और सत्यनिष्ठा ही किसी युवा प्रशासनिक अधिकारी की सबसे बड़ी पूंजी है। सोमवार को पुलिस मुख्यालय में मध्यप्रदेश संवर्ग के 2025 बैच के आठ परिवीक्षाधीन भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों ने डीजीपी कैलाश मकवाणा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान डीजीपी ने अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया, उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया और प्रशासनिक सेवा के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। डीजीपी ने कहा कि प्रशासनिक सेवा केवल एक पद नहीं, बल्कि जनता की सेवा का दायित्व है। प्रशिक्षण अवधि सीखने का सबसे महत्वपूर्ण अवसर होती है, इसलिए अधिकारी अपने वरिष्ठों के साथ-साथ अधीनस्थ कर्मचारियों से भी सीखने में संकोच न करें। उन्होंने कहा कि बदलते समय में नए आपराधिक कानून, साइबर सुरक्षा, साइबर फ्रॉड, नारकोटिक्स और नशामुक्ति जैसे विषय प्रशासनिक अधिकारियों के लिए जरूरी हैं।

इन चुनौतियों का सामना करने के लिए सीखना और तकनीक का प्रभावी उपयोग आवश्यक है।



प्रशिक्षु आईपीएस से चर्चा करते डीजीपी।

### 112 सेवा और नक्सलमुक्त प्रदेश का किया जिक्र

डीजीपी ने कहा कि डायल-100 को 112 आपातकालीन सेवा में बदलना आसान नहीं था। लगभग छह-सात महीने के लगातार प्रयास, टीमवर्क और समर्पण से इस व्यवस्था को सफलतापूर्वक लागू किया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी बड़े बदलाव के लिए धैर्य और निरंतर प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में मध्यप्रदेश नक्सल समस्या से मुक्त हुआ, जो सुरक्षा बलों, प्रशासन और जनता के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है।

### 'साहबगिरी' नहीं, जनसेवा का भाव रखें

डीजीपी ने अधिकारियों से कहा कि चयन के बाद कभी भी 'साहबगिरी' को अपने ऊपर हावी न होने दें। सकारात्मक सोच रखें, और अपने समकक्ष अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करें। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ऐसा कैडर है, जहां वरिष्ठ अधिकारियों से सीखने का अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। उन्होंने अधिकारियों से भ्रष्टाचार, भौतिकवादी सोच और व्यक्तिगत स्वार्थ से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि हर नागरिक की समस्या को अपनी समस्या समझकर उसका समाधान करने का प्रयास करें। इस अवसर पर आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी की कोर्स एसोसिएट डायरेक्टर प्रिया शर्मा सहित पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और 2025 बैच के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी उपस्थित रहे।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C./84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **नवीन, पुत्रः** जगबीर, **पताः** मकान नंबर 73 बी, कुंवर सिंह नगर, नांगलोई, दिल्ली, ने **FIR No. 859/2022 U/s 356/379/411 IPC थानाः नांगलोई, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नवीन** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नवीन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 859/2022 U/s 356/379/411 IPC थानाः नांगलोई, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **नवीन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.09.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रेनू
जेएमएफसी-10, कमरा नंबर 345, पहली मंज़िल
तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8951/OD/2026 (Court Matter)

## चिंतन

# ट्रंप का फीफा पर दबाव बनाना असामान्य कदम

पिछले करीब डेढ़ साल से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया में टैरिफ, अर्थव्यवस्था, व्यापार, शांति, भू-राजनीति, सैन्य हस्तक्षेप और रणनीतिक दबाव से उथल-पुथल मचा रखी है। हाल का मामला इन सबसे अलग है। अब ट्रंप ने खेल के मैदान में भी एंट्री मारकर दुनियाभर के खेल संघों को चौंका दिया है। उन्होंने फीफा पर दबाव डालकर अमेरिकी स्ट्राइकर फोलारिन बालोगुन पर लगा एक मैच का प्रतिबंध (निलंबन) रद्द करवा दिया। इसके लिए ट्रंप ने फीफा अध्यक्ष गियानी इन्फेंटिनो से व्यक्तिगत रूप से बात की। हालांकि अमेरिकी टीम को बेल्जियम ने 3-1 से करारी मात दी और वह क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई तक नहीं कर पाई। देखा जाए तो यह प्रकरण अपने आप में एक अजूबा है। सामान्यतः किसी भी देश के खिलाड़ी के लिए मैच में रेफरी का फैसला आने के बाद उसे चुनौती दी जाती है और फिर फीफा का निर्णायक मंडल पूरे मामले की समीक्षा कर अपना निर्णय देता है। स्थापित प्रक्रिया का यही उद्देश्य होता है कि खेल के नियम सभी टीमों और खिलाड़ियों पर समान रूप से लागू हों तथा किसी भी तरह के राजनीतिक या बाहरी दबाव का प्रभाव निर्णयों पर न पड़े। यदि किसी शक्तिशाली देश का शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व सीधे हस्तक्षेप कर फैसले बदलवाने लगे तो खेलों की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। ऐसा पहली बार है जब किसी देश के राष्ट्रपति ने सार्वजनिक रूप से हस्तक्षेप कर अपने खिलाड़ी का निलंबन हटवाया है। फीफा ने भले ही इसे सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा बताने का प्रयास किया हो, लेकिन दुनिया भर के खेल विशेषज्ञों और खेल संघों के बीच इस घटनाक्रम को लेकर असहजता दिखाई दी है। फीफा लंबे समय से यह दावा करता रहा है कि वह राजनीति से स्वतंत्र संस्था है। कई देशों के फुटबॉल महासंघों पर सरकारी हस्तक्षेप के आरोप में प्रतिबंध तक लगाए जा चुके हैं। ऐसे में यदि किसी महाशक्ति के राष्ट्रपति के हस्तक्षेप को अलग नजरिए से देखा जाता है तो दोहरे मानदंडों की बहस तेज होना स्वाभाविक है। मैदान पर खिलाड़ी की पहचान उसके प्रदर्शन से होती है, न कि उसके देश की राजनीतिक ताकत से। यदि किसी खिलाड़ी को यह संदेश मिले कि राजनीतिक प्रभाव से खेल संबंधी फैसले बदले जा सकते हैं, तो इससे खेल भावना को आघात पहुंचेगा। हालांकि घटनाक्रम का खेल परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा। अमेरिका बेल्जियम से हार गया और बालोगुन का मैदान पर उतरना भी टीम को आगे नहीं ले जा सका। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि किसी भी खेल में अंतिम फैसला खिलाड़ियों का प्रदर्शन ही करता है, न कि राजनीतिक दबाव। जीत और हार खेल का स्वाभाविक हिस्सा हैं और इन्हें स्वीकार करना ही खेल भावना की असली पहचान है। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब आने वाले वर्षों में अमेरिका कई बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी करने जा रहा है। विशेष रूप से लॉस एंजिलिस ओलंपिक को लेकर दुनिया की निगाहें अमेरिका पर टिकी हैं। ऐसे में यदि राजनीतिक हस्तक्षेप की धारणा मजबूत होती है तो अंतरराष्ट्रीय खेल संस्थाओं की निष्पक्षता और मेजबान देश की भूमिका दोनों पर सवाल उठ सकते हैं। इसलिए बेहतर होगा कि सरकारें खिलाड़ियों के विकास, खिलाड़ियों की सुविधाओं और खेल ढांचे को मजबूत करने तक अपनी भूमिका सीमित रखें तथा मैदान के फैसले खेल संस्थाओं और नियमों पर ही छोड़ दें। खेल तभी खेल बने रहेंगे, जब उन पर राजनीति की छाया हावी न हो।



मुद्दा
ममता कुशवाहा

# खेल महाकुंभ की पर्यावरणीय चुनौती

हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट ने चेतावनी दी है कि इस साल का फीफा विश्व कप अब तक का सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाला विश्व कप बन सकता है। यह चेतावनी केवल फुटबॉल तक सीमित नहीं है, बल्कि आधुनिक खेल आयोजनों और उनके पर्यावरणीय प्रभावों पर गंभीर प्रश्न भी खड़े करती है। वर्तमान समय में पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन की चुनौती से जूझ रही है। कहीं भीषण गर्मी का प्रकोप है, कहीं बाढ़ और चक्रवात तबाही मचा रहे हैं, तो कहीं जंगलों में आग लाखों हेक्टेयर भूमि को निगल रही है। वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि यदि कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित नहीं किया गया, तो पृथ्वी का भविष्य और अधिक संकटग्रस्त हो जाएगा।

फुटबॉल को दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल माना जाता है। यह केवल एक खेल नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की भावनाओं, सपनों और उत्साह का प्रतीक है। विश्व कप जैसे आयोजनों के दौरान पूरा विश्व एक साझा उत्सव में डूब जाता है, लेकिन खेलों की चमक-दमक और उत्साह के पीछे एक ऐसा पक्ष भी छिपा है, जिस पर लंबे समय तक पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। यह पक्ष है पर्यावरण पर पड़ने वाला उसका प्रभाव। हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट ने चेतावनी दी है कि इस साल का फीफा विश्व कप अब तक का सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाला विश्व कप बन सकता है। यह चेतावनी केवल फुटबॉल तक सीमित नहीं है, बल्कि आधुनिक खेल आयोजनों और उनके पर्यावरणीय प्रभावों पर गंभीर प्रश्न भी खड़े करती है। वर्तमान समय में पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन की चुनौती से जूझ रही है। कहीं भीषण गर्मी का प्रकोप है, कहीं बाढ़ और चक्रवात तबाही मचा रहे हैं, तो कहीं जंगलों में आग लाखों हेक्टेयर भूमि को निगल रही है। वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि यदि कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित नहीं किया गया, तो पृथ्वी का भविष्य और अधिक संकटग्रस्त हो जाएगा।

ऐसे समय में जब प्रत्येक क्षेत्र से पर्यावरणीय जिम्मेदारी निभाने की अपेक्षा की जा रही है, तब खेल जगत भी इससे अछूता नहीं रह सकता। खेलों के विशाल आयोजन, जिनमें लाखों दर्शक और हजारों खिलाड़ी शामिल होते हैं, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़ी मात्रा में कार्बन उत्सर्जन करते हैं। वर्ष 2026 का फीफा विश्व कप अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में चल रहा है। यह पहली बार होगा जब विश्व कप में 48 टीमें भाग लेंगी। पहले की तुलना में अधिक टीमें, अधिक मैच और अधिक शहर इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे। कुल 16 शहरों में 104 मैच खेले जाएंगे। स्वाभाविक रूप से इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों, अधिकारियों, पत्रकारों और दर्शकों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक यात्रा करनी होगी। यही वह प्रमुख कारण है जिसके चलते कार्बन उत्सर्जन में भारी वृद्धि की आशंका व्यक्त की जा रही है।

कार्बन उत्सर्जन का सबसे बड़ा स्रोत हवाई यात्रा होती है। विश्व कप जैसे आयोजनों में लाखों लोग विमानों के माध्यम से हजारों किलोमीटर की यात्रा करते हैं। जब टीमें एक देश से दूसरे देश और एक शहर से दूसरे शहर जाती हैं, तब ईंधन की खपत और कार्बन उत्सर्जन तेजी से बढ़ता है। वर्ष 2026 के इस विश्व कप में तीन देशों के अनेक शहरों को मेजबानी दी गई है। इससे यात्राओं की दूरी और संख्या दोनों में वृद्धि होगी। यही कारण है कि शोधकर्ताओं का मानना है कि यह आयोजन पर्यावरणीय दृष्टि से अब तक का सबसे भारी विश्व कप साबित हो सकता है। दरअसल, खेल आयोजनों का पर्यावरणीय प्रभाव केवल यात्रा तक सीमित नहीं होता। स्टेडियमों के निर्माण और रखरखाव में भी बड़ी मात्रा में ऊर्जा और संसाधनों का उपयोग किया जाता है। विशाल स्टेडियमों को रोशन करने, वातानुकूलित रखने, सुरक्षा व्यवस्था संचालित करने और प्रसारण सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भारी बिजली की आवश्यकता होती है। यदि यह ऊर्जा जीवाश्म ईंधनों से प्राप्त हो रही है, तो उसका सीधा संबंध कार्बन उत्सर्जन से जुड़ जाता है। आज खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रह गया है। यह एक



विशाल वैश्विक उद्योग बन चुका है। अरबों डॉलर के निवेश, प्रायोजन और व्यावसायिक हित इसके साथ जुड़े हुए हैं। फुटबॉल क्लब, प्रसारण कंपनियां और बहुराष्ट्रीय कंपनियां खेल आयोजनों को एक बड़े आर्थिक अवसर के रूप में देखती हैं। जब आर्थिक लाभ पर्यावरणीय जिम्मेदारी पर हावी होने लगता है, तब समस्याएं जन्म लेने लगती हैं। यही चिंता शोधकर्ताओं ने भी व्यक्त की है कि फुटबॉल का बढ़ता व्यावसायीकरण और आयोजनों का निरंतर विस्तार पर्यावरण पर अतिरिक्त दबाव डाल रहा है। आज कल जलवायु परिवर्तन का प्रभाव खेलों पर भी पड़ रहा है। बढ़ता तापमान खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और प्रदर्शन को प्रभावित कर रहा है। कई देशों में अत्यधिक गर्मी के कारण मैचों का समय बदलना पड़ा है। कुछ स्थानों पर मौसम की अनिश्चितता के कारण प्रतियोगिताओं को स्थगित करना पड़ा। वर्षा, तूफान और गर्म हवाएं खेल आयोजनों के लिए नई चुनौतियां पैदा कर रही हैं। अर्थात जिस जलवायु संकट को खेल उद्योग अनजाने में बढ़ा रहा है, वही संकट अब खेलों के अस्तित्व के लिए भी खतरा बनता जा रहा है। वैज्ञानिक आंकड़े इस चिंता को और गंभीर बना देते हैं। वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की सांद्रता लगातार बढ़ रही है। औद्योगिक क्रांति से पहले यह स्तर लगभग 280 पीपीएम था, जबकि आज यह 430 पीपीएम से अधिक पहुंच चुका है। यह वृद्धि केवल एक संख्या नहीं है, बल्कि पृथ्वी के बदलते पर्यावरण का संकेत है। बढ़ती कार्बन डाइऑक्साइड पृथ्वी के तापमान को बढ़ा रही है, जिससे ग्लेशियर पिघल रहे हैं, समुद्र का स्तर बढ़ रहा है और प्राकृतिक आपदाओं की तीव्रता में वृद्धि हो रही है। ऐसे में प्रत्येक क्षेत्र को अपने कार्बन पदचिह्न को कम करने की आवश्यकता है। फुटबॉल और अन्य खेल संगठनों ने हाल के वर्षों में पर्यावरणीय प्रतिबद्धताओं की घोषणाएं अवश्य की हैं। कई संगठनों ने कार्बन न्यूट्रल बनने, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग और अपशिष्ट प्रबंधन को बेहतर बनाने की योजनाएं प्रस्तुत की हैं। कुछ स्टेडियम सौर ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं, जबकि कुछ स्थानों पर प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि केवल घोषणाएं पर्याप्त नहीं हैं। यदि आयोजन लगातार बड़े और अधिक विस्तृत होते जाएंगे, तो पर्यावरणीय लाभ सीमित रह जाएंगे। इस तरह भविष्य के खेल आयोजनों के लिए एक नई सोच की आवश्यकता है। आयोजकों को ऐसे मॉडल अपनाने होंगे जिनमें यात्रा की दूरी कम हो, स्थानीय संसाधनों का अधिक उपयोग हो और नवीकरणीय ऊर्जा को प्राथमिकता दी जाए। दर्शकों को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। स्टेडियमों के निर्माण में पर्यावरण-अनुकूल सामग्री का प्रयोग बढ़ाना होगा। साथ ही आयोजनों के आकार और विस्तार को लेकर भी संतुलित दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक होगा। यह भी महत्वपूर्ण है कि खेल जगत अपनी लोकप्रियता का उपयोग पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाने के लिए करे। फुटबॉल खिलाड़ियों और खेल सितारों का प्रभाव करोड़ों लोगों पर पड़ता है। यदि वे जलवायु संरक्षण का संदेश देंगे, तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद मिल सकती है। खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का शक्तिशाली साधन भी बन सकता है। फीफा विश्व कप 2026 को लेकर उठी कार्बन उत्सर्जन की चिंता हमें एक व्यापक सच्चाई की ओर संकेत करती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि खेलों की चमक के साथ पर्यावरणीय चेतना का प्रकाश भी उतना ही प्रखर हो, ताकि आने वाली पीढ़ियां एक स्वस्थ, संतुलित और सुरक्षित पृथ्वी पर अपने सपनों का खेल खेल सकें।

( लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
सोनम लववंशी



# मां की गोद से डे-केयर तक ... क्या सुरक्षित है बचपन

किसी भी समाज का भविष्य उसके संसद भवनों, शेयर बाज़ारों या कॉर्पोरेट टावरों में नहीं, उन नन्हें हाथों में पलता है जो अभी दुनिया पर भरोसा करना सीख रहे हैं। यही कारण है कि किसी राष्ट्र की सभ्यता का सबसे बड़ा पैमाना यह नहीं होता कि उसकी अर्थव्यवस्था कितनी तेज़ी से बढ़ रही है, बल्कि यह होता है कि उसके सबसे मासूम नागरिक कितने सुरक्षित हैं। जब दो-तीन वर्ष का एक बच्चा, जो बोलकर अपना दर्द भी बता नहीं सकता, उसी स्थान पर प्रताड़ित होने लगे जहां उसे सुरक्षा और स्नेह मिलना चाहिए, तब ये सिर्फ एक आपराधिक घटना नहीं रहती, पूरे समाज के नैतिक ढांचे पर प्रश्नचिह्न बन जाती है। बेंगलुरु के एक कॉर्पोरेट परिसर स्थित डे-केयर सेंटर से सामने आए कथित दुर्व्यवहार के वीडियो ने पूरे देश को झकझोर दिया है। वीडियो में छोटे बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार के आरोप सामने आने के बाद पुलिस ने कर्मचारियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया। बाल अधिकार संस्थाओं ने हस्तक्षेप किया और संबंधित डे-केयर केंद्र को बंद करना पड़ा। यह कार्रवाई आवश्यक थी, लेकिन उससे भी बड़ा प्रश्न यह है कि यदि यह वीडियो सामने नहीं आता, तो क्या उन बच्चों की पीड़ा कभी व्यवस्था तक पहुंच पाती? क्या हमारे संस्थागत तंत्र की संवेदनशीलता अब केवल वायरल वीडियो पर निर्भर हो गई है? भारत तेज़ी से बदल रहा है। संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, महानगर फैल रहे हैं और लाखों महिलाएं कार्यक्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। ऐसे में डे-केयर अब सुविधा नहीं, सामाजिक आवश्यकता बन चुका है। सरकार महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने की बात करती है। कॉर्पोरेट जगत 'समावेशी कार्यस्थल' और 'वर्क-लाइफ बैलेंस' के दावे करता है। इस पूरे विमर्श में सबसे अहम सवाल अक्सर छूट जाता है कि जब माता-पिता कार्यस्थल पर होंगे, तब उनके छोटे बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन निभाएगा? इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017 के तहत 50 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों में क्रेच सुविधा का प्रावधान किया गया।

दूसरी ओर केंद्र सरकार पालना योजना के माध्यम से आंगनवाड़ी-सह-क्रेच व्यवस्था का विस्तार कर रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देशभर में 14,599 आंगनवाड़ी-सह-क्रेच स्वीकृत किए जा चुके हैं और 2,448 क्रेच संचालित हैं। उद्देश्य स्पष्ट है कामकाजी महिलाओं को सहयोग और छोटे बच्चों को सुरक्षित देखभाल उपलब्ध कराना। लेकिन यहीं सबसे बड़ा विरोधाभास दिखाई देता है। यदि योजनाएं हैं, कानून हैं और संस्थाएँ भी हैं, तो फिर अभिभावकों का भरोसा बार-बार क्यों टूट रहा है? इसका उत्तर केवल किसी एक कर्मचारी की क्रूरता में नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की कमजोरी में छिपा है जहां डे-केयर खोलना अपेक्षाकृत आसान है, पर उसकी गुणवत्ता, कर्मचारियों के प्रशिक्षण, मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन, पुलिस सत्यापन और नियमित निरीक्षण की व्यवस्था अब भी बिखरी हुई है। बच्चों की सुरक्षा केवल भवन, खिलौनों और रंगीन दीवारों से सुनिश्चित नहीं होती; वह प्रशिक्षित और संवेदनशील मानव संसाधन से सुनिश्चित होती है। यूनिसेफ और प्रारंभिक बाल विकास से जुड़े वैश्विक अध्ययन बताते हैं कि जीवन के पहले पांच वर्ष बच्चे के मस्तिष्क और व्यक्तित्व के विकास के लिए सबसे निर्णायक होते हैं। इसी दौर में मिला प्रेम, सम्मान और सुरक्षा उसके पूरे जीवन की दिशा तय करते हैं। इसके विपरीत भय, अपमान और हिंसा उसके भावनात्मक विकास पर गहरा प्रभाव छोड़ सकते हैं। इसलिए डे-केयर केवल बच्चों को कुछ घंटों तक रखने की जगह नहीं होता यह भविष्य गढ़ने का स्थान है। यदि वही स्थान भय का पर्याय बन जाए, तो उसका नुकसान केवल एक परिवार नहीं, पूरा समाज उठाता है। बेंगलुरु की घटना को किसी एक शहर या एक कंपनी की समस्या मानकर भुला देना आसान होगा। कठिन काम यह स्वीकार करना है कि यह घटना हमारी नीतियों, हमारी निगरानी व्यवस्था और हमारी सामाजिक प्राथमिकताओं की कमियों को उजागर करती है। अंततः किसी भी राष्ट्र का भविष्य संसद की बहसों, आर्थिक सर्वेक्षणों या कॉर्पोरेट मुनाफ़ों में नहीं लिखा जाता। वह उन नन्हे कदमों में आकार लेता है जो अभी दुनिया पर भरोसा करना सीख रहे हैं। यदि हम उस भरोसे की रक्षा नहीं कर सके, तो इतिहास हमारी आर्थिक उपलब्धियों से अधिक हमारी नैतिक विफलताओं को याद रखेगा। क्योंकि किसी भी सभ्यता की सबसे बड़ी परीक्षा उसके बच्चों की मुस्कान होती है। यदि वही मुस्कान भय में बदल जाए, तो विकास की सबसे चमकदार इमारतें भी भीतर से खोखली साबित होती हैं।

( लेखिका शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## राम सब घट मेरा साइयां



संकलित
**दर्शन**

पूरे संसार में राम का निवास है, सबमें भगवान हैं और हम उन्हें हाथ जोड़कर प्रणाम करते हैं। राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में है। कबीर ने कहा है-'राम सब घट मेरा साइयां'... राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में हैं। सदा सर्वदा सबके हृदय में रहेंगे, लेकिन हमारे स्वार्थ, हमारे हेतु, हमारी मानसिकताओं के कारण कभी-कभी हम राम को साधन बना बैठते हैं। इसलिए हम राम को सही रूप में नहीं समझ पाते। प्रत्येक व्यक्ति में यदि हमें सिया राम के दर्शन होने लगें तो तमाम भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। जातीय आधार पर भेदभाव काफी हद तक कम हुआ है, लेकिन अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। इसके लिए धर्माचार्यों को आगे आना होगा। धार्मिक क्षेत्र हो, राजनीतिक या फिर सामाजिक क्षेत्र, अंतिम व्यक्ति पूज्य होना चाहिए। अगर अंतिम व्यक्ति आप तक नहीं पहुंच पा रहा है तो यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप उस तक पहुंचें। भारतीय दर्शन में इहलोक और परलोक की बात आती है। इहलोक और परलोक का कल्याण करने की बात मेरी दृष्टि में इह यानी अपने संसार के साथ-साथ दूसरों का भी कल्याण हो, ऐसा प्रयास करना ही इहलोक और परलोक को सुधारना है। दूसरों के कल्याण की भावना का क्षेत्र बहुत व्यापक है। हम व्यापक व विराट की संतान हैं, इसलिए दूसरों के कल्याण का भारतीय सोच पूरे विश्व के कल्याण का सोच है। जब हम वसुधैव कुटुंबकम की बात करते हैं, तो दुनिया के सभी देशों के कल्याण की बात करते हैं।

## मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है



संकलित
**प्रेरणा**

टी.एन. शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुऐ रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहां मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लड़के ने इंकार में सर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पढ़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहा- साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टी.एन. शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा है- मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

## अंतर्मन




### आज की पाती


#### डिजिटल तकनीक का करें सही उपयोग

आज बच्चों के सामने सबसे बड़ा खतरा केवल इंटरनेट का बढ़ता उपयोग नहीं, बल्कि उसका अनियंत्रित और असुरक्षित उपयोग है। डिजिटल तकनीक ने शिक्षा, ज्ञान और संवाद के नए द्वार खोले हैं, लेकिन इसके साथ ही बच्चों का बचपन साइबर खतरों की गिरफ्त में आता जा रहा है। मोबाइल स्क्रीन पर बीतने वाला बढ़ता समय उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर गंभीर प्रभाव डाल रहा है। डिजिटल युग से बच्चों को दूर रखना समाधान नहीं है, बल्कि उन्हें सुरक्षित और जिम्मेदार बनाना सबसे बड़ी आवश्यकता है। सरकार, तकनीकी कंपनियां, विद्यालय, अभिभावक और समाज यदि मिलकर प्रयास करें, तो ऐसी व्यवस्था बनाई जा सकती है जहां बच्चे इंटरनेट के उपभोक्ता नहीं, बल्कि सुरक्षित, जागरूक, सम्मानित और सशक्त नागरिक बनकर देश के भविष्य को नई दिशा दें।

*– विजय देशमुख, दुर्ग*


## ट्रेंड

### सर्वोच्च नागरिक सम्मान




पीएम मोदी को इंडोनेशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया जाना गर्व की बात है। यह भारत और इंडोनेशिया के बीच गहरी दोस्ती और दुनिया में भारत के बढ़ते सम्मान का एक और प्रमाण है।
**-अन्नपूर्णा देवी,** केंद्रीय बाल विकास मंत्री

### जनता को विकल्प दें




मोदी जी कृपया जनता को विकल्प दें। देश के हर पेट्रोल पंप पर ई10, ई20 और ई0 उपलब्ध होने चाहिए। यह फैसला जनता का होना चाहिए कि वे अपनी गाड़ी में कौन सा पेट्रोल डलवाना चाहते हैं, सरकार का नहीं।
**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### जवाबदेही तय नहीं



राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी का मुद्दा देशभर के गांवों तक पहुंच गया है और इसे लेकर सभी लोगों में व्यापक आक्रोश है। भाजपा-आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने मिलकर एकतरफा तरीके से मंदिर ट्रस्ट का गठन किया, लेकिन किसी की भी जवाबदेही तय नहीं की गई।
**- अशोक गहलौत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

### तेल कंपनियों को लाभ



दुनिया भर में कच्चे तेल के दाम गिरने से पेट्रोल-डीजल के दामों में भारी कमी आई है और दूसरे देशों की जनता को तेल के घटे दामों के रूप में लाभ मिला है लेकिन इसके विपरीत भारत में भाजपा सरकार दाम नहीं घटा रही है और सरकार कंपनियों को लगातार फायदा पहुंचाने में लगी है।
**- अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

## करंट अफेयर

### ईंधन भंडार घटने से पूरे क्यूबा में बिजली आपूर्ति हुई ठप्प



ईंधन भंडार में लगातार कमी और जर्जर होती बिजली वितरण व्यवस्था के बीच सोमवार को पूरे क्यूबा में बिजली गुल हो गई। करीब एक करोड़ की आबादी वाले इस द्वीपीय देश में बिजली अपूर्ति ठप होने की जानकारी सरकारी बिजली कंपनी 'इलेक्ट्रिक यूनियन' ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर दी। कंपनी ने कहा कि बिजली बाधित होने के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं, ऊर्जा एवं खनन मंत्रालय ने बताया कि बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। क्यूबा में इस वर्ष जनवरी से ही ईंधन का गंभीर संकट बना हुआ है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा क्यूबा को तेल बेचने वाले या उसकी आपूर्ति करने वाले देशों पर शुल्क लगाने की चेतावनी दिए जाने के बाद से देश का आर्थिक और वित्तीय संकट और गहरा गया है। ईंधन संकट के कारण सार्वजनिक परिवहन लगभग ठप हो गया है, वहीं अस्पतालों में हजारों निर्धारित सर्जरी भी रद्द करनी पड़ी हैं। ऊर्जा मंत्री विसेंटे दे ला ओ लेवी ने बताया कि बिजली गुल होने के कुछ ही घंटों बाद देशभर में छोटे–छोटे विद्युत तंत्र (माइक्रोसिस्टम) चालू कर दिए गए थे। उन्होंने कहा, 'हम जटिल स्थिति का सामना कर रहे हैं, जो हमारे ऊपर लगाए गए ऊर्जा प्रतिबंधों के कारण और गंभीर हो गई है।

## ऑफ बीट

### आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे



क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं – लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है – एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा – 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

### केंद्रीय मंत्री ने लॉन्च किया 'प्रगति' प्रोजेक्ट, 20 हजार कृषि-उद्यमी और 20 लाख किसानों को सशक्त बनाने का संकल्प

# केवल खेती नहीं, वैल्यू एडिशन और विविधीकरण से बढ़ेगी किसान की आय: शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को 'प्रगति' नामक एक राष्ट्रीय पहल का शुभारंभ किया जिसका उद्देश्य 20 हजार ग्रामीण युवाओं को कृषि-उद्यमी बनाकर देश भर के 20 लाख छोटे और सीमांत किसानों की आय, उत्पादकता और आजीविका में व्यापक सुधार लाना है। यह बहु-साझेदार पहल भारत में समावेशी, टिकाऊ और जलवायु-संवेदनशील कृषि परिवर्तन की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

अपने संबोधन में केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि विकसित भारत का सपना विकसित कृषि और समृद्ध गांवों के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस केवल उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि लागत घटाकर किसानों की आय बढ़ाना, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना और कृषि को लाभकारी बनाना है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि छोटे जोत वाले किसानों के लिए पारंपरिक खेती पर्याप्त नहीं है, इसलिए वैल्यू एडिशन, प्रोसेसिंग और कृषि आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होंने बताया कि 'प्रगति' इसी सोच का विस्तार है जो किसानों को तकनीक, मशीनीकरण, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और बाजार से जोड़कर उनकी वास्तविक आय बढ़ाने का रास्ता तैयार करेगा।

यह पहल देश के प्रमुख कृषि राज्यों- मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, असम और झारखंड में लागू की जाएगी। कार्यक्रम के तहत तैयार किए जाने वाले कृषि-उद्यमी गांव स्तर पर सलाह, मिट्टी परीक्षण, मशीन सेवाएं, वित्तीय लिंक, बाजार कनेक्ट और वैकल्पिक आय के अवसर उपलब्ध कराएंगे। चौहान ने कहा कि केवल खेती करने से काम नहीं चलेगा, हमें वैल्यू एडिशन और विविधीकरण की ओर बढ़ना होगा- बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन और मधुमक्खी पालन जैसे क्षेत्रों से किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि संभव है। उन्होंने तकनीक के उपयोग, ड्रोन, डिजिटल सलाह और वैज्ञानिक खेती को भविष्य का आधार बताया।

कार्यक्रम में महिला भागीदारी को विशेष महत्व देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में "कृषि सखी" और महिला उद्यमी इस बदलाव की धुरी बनेंगी और एक-एक उद्यमी पूरे गांव की तस्वीर बदल सकता है। श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि "प्रगति₹ केवल एक योजना नहीं, बल्कि परिवर्तन का संकल्प है। यह गांवों को आत्मनिर्भर, रोजगारयुक्त और सशक्त बनाने का माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि राज्यवार कृषि रोडमैप और वैज्ञानिक आधार पर फसल योजना के जरिए सरकार कृषि क्षेत्र में व्यापक बदलाव की दिशा में काम कर रही है।

यह कार्यक्रम एग्री-एंटरप्रेन्योर ग्रोथ फाउंडेशन (एईजीएफ) द्वारा भारत के 14 राज्यों में क्रियान्वित पूर्ववर्ती कृषि-उद्यमिता पहलों से प्राप्त अनुभवों की नींव पर तैयार किया गया है। ₹प्रगति₹ का उद्देश्य मौजूदा 26,000 से अधिक कृषि-उद्यमियों के नेटवर्क के अतिरिक्त 20,000 कृषि-उद्यमियों का एक राष्ट्रव्यापी पारितंत्र तैयार करना है जिसमें समावेशी भागीदारी और क्षेत्र के भीतर संतुलित प्रतिनिधित्व पर विशेष बल दिया जाएगा। इस पहल से 20 लाख से अधिक लघु एवं सीमांत किसानों के लाभान्वित होने की संभावना है जिनमें महिला किसानों की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी।

## खबर संक्षेप

### 1.55 लाख करोड़ रुपए के ऋण को मंजूरी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को बताया कि इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीएलजीएस) 5.0 के तहत लॉन्च होने के बाद से अब तक 4,11,497 गारंटी जारी की जा चुकी हैं और इसके तहत कुल 1,55,229 करोड़ की गारंटी दी गई हैप्रभावित कारोबारों को बढ़ाएंगे।

### महाराष्ट्र की राजनीति में फिर हलचल बढ़ी



**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज़ है। अटकलें हैं कि शरद पवार की एनसीपी (शरद पवार) नया राजनीतिक रास्ता तलाश रही है। चर्चा है कि कांग्रेस में विलय की संभावना कमजोर पड़ने के बाद पार्टी अब एनडीए) के साथ जाने के विकल्प पर मंथन कर रही है। हालांकि पार्टी दावों को सिरे से खारिज कर रही है। भाजपा भी नकार रही है।

### सपा ने दुबे को मानहानि का नोटिस भेजा

**लखनऊ।** सपा ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को मानहानि का कानूनी नोटिस भेजा है। यह कार्रवाई अयोध्या के कथित चढ़ावा गड़बड़ी मामले के आरोपी टिन्नू यादव को लेकर सोशल मीडिया पर किए गए दावों और पोस्ट के बाद की गई है। इअध्यक्ष अखिलेश यादव ने दुबे को पोस्ट हटाने के लिए चेतावनी दी थी।

### गलतफहमी दूर करने की मिली जिम्मेदारी, चन्नी और रंधावा नहीं पहुंचे

# बाजवा करेंगे मध्यस्थता, समझाइश देंगे अनुशासनहीनता पर नेताओं को नोटिस

बाजवा के साथ बघेल ने की 45 मिनट बात

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़/नई दिल्ली

चुनाव से पहले पंजाब कांग्रेस दोफाड़ न हो, इसके लिए नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा मध्यस्थता करते हुए प्रदेश प्रभारी भूपेश बघेल के साथ विवाद को शांत करवाने का प्रयास करेंगे। बघेल ने मध्यस्थता की अहम जिम्मेदारी बाजवा को सौंपी हैं। इसी प्रकरण में अनुशासनहीनता पर घनौर के पूर्व विधायक को पंजाब कांग्रेस की अनुशासन कमेटी ने नोटिस जारी कर दिया है।

- चुनाव के पहले कांग्रेस में दो फाड़ रोकने की कवायद शुरू

चंडीगढ़ पहुंचते ही बघेल कांग्रेस भवन जाने के बजाय सीधे नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा के घर पहुंचे।

यहां उन्होंने बाजवा के साथ 45 मिनट बातचीत की। बघेल ने इस दौरान बाजवा को सभी नाराज नेताओं की उनसे बैठक करवाने की जिम्मेदारी सौंपी है। इसकी पुष्टि करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि पार्टी एकजुट रहे, वरिष्ठ नेता होने के नाते यह उनकी भी जिम्मेदारी है। जिन नेताओं के मतभेद है, वे सभी उनके संपर्क में हैं।

कांग्रेस में बगावत के सुर तेज


प्रताप सिंह बाजवा


भूपेश बघेल

### 5 दिन में नेताओं से करेंगे बातचीत

आने वाले पांच दिन में वे और प्रभारी बघेल सभी नेताओं से बात करेंगे। बाजवा के अनुसार बघेल ने आश्वस्त किया है कि वे सभी नेताओं के मनमुटाव दूर करेंगे, किसी को विधानसभा हलकों के संदर्भ में यदि कोई गलतफहमी है तो बघेल उसे भी स्पष्ट करेंगे। बाजवा ने कहा, उन्हें पूरी उम्मीद है कि सारे मसले इस हफ्ते निपट जाएंगे। यदि कोई बात रह जाती है तो निश्चित तौर पर नेताओं को हाईकमान से भी मिलवाया जाएगा।

### केंद्रीय टीम की बघेल से चर्चा

*मसले को शांत रखने और कुछ वरिष्ठ नेताओं से मिलने के लिए प्रियंका गांधी की ओर से भेजी गई दो वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं की टीम ने भी प्रदेश भारी भूपेश बघेल से बैठक कर उनसे इस विवाद के मौजूदा हालात व फीडबैक पर चर्चा की। उसके टीम दिल्ली लौट गई। यह टीम हाईकमान को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। बघेल भी इस विवाद को सुलझाने में केंद्रीय टीम के इनपुट व फीडबैक का इस्तेमाल करेंगे। दिल्ली लौटकर बघेल को भी अपनी रिपोर्ट हाईकमान को देनी है।*

### विधायक से मांगा जवाब



प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने साफ कर दिया है कि इस प्रकरण में कोई भी नेता ऐसी टिप्पणी न करे जो अनुशासनहीनता के दायरे में आए। इसी कड़ी में पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति के चेयरमैन अवतार हेनरी ने घनौर के पूर्व विधायक मदन लाल जलालपुर को नोटिस जारी कर दिया है। उन्हें जारी नोटिस में कहा गया है कि उन्होंने पार्टी हाईकमान, वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल और भूपेश बघेल के विरुद्ध आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणियां की हैं। इन पार्टी विरोधी गतिविधियों से कांग्रेस के पदाधिकारियों और समस्त कार्यकर्ताओं में रोष है।

### चन्नी ने एकता पर दिया जोर



बगावत के झंडाबरदार पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी ने भूपेश बघेल के आने से पहले सोशल मीडिया में अपने खेमे के नेताओं का फोटो वायरल कर लिखा-एकता में बल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मोरिंडा आवास पर जो बैठक नाराज कांग्रेसियों की हुई थी, यह उसी कड़ी का अगला हिस्सा है। और सुखजिंदर सिंह रंधावा के बैठक में शामिल नहीं होने के सवाल पर वड़िंग ने कहा कि दोनों नेताओं से भूपेश बघेल की फोन पर बातचीत हो चुकी है।

### बाजवा और भूपेश ने अलग-अलग बैठक की

*विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी का मंथन लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। कांग्रेस में गुटबाजी के बीच विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश प्रभारी भूपेश लगातार कांग्रेस नेताओं से मिले। पंजाब कांग्रेस भवन में पार्टी के प्रदेश प्रभारी भूपेश बघेल ने नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। बैठकों का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा।*

### चुनावी रणनीति पर चर्चा तेज

बैठक में पंजाब कांग्रेस के तीनों वर्किंग प्रेसिडेंट, महासचिवों और संगठन के अन्य पदाधिकारियों से अलग-अलग बातचीत की गई। दोपहर बाद जिला कांग्रेस अध्यक्षों के साथ भी बैठक प्रस्तावित रही, जिसमें संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और चुनावी रणनीति पर चर्चा की गई।

### चौहान ने खरीफ बुवाई, मानसून, सूखा प्रबंधन, उर्वरक उपलब्धता सहित खाद्यान्न भंडारण पर की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक

# एल नीनो की चुनौतियों से निपटने के लिए कॉन्टिंजेंसी प्लान और सतत निगरानी लगातार जारी: शिवराज

बारिश की कमी से प्रभावित 15 अतिरिक्त जिलों की कृषि मंत्रालय ने की पहचान- केंद्रीय कृषि मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में खरीफ फसलों की बुवाई से संबंधित वर्तमान स्थिति, मानसून और एल नीनो के प्रभाव का आकलन, वर्षा की कमी से प्रभावित जिलों की संख्या, कॉन्टिंजेंसी प्लान के क्रियान्वयन, उर्वरकों की उपलब्धता तथा खाद्यान्नों के भंडारण की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान को अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ फसलों की बुवाई की रफ्तार अभी धीरे है, लेकिन अगले तीन दिनों में गुजरात, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में बारिश की संभावना बन रही है इससे बुवाई में तेजी आने की संभावना है। हालांकि, नवीनतम जलवायु मॉडल पूर्वानुमानों के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून पर एल नीनो के प्रभाव बने रहने की आशंका है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने 262 संवेदनशील जिलों की पहचान की है। इनमें राज्यवार जिलों की संख्या के आधार पर अब तक हुई बारिश के वितरण का विश्लेषण किया गया। कृषि मंत्रालय की नजर इन जिलों पर लगातार बनी हुई है। मंत्रालय ने 15 अतिरिक्त प्रभावित जिलों की भी पहचान की है जहां बारिश की कमी बनी हुई है। बैठक के दौरान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और केंद्रीय शुष्क भूमि कृषि अनुसंधान संस्थान (क्रिडा) द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि राज्यों के साथ जिला स्तर पर आपातकालीन उपायों की समीक्षा के लिए बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। कुछ राज्यों के साथ बैठक आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

इसके साथ ही कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) को आवश्यक आपातकालीन उपायों के क्रियान्वयन के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। राष्ट्रीय बीज निगम के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप उपलब्ध भंडार स्तरों की नियमित निगरानी की जा रही है। खरीफ की फसलों के लिए बीजों की उपलब्धता पर्याप्त है। बैठक में बताया गया कि देश के 166 प्रमुख जलाशयों में जल भंडारण पिछले वर्ष की तुलना में कम हैं। हालांकि, अधिकांश क्षेत्रों में भूजल की स्थिति स्थिर बनी हुई है। इसके साथ ही उर्वरक की उपलब्धता, साप्ताहिक मंडी भाव पर भी चर्चा की गई।

### बीआरओ फंड घोटाला: फर्जी मजदूरों के नाम पर गबन का आरोप

# सीबीआई ने लद्दाख में सहायक अभियंता समेत तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के धन के कथित गबन के मामले में लद्दाख में तैनात एक सहायक अभियंता (सिविल) और कारगिल के दो श्रम आपूर्ति एजेंटों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि तीनों ने मिलकर फर्जी मजदूरों के नाम पर सरकारी धन का गबन किया।

सीबीआई के अनुसार गिरफ्तार सहायक अभियंता 81 आरसीसी, बीआरओ के अंतर्गत खात्से-बटालिक सेक्टर में अधिकारी प्रभारी के पद पर तैनात था। उसने दोनों श्रम आपूर्ति एजेंटों के साथ मिलकर ऐसे मजदूरों के नाम पर भुगतान कराया, जो वास्तव में मौजूद ही नहीं थे। एजेंटों ने भुगतान की गई राशि बाद में सहायक अभियंता के खाते में स्थानांतरित कर दी। इस मामले में सीबीआई ने रक्षा मंत्रालय की शिकायत के आधार पर लद्दाख में बीआरओ की विभिन्न परियोजनाओं में कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर चार एफआईआर दर्ज की थीं। जांच के दौरान सोमवार को 26 स्थानों पर छापेमारी की गई थी। इसके बाद हिमाचल प्रदेश में भी एक अन्य स्थान पर तलाशी ली गई। गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद लद्दाख की सक्षम अदालत में पेश किया जा रहा है। सीबीआई ने बताया कि मामलों में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत लोक सेवकों द्वारा आपराधिक कदाचार और रिश्वतखोरी के आरोप लगाए गए हैं। इसके अलावा भारतीय दंड संहिता के तहत आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक न्यासभंग और जालसाजी जैसी धाराओं में भी मामले दर्ज किए गए हैं।

### स्कूल छोड़ने वाले छात्रों की संख्या में भी दर्ज की गई गिरावट

# जारी हुई यूडाइसप्लस की रिपोर्ट, स्कूलों में शिक्षकों की संख्या पहुंची 1 करोड़ के पार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एकीकृत जिला सूचना प्रणाली फॉर एजुकेशन प्लेस (यूडाइस प्लस) 2025-26 की रिपोर्ट जारी की है। जिसमें स्कूलों में शिक्षकों की संख्या, छात्रों की ड्राप आउट दर, डिजिटल बुनियादी ढांचे और विद्यालयों के स्तर पर किए गए सुधारों का व्यापक रूप से जिक्र किया गया है। मंत्रालय ने बताया कि उक्त अवधि में स्कूलों में शिक्षकों की संख्या एक करोड़ के आंकड़े को पार कर 1 करोड़ 27 लाख 3 हजार 20 पर पहुंच गई है।

जो कि वर्ष 2022-23 में 94 लाख 83 हजार 294 पर थी। यह करीब 8.3 फीसदी की वृद्धि को दर्शाती है।

मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि शिक्षकों की संख्या स्कूलों में बढ़ने से छात्र-शिक्षक अनुपात में भी सुधार देखने को मिला है। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति के 30:1 से बेहतर है।

### 2.3 से 1.8% हुई स्कूल ड्रॉप आउट दर

मंत्रालय के डाटा के मुताबिक, प्रारंभिक स्तर पर 2024-25 में स्कूलों में छात्रों की ड्राप आउट दर यानी पढ़ाई पूरी करने से पहले ही स्कूल छोड़ने की दर 2.3% थी। 2025-26 में यह 1.8% रह गई है। माध्यमिक स्तर पर यह 8.2% से 7% पर आ गई है। माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तरों पर छात्रों की स्कूलों में मौजूदगी की दर क्रमश: 83.7% और 51.9% तक बढ़ गई है। माध्यमिक स्तर पर सकल नामांकन (जीईआर) 2025-26 में बढ़कर 71.7% पर पहुंच गई है। कंप्यूटर सुविधा वाले स्कूल बढ़कर 69.9% और इंटरनेट सुविधा से लैस स्कूलों का आंकड़ा 67.7% हो गया है।

### केंद्रीय मंत्री चौहान से दिल्ली में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की मुलाकात

# 12,000 करोड़ रुपए से विकसित भारत-जी राम जी के तहत राजस्थान के हर गांव का होगा सुव्यवस्थित विकास: शिवराज



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में मुलाकात की। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने राज्य में विकसित भारत- जी राम जी और अन्य ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की और ग्राम स्तर पर हो रहे कार्यों के सकारात्मक परिणामों पर चर्चा की।

राजस्थान के मुख्यमंत्री शर्मा और केंद्रीय मंत्री चौहान ने ग्राम सभा आधारित काम चयन, पारदर्शी फंड उपयोग और ग्राम चौपाल के माध्यम से ग्रामीण रोजगार, स्थायी परिसंपत्तियों और हर गांव के सुव्यवस्थित विकास को तेजी से आगे बढ़ाने के संकल्प को दोहराया, साथ ही राज्य में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर एक-दूसरे को बधाई दी। केंद्रीय मंत्री चौहान ने बताया कि राजस्थान में ग्रामीण विकास और रोजगार सृजन से जुड़े कार्यक्रम अत्यंत संतोषजनक ढंग से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास का पिरामिड मॉडल अपनाते हुए सबसे निचले स्तर पर गांव और पंचायत की जरूरतों के अनुसार योजनाएँ लागू की जा रही हैं। ग्राम सभा के माध्यम से ग्रामीण स्वयं अपने क्षेत्र के कामों का चयन कर रहे हैं, जिससे ऐसे स्थायी कार्यों को प्राथमिकता मिल रही है जो स्थानीय समस्याओं के समाधान में सीधे योगदान देते हैं।

चौहान ने प्रधानमंत्री द्वारा संचालित सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत राजस्थान सरकार के प्रदर्शन की भी सराहना की। उन्होंने बताया कि राज्य ने इस योजना के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि का त्वरित उपयोग किया और पूरी सैंक्शन राशि समय पर खर्च कर दी, जिसके कारण आगे भी राज्य को अतिरिक्त फंड मिल जाएगा। साथ ही, मनरेगा के तहत अब तक हुए सभी कार्यों चाहे सामग्री व्यय हो या मजदूरी भुगतान का पूरा हिसाबकिताब पारदर्शी रूप से मिलान किया जा रहा है, ताकि एक भी रुपया बकाया न रहे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और बुनियादी ढांचा विकास को नया बल दिया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार द्वारा ग्राम सभा और ग्राम पंचायत के माध्यम से चुने गए कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है और ग्रामीणों की भागीदारी को नीतिनिर्माण का केंद्र बनाया गया है।

### बेंगलुरु की हाउसिंग परियोजना में फर्जी आश्वासन देकर निवेशकों को ठगने का आरोप

# सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर देशभर में 34 मामलों की जांच जारी

**होमबायर्स से धोखाधड़ी: सीबीआई ने बिल्डर कंपनियों, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक और इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस के अधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने देशभर में होमबायर्स के साथ कथित धोखाधड़ी की जांच के तहत एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए बेंगलुरु स्थित एक हाउसिंग परियोजना से जुड़े मामले में दो अलग-अलग चार्जशीट दाखिल की हैं। ये चार्जशीट इथाका एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड, उसके निदेशक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकारियों तथा एलजीसीएल अर्बन होम्स (इंडिया) एलएलपी और उसके निदेशक के खिलाफ दायर की गई हैं। सीबीआई ने दोनों चार्जशीट बेंगलुरु स्थित सीबीआई मामलों की विशेष अदालत में प्रस्तुत की हैं।

### फर्जी वादों से निवेशकों को बनाया शिकार

सीबीआई की जांच में सामने आया कि आरोपी बिल्डर कंपनियों और उनके निदेशकों ने बैंक अधिकारियों तथा अन्य निजी व्यक्तियों के साथ कथित साजिश कर घर खरीदारों और निवेशकों को झूठे आश्वासन एवं भ्रामक दावे देकर निवेश के लिए प्रेरित किया। इसके बाद अवैध और भ्रामक तरीकों से आर्थिक लाभ प्राप्त किया गया। जांच के दौरान एजेंसी को पर्याप्त साक्ष्य मिले, जिसके आधार पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक न्यासभंग (क्रिमिनल ब्रीच ऑफ ट्रस्ट) और पद के दुरुपयोग से संबंधित धाराओं के साथ-साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर 34 मामलों की जांच जारी

सीबीआई ने बताया कि वह वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत देशभर में विभिन्न बिल्डर कंपनियों और वित्तीय संस्थानों के अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ दर्ज 34 अन्य मामलों की भी जांच कर रही है। इन मामलों में होमबायर्स के साथ कथित धोखाधड़ी और धन के दुरुपयोग के आरोप हैं।

### अब तक 13 चार्जशीट दाखिल

एजेंसी के अनुसार अब तक 13 चार्जशीट विभिन्न बिल्डर कंपनियों और उनके निदेशकों के साथ-साथ कुछ बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों के खिलाफ दाखिल की जा चुकी हैं। इनमें रुद्रा बिल्डवेल कंस्ट्रक्शंस प्राइवेट लिमिटेड, ड्रीम प्रोकोन प्राइवेट लिमिटेड, जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड, एवीजे डेवलपर्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, सीएचडी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, सीक्वेल बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड, लॉजिक्स सिटी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, मंजू जे होम्स इंडिया लिमिटेड, शुभकामना बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड, नाइनेक्स डेवलपर्स लिमिटेड, डीसेंट बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड तथा रुद्रा बिल्डवेल प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। सीबीआई एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि होमबायर्स से जुड़े सभी मामलों की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### विशेषज्ञों की एक समिति ने मंत्रालय से की थी सिफारिश

# सेवा उत्पादन सूचकांक को 60 दिन के अंतराल पर जारी करने की सिफारिश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विशेषज्ञों की एक समिति ने क्षेत्रवार सूचकांक हर महीने तैयार करने और सेवा उत्पादन सूचकांक को संदर्भ महीने के 60 दिन के भीतर जारी करने की सिफारिश की है। सांख्यिकी मंत्रालय ने मई, 2025 में नीति आयोग की विशिष्ट फेलो देबजानी घोष की अध्यक्षता में सेवा उत्पादन सूचकांक (आईएसपी) पर एक तकनीकी परामर्श समिति बनाई थी।

■ पिछले एक साल में समिति ने विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की

शिक्षा और उद्योग संगठन के प्रतिनिधियों के अलावा, उत्पादन सूचकांक पर तकनीकी परामर्श में सेवा क्षेत्र से संबंधित मंत्रालयों/विभागों के सदस्य भी शामिल हैं। पिछले एक साल में, समिति ने आईएसपी तैयार करने की धारणा, तौर-तरीकों और परिचालन पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

### रिपोर्ट को अंतिम रूप दे दिया गया

सलाह-मशविरे की प्रक्रिया के तहत, 27 अप्रैल 2026 को आईएसपी तैयार करने के तरीके पर एक दृष्टिकोण पत्र सार्वजनिक किया गया था, जिसमें संबंधित पक्षों से राय और सुझाव मांगे गए थे। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने कहा कि लंबी चर्चा और बातचीत के बाद सेवा उत्पादन सूचकांक (आईएसपी) पर एक तकनीकी परामर्श समिति (टीएसी-आईएसपी) की रिपोर्ट को अंतिम रूप दे दिया गया है।



### सेवा क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र

रिपोर्ट में कहा गया कि इसका मकसद उपयोगकर्ताओं को 14 जुलाई, 2026 को (परीक्षण) आईएसपी श्रृंखला जारी होने से पहले प्रस्तावित आईएसपी रूपरेखा को बेहतर ढंग से समझने और अपनाने में मदद करना है। सेवा क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का सबसे तेजी से बढ़ने वाला और गतिशील हिस्सा है।

### संगठित क्षेत्र के लिए आईपीएस की रूपरेखा प्रदान करती है

यह रिपोर्ट अर्थव्यवस्था के संगठित क्षेत्र के लिए मासिक आईएसपी तैयार करने को लेकर एक व्यापक रूपरेखा प्रदान करती है। मंगलवार को जारी रिपोर्ट आईएसपी तैयार करने के विभिन्न अवधारणा और तौर-तरीकों पर तकनीकी परामर्श समिति की चर्चाओं और सुझावों को पेश करती है। इसमें क्षेत्र का दायरा, सही आंकड़ा स्रोत की पहचान, कीमत 'डिफ्लेटर' का चयन, सूचकांक तैयार करने का तौर-तरीका और जानकारी जारी करने की रूपरेखा शामिल है।

### सूचकांक क्षेत्र की गतिशीलता को दर्शाता है

रिपोर्ट में एक सार्वभौमिक रुख अपनाने के पीछे की वजह भी बताई गई है, जो इस क्षेत्र की गतिशीलता को दर्शाती है। समिति ने समय पर जानकारी देने के लिए, क्षेत्रवार सूचकांक को हर महीने तैयार करने और जिस महीने का आंकड़ा है, उसके 60 दिन के अंदर आईएसपी जारी करने का सुझाव दिया। साथ ही, भारत की सेवा अर्थव्यवस्था में कम समय के बदलावों पर नजर रखने के लिए एक मजबूत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तुलना करने लायक रूपरेखा भी देने की बात कही गयी है। यह भारत के सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में लगभग 53 प्रतिशत का योगदान देता है। बड़ी संख्या में रोजगार पैदा करता है और आर्थिक वृद्धि, निवेश और निर्यात का मुख्य चालक बनकर उभरा है। प्रस्तावित आईएसपी देश की सांख्यिकीय प्रणाली को मजबूत करने और सेवा क्षेत्र की माप में सुधार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आईएसपी, औद्योगिक उत्पादन का पूरक होगा और पहली बार भारत की अर्थव्यवस्था के संगठित क्षेत्र में कम समय के बदलावों का मासिक आधार पर जानकारी देगा।

---

मुनाफावसूली हावी होने से बाजार में आई गिरावट

# बाजार की चार दिन से जारी तेजी थमी, सेंसेक्स 104 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एशियाई बाजारों में कमजोरी और चार दिन की तेजी के बाद मुनाफावसूली हावी होने से स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 104 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 32 अंक का नुकसान रहा। विश्लेषकों के मुताबिक, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में खरीदारी से बाजार का नुकसान सीमित रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स बिकवाली के दबाव में 104.35 अंक गिरकर 78,180.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 379.85 अंक चढ़कर 78,664.92 अंक तक चला गया था। वहीं निफ्टी भी 31.65 अंक फिसलकर 24,398.70 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ ही चार दिन से जारी तेजी का दौर थम गया। सेंसेक्स और निफ्टी पिछले चार सत्रों में दो प्रतिशत से अधिक चढ़कर सोमवार को दो महीने से ज्यादा के उच्च स्तर पर पहुंच गए थे। मंगलवार को सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट में सर्वाधिक 12.42 प्रतिशत की गिरावट रही।कंपनी की जून तिमाही की आय वृद्धि बाजार के अनुमान से कम रहने के बाद इसमें भारी बिकवाली देखी गई। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"कारोबारी सत्र के उत्तरार्ध में मुनाफावसूली हावी रही। एशियाई बाजारों में कमजोरी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के ब्योरे से पहले निवेशकों की सतर्कता का असर दिखा।

■ आईटी शेयरों में खरीदारी से बाजार का नुकसान सीमित रहा




### मर्सिडीज-बेंज ने पहली छमाही में रिकॉर्ड 9,768 वाहन बेचे

**नई दिल्ली।** जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज-बेंज ने भारत में कैलेंडर वर्ष 2026 की पहली छमाही (जनवरी-जून) में अब तक की सबसे अधिक 9,768 वाहनों की बिक्री दर्ज की है। यह पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले नौ प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।


**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

**इलेक्ट्रानिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110055 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्रम सं0 | निविदा सं0 | विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 93256117A | संलग्न विनिर्देश के अनुसार सिंक्रोनाइज्ड इलेक्ट्रिकल ऑपरेटेड स्क्रू जैक (05 जैक का सेट)। | 4 सेट | 03-08-2026 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुउल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगा।

टेंडर नोटिस सं0–93256117A दिनांक :– 07.07.2026 2322/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


---

**खबर संक्षेप**

### रुपया 47 पैसे मजबूत होकर 94.96 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को 48 पैसे मजबूत होकर 94.96 पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की धारणा में सुधार और होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही बढ़ने के कारण कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से रुपये में मजबूती आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि सऊदी अरब की ओर से एशियाई ग्राहकों के लिए अगस्त महीने के लिए कच्चे तेल के आधिकारिक बिक्री मूल्य (ओएसपी) में प्रति बैरल 11 डॉलर की कटौती की गई। इससे कच्चे तेल की लागत घटने की उम्मीद बढ़ी और रुपये को समर्थन मिला है।

# सोना 1,400 रुपये टूटा, चांदी भी कमजोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने का दाम 1,400 रुपये टूटकर 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया जबकि चांदी 200 रुपये फिसल गई। रुपये में मजबूती और कमजोर वैश्विक रुख के चलते कीमती धातुओं पर दबाव पड़ा। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,400 रुपये गिरकर 1,49,250 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर समेत) रह गई। सोमवार को इसका भाव 1,50,650 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी का दाम भी 200 रुपये टूटकर 2,39,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर समेत) रह गया, जो पिछले सत्र में 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को सोने की कीमतों में गिरावट जारी रही क्योंकि फेडरल रिजर्व की जून बैठक के ब्यौरे और अमेरिका-ईरान शांति वार्ता के दूसरे दौर के जारी होने से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। इन दोनों से सोने की कीमतों को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।''

विश्लेषकों ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये में तेज सुधार होने से घरेलू सर्राफा कीमतों पर भी दबाव पड़ा। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (जिंस एवं मुद्रा) जतीन त्रिवेदी ने कहा, ''डॉलर के मुकाबले रुपये में 48 पैसे की तेजी आने के बाद सोने की कीमतों में कमजोरी और बढ़ गई, जिससे घरेलू सर्राफा कीमतों पर दबाव पड़ा।''

■ चांदी 200 रुपये फिसलकर 2,39.800 रुपये किलो



# न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने एनजीटी परिसर में कैफेटेरिया का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** माननीय श्री न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव, अध्यक्ष, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने आज एनजीटी परिसर में नव-स्थापित कैफेटेरिया का उद्घाटन किया। इस सुविधा का विकास वादकारियों, अधिवक्ताओं, आगंतुकों तथा अधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक स्वच्छ, सुविधाजनक एवं स्वागतपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। माननीय श्री न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव, अध्यक्ष, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी), एनजीटी परिसर में नव-स्थापित कैफेटेरिया का उद्घाटन करते हुए। इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष ने कहा कि नव-स्थापित कैफेटेरिया अधिकरण में उपलब्ध कार्यस्थल सुविधाओं को और सुदृढ़ करेगा तथा सभी हितधारकों के लिए सुविधा, कार्यकुशलता और समग्र कल्याण को बढ़ावा देगा। उद्घाटन समारोह में माननीय श्री न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी, न्यायिक सदस्य; माननीय डॉ. ए. सेंथिल वेल एवं माननीय डॉ. अफरोज अहमद, विशेषज्ञ सदस्य; श्रीमती विनीता वारसी, रजिस्ट्रार जनरल, राष्ट्रीय हरित अधिकरण; सुश्री नीतू नागर, उप रजिस्ट्रार; सुश्री फातिमा अली, सहायक रजिस्ट्रार; तथा श्री नरेंद्र पाल सिंह, अध्यक्ष, एनजीटी बार एसोसिएशन सहित कार्यकारिणी समिति के सदस्य, अधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | भाग–B (I): DUK सेक्शन में मौजूदा TRD एसेट्स को मज़बूत करने के सिलसिले में, DUK सेक्शन में एंटी–मंकी क्लाइंबिंग डिवाइस और एंटी–बर्ड डिस्क लगाना। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 96,56,261.68/- |
| 3 | बयाना राशि | रु. 1,93,100/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 16.07.2026 (00:00 बजे) से 30.07.2026 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 30.07.2026 (15:00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | RRSK (PH-36) |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्याः 19–क.वि.–नई दिल्ली–2026–27 दिनांकः 06.07.2026 2331/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# बीएचईएल ने ग्रीन हाइड्रोजन के लिए थाइसनक्रुप न्यूसेरा इंडिया के साथ रणनीतिक समझौता किया

**नई दिल्ली।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) और थाइसनक्रुप न्यूसेरा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने एक रणनीतिक समझौता किया है, जिससे भारत में ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं के लिए एल्कलाइन इलेक्ट्रोलाइजर प्रणाली का चरणबद्ध स्वदेशीकरण और स्थानीय विनिर्माण संभव हो सकेगा। यह सहयोग भारत में ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं के लिए बीएचईएल की परियोजना क्रियान्वयन क्षमताओं को और सुदृढ़ करेगा। बीएचईएल की ओर से श्री वाई श्रीनिवास राव, कार्यपालक निदेशक (हेवी पावर इक्विपमेंट प्लांट) और श्री सुतृप्तो डे, महाप्रबंधक एवं प्रमुख (न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी बिजनेस) तथा थाइसनक्रुप न्यूसेरा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से श्री किरण जोसेफ, सीईओ और श्री मनीष भोसले, निदेशक (बीडी एंड सेल्स) ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर महामहिम डॉ. फिलिप एकरमन, भारत एवं भूटान में जर्मनी के राजदूत, सुश्री बानी वर्मा, निदेशक (औद्योगिक प्रणाली और उत्पाद) बीएचईएल, श्री एस एम रामनाथन, निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास) बीएचईएल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




# उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय पर संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन

**नई दिल्ली।** पंकज शर्मा, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय में मंगलवार, दिनांक 07 जुलाई 2026 को उत्तर पश्चिम रेलवे पर संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सभी विभागाध्यक्ष, चारों मंडलो के मंडल रेल प्रबन्धक (विडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से) एवं अन्य अधिकारीगण सम्मलित हुए। बैठक में संरक्षा ,यात्री सुविधाओं, ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता, इंफ्रास्ट्रक्चर, कार्य निष्पादन, निर्माण कार्य, पूंजीगत आय, रेलवे ट्रैक की फेसिंग तथा आय बढ़ाने इत्यादि विषयों पर चर्चा की गई। पंकज शर्मा ने उपस्थित सभी अधिकारियों को कहा कि संरक्षित रेल संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। संरक्षा एवं यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए सामंजस्य और समन्वय के साथ सभी कार्यों को लक्ष्यानुसार समय पर पूरा करने पर ध्यान देना है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निर्माण परियोजनाओं और यात्री सुविधाओं के कार्यों को भी प्राथमिकता के साथ पूरा करना है। तथा कवच के कार्य को भी अतिशीघ्र पूरा किया जाए।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **सोनू, पुत्रः** श्री संतोष, **पताः** मकान नंबर 318, टी–हट्स कबीर नगर, मल्का गंज, सब्जी मंडी, दिल्ली, ने **FIR No. 273/2021 U/s 188 IPC थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 273/2021 U/s 188 IPC थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **सोनू,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव गर्ग
जेएमएफसी–11, कमरा नंबर 138, पहली मंजिल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/9248/N/2026
(Court Matter)


## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या:** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें।

**तुला:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

# कई शहरों में खाली होने लगे एटीएम कैश की किल्लत पर आरबीआई सख्त

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आज के समय में बैंक से जुड़े कई काम पहले के मुकाबले अब बहुत ही आसानी से हो जाते हैं, जहां पहले लंबी-लंबी लाइनों में लगकर लोग बैंक से पैसे निकाल पाते थे तो अब वहीं घर के आसपास मौजूद एटीएम से आसानी से कैश निकाला जा सकता है। लेकिन अभी कुछ समय से देश के कई शहरों के एटीएम खाली मिलने की शिकायत सामने आ रही हैं। कई शहरों में लोगों को पिछले लगभग 2 से 3 महीनों से एटीएम से कैश नहीं मिल रहा है, जिसकी लगातार शिकायत भी की जा रही है। बढ़ती शिकायतों के बीच अब भारतीय रिजर्व बैंक ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। दूसरी ओर, बैंकर्स का कहना है कि शाखाओं में बनाए रखे जाने वाले कैश इन्वेंट्री के आंकड़े भ्रामक हो सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इन आंकड़ों में मैले, कटे-फटे और अनुपयुक्त नोट भी शामिल होते हैं, जिन्हें तुरंत एटीएम में लोड नहीं किया जा सकता। ऐसे में एटीएम के लिए उपलब्ध उपयुक्त करेंसी का वास्तविक स्टॉक, कुल दिखने वाले आंकड़ों से काफी कम हो सकता है। उद्योग जगत के अधिकारियों ने एटीएम बिजनेस में संरचनात्मक चुनौतियों की ओर भी इशारा किया।



# इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री जून में 63 प्रतिशत बढ़ी : फाडा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खुदरा बिक्री जून महीने के दौरान 63 प्रतिशत बढ़कर 3,06,220 इकाई के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। इसके साथ ही ईवी की वाहन बिक्री में हिस्सेदारी पहली बार 12 प्रतिशत से अधिक हो गई। उद्योग संगठन फाडा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने एक बयान में कहा कि ईवी बिक्री में वृद्धि का नेतृत्व दोपहिया खंड ने किया जिसकी खुदरा बिक्री जून में 1,93,735 इकाई रही। यह पिछले साल के इसी महीने के 1,10,719 इकाई के मुकाबले 74.98 प्रतिशत अधिक है। यात्री वाहन खंड में इलेक्ट्रिक कारों की खुदरा बिक्री दोगुना से अधिक होकर 31,823 इकाई हो गई, जो जून, 2025 में 15,318 इकाई थी। तिपहिया ईवी खंड की खुदरा बिक्री 27.38 प्रतिशत बढ़कर 77,448 इकाई रही, जो एक साल पहले के समान महीने में 60,802 इकाई थी।


**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद भिवानी | वीएएनजीवाई–II के तहत एम.सी. भिवानी में अग्रसेन भवन के निकट नरसान पाना पारस को पूरा करना + 8 कार्य। | 02.07.2026 10.07.2026 | 1,99,81,540/- | https://etenders.hry.nic.in | 9996629555 me.mcbhiwani@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/46938/I/88/7 दि. 07.07.26




**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए)
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नीरज उर्फ गंजा पुत्र सतीश, पताः झुग्गी नं.520, सुभाष कैम्प, बदरपुर गांव नई दिल्ली ने एफआईआर सं. 458/2021 धारा 25/54/59 आर्म एक्ट के तहत** थानाः बदरपुर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नीरज उर्फ गंजा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नीरज उर्फ गंजा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 458/2021 धारा 25/54/59 आर्म एक्ट के तहत** थानाः बदरपुर, दिल्ली **के उक्त नीरज उर्फ गंजा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
विनोद जोशी
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
दक्षिण पूर्व जिला कमरा नं.515
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/6486/SE/2026


## शब्द पहेली - 6280




**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना–6
5.अलमस्त, उत्साही–4
8. हरे रंग का–2
9.चाह,इच्छा–3
10.अधिकार,आरोप–2
11.निर्दय, हिंसक–4
12.आंदोलन–2
14.सज्जन,सभ्य–4
15.स्मृति,अविस्मरण–2
17.रूखा, रसहीन–3
19.गुप्तचर–4
21.संकट मोचक,नाविक–5
24.चुगली करना–5
27.नेता पथ प्रदर्शक–4
29.प्रेम,चाहत–3
31.एक ग्रह–2
32.अनर्गल प्रलाप–4
33.नौकर,सेवक–2
35.उद्विग्न,आतुर–4
36.श्रवणेंद्रिय–2
38.दीपक,दिया–3
39.बोलने के लिये कहना–2
40.एक मुस्लिम महीना–4
41.सहायता करना–3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता–6
2.थोड़ा,कम–2
3.कपड़ों के टुकड़े–4
4.असफल–5
5.राजी करना–3
6.वजन,वायदा–2
7.अनाथ,बेवारिस–4
11.वैधव्य–4
13.राजा की पत्नी–2
16.टूटना–4
18.धावक (अंग्रेजी–3)
19.खबरी,खबर देने वाला–4
20.हमारा पड़ोसी देश–2
22.घूमना–3
23.पराजय–2
25.खतरनाक, खौफनाक–4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत–4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म–5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध–4
30.कभी–2
32.जब्त,प्राप्त होना–4
34.मास्टर ब्लास्टर–3
37.भीगा हुआ–2
39.टैक्स,हाथ–2

**शब्द पहेली- 6279 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ब | ल | शा | ली | | रु | ख | सा | र | |
| अ | न | | ली | | प | त | न | | जा | न |
| न | | ज | मा | दा | र | | न | म | | फा |
| म | ग | रु | र | | | आ | | द | र | स |
| ना | | र | | अ | ज | ग | र | | वा | त |
| | मि | त | वा | | ही | | स | प | ना | |
| म | ल | | दा | वा | न | ल | | रा | | फि |
| त | न | य | | ल | | | ह | ज | र | त |
| ल | | म | त | | का | र्या | ल | य | | र |
| बी | ज | | म | का | न | | च | | सा | त |
| | य | ल | गा | र | | ब | ल | शा | ली | |



# स्पेन की अभेद्य दीवार सिमोन, 6 'क्लीन शीट', बना वर्ल्ड रिकॉर्ड



## गोलकीपर उनाई ने 609 मिनट तक गोल नहीं खाने के अपने रिकॉर्ड को किया मजबूत

## स्पेन ने स्विट्जरलैंड के 5 क्लीन शीट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा

**आर्लिंगटन।** स्पेन ने फीफा विश्व कप में रक्षात्मक मजबूती का नया इतिहास रचते हुए लगातार 6 मैचों में 'क्लीन शीट (बिना गोल खाए मुकाबला समाप्त करना)' का विश्व रिकॉर्ड बना दिया। प्री-क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल पर 1-0 की जीत के साथ स्पेन ने यह उपलब्धि हासिल की। वहीं गोलकीपर उनाई सिमोन ने लगातार 609 मिनट तक गोल नहीं खाने के अपने विश्व कप रिकॉर्ड को और मजबूत कर लिया। स्पेन ने इस उपलब्धि के साथ 1990 में इटली और 2006-10 के दौरान स्विट्जरलैंड के लगातार पांच क्लीन शीट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। स्पेन का यह सिलसिला 2022 विश्व कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में मोरक्को के खिलाफ 0-0 के ड्रॉ से शुरू हुआ था।

### सिमोन ने बनाया नया रिकॉर्ड

मौजूदा विश्व कप में स्पेन ने ग्रुप चरण के पहले मैच में केप वर्डे के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला। इसके बाद टीम ने लगातार चार मुकाबलों में विपक्षी टीम को गोल करने का मौका नहीं दिया और क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। स्पेन के गोलकीपर उनाई सिमोन ने लगातार 609 मिनट तक गोल नहीं खाने का नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने नॉकआउट चरण के पहले मुकाबले में ही ऑस्ट्रिया पर 3-0 की जीत के दौरान 517 मिनट के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया था। इससे पहले यह रिकॉर्ड इटली के महान गोलकीपर वाल्टर जेंगा के नाम था, जिन्होंने 1990 विश्व कप में लगातार पांच क्लीन शीट के साथ 517 मिनट तक विपक्षी टीम को गोल नहीं करने दिया था।

## 16 साल बाद क्वार्टर फाइनल में स्पेन, पुर्तगाल को 1-0 से हराया

अर्लिंगटन। मिकेल मेरिनो ने दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम के पहले मिनट में गोल किया, जिससे स्पेन ने पुर्तगाल को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मेरिनो को गिराने पर रेफरी ने फाउल का फैसला सुनाया। पुर्तगाल के बर्नार्डो सिल्वा बहस करने लगे, तभी मेरिनो ने गेंद वापस ली, उसे अपने साथियों के साथ मिलकर आगे बढ़ाया और आखिर फेरान टोरेस से पास लेकर गोलकीपर डियोगो कोस्टा को आसानी से छकाकर गोल दाग दिया।स्पेन ने 2010 में अपना एकमात्र



विश्व कप खिताब जीतने के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका मुकाबला शुक्रवार को कैलिफोर्निया के इंगलवुड में बेल्जियम से होगा। अपना छठा विश्व कप खेल रहे मेरिनो 85वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरे और उन्होंने जल्द ही अपना वह जलवा दिखा दिया, जिसकी बदौलत आर्सेनल ने इस साल 20 से अधिक वर्षों में अपना पहला प्रीमियर लीग खिताब जीता था।

## तालियों के बीच विदाई
### अधूरा रह गया रोनाल्डो का सपना

**अर्लिंग्टन।** विश्व फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर अपना आखिरी मैच खेलने के बाद पुर्तगाल के सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो जब मैदान से बाहर जा रहे थे तो दर्शकों ने तालियां बजाई, जिसका उन्होंने हाथ हिला कर आभार भी व्यक्त किया लेकिन उनके चेहरे पर निराशा साफ झलक रही थी। अपना छठा और आखिरी विश्व कप खेल रहे 41 वर्षीय सुपरस्टार रोनाल्डो का विश्व कप जीतने का सपना राउंड ऑफ 16 के मैच में पड़ोसी प्रतिद्वंद्वी स्पेन से 1-0 की हार के साथ टूट गया। उन्हें मैच के पहले हाफ में गोल करने का एकमात्र मौका मिला था लेकिन सर्वाधिक लंबे समय तक गोल नहीं खाने का रिकॉर्ड बनाने वाले गोलकीपर उनाई साइमन ने शानदार छलांग लगाकर उनके प्रयास को नाकाम कर दिया। रोनाल्डो लगातार छह विश्व कप में गोल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे ज्यादा गोल (146) और सर्वाधिक मैच खेलने वाले (233) खिलाड़ी रोनाल्डो का फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर करियर यहीं पर समाप्त हो गया। अपने करियर में कई खिताब जीतने वाले रोनाल्डो इस तरह से कभी विश्व कप विजेता नहीं बन पाए।






## मेजबान अमेरिका का सफर खत्म, बेल्जियम ने दी मात



**सिएटल।** चार्ल्स डी केटेलेरे ने दो गोल किए और एक गोल करने में मदद की, जिससे बेल्जियम ने अमेरिका को 4-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और मेजबान टीम की अपनी घरेलू धरती पर अंतिम आठ में पहुंचने की उम्मीद को खत्म कर दिया। इस मैच में अमेरिका की रक्षापंक्ति की कमजोरी भी उजागर हो गई, जिसका बेल्जियम ने पूरा फायदा उठाया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप के कारण पिछले मैच में लाल कार्ड मिलने के बावजूद इस मैच में खेलने वाले अमेरिका के स्टार फॉरवर्ड फोलारिन बालोगुन की मौजूदगी से उसकी टीम को मजबूती मिली थी लेकिन वह कोई कमाल नहीं दिखा पाए। केटेलेरे ने पहले हाफ में अपने दोनों गोल (नौवें और 33वें मिनट) रक्षापंक्ति की गलतियों का फायदा उठाकर किए। इस बीच मलिक टिलमैन ने 31वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके अमेरिका को बराबरी दिलाई थी लेकिन बेल्जियम ने जवाबी हमला करते हुए 61 सेकंड बाद ही फिर से बढ़त हासिल कर ली। बेल्जियम की तरफ से यह गोल हैंस वानाकेन ने 57वें मिनट में किया। रोमेलु लुकाकू ने स्टॉपेज टाइम के तीसरे मिनट में बेल्जियम का अंतिम गोल दागा।

## खबर संक्षेप



### इंडिया आने की बना रहा हूं योजना : जोकोविच

**नई दिल्ली।** मौजूदा समय में क्रिकेट और टेनिस दुनिया की सर्वाधिक खेलों में शुमार है। क्रिकेट के दिग्गज विराट कोहली और टेनिस के दिग्गज सर्बिया के नोवाक जोकोविच अच्छे दोस्त हैं। फिलहाल विंबलडन में हिस्सा ले रहे जोकोविच जल्द भारत आने और विराट कोहली के साथ क्रिकेट खेलने की बात कही है। जोकोविच ने कहा, मैं विराट कोहली के साथ कुछ क्रिकेट और टेनिस खेलना पसंद करूंगा। मैं जल्द ही इंडिया आने की योजना बना रहा हूं। हम इस बारे में बात कर रहे हैं। मुझे पता है कि विराट एक वैश्विक स्टार हैं, लेकिन खासकर भारत में, वह कमाल के हैं। मैं चाहूंगा कि वह मेरे मेजबान बनें और मुझे घुमाएं। मेरे मन में उनके और भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत सम्मान है।

### नहीं रहे अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज जादरान

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज शापूर जादरान का 38 साल की उम्र में निधन हो गया। वह एक दुर्लभ और जानलेवा बीमारी 'हीमोफैगोसाइटिक लिम्फोहिस्टियोसाइटोसिस'



(एचएलएच) से पीड़ित थे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जादरान ने 2009 से 2020 के बीच अफगानिस्तान के लिए 44 एकदिवसीय और 36 टी20 मैच खेले। एचएलएल एक 'हाइपर-इंफ्लेमेटरी सिंड्रोम' है जो प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है। मंगलवार को अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने उनके निधन की घोषणा की। एसीबी ने 'एक्स' पर लिखा, 'बहुत दुख और अफसोस के साथ अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड अफगानिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शापूर जादरान के निधन पर शोक व्यक्त करता है।'

# फेरी ने किया उलटफेर, दिमित्रोव को रोमांचक मुकाबले में हराया

### फेरी ने पहली बार ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| लंदन

घरेलू दर्शकों के चहेते आर्थर फेरी ने शानदार वापसी करते हुए विंबलडन के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। उन्होंने पूर्व विश्व नंबर-3 ग्रिगोर दिमित्रोव को रोमांचक मुकाबले में 7-5, 3-6, 4-6, 6-4, 7-6 (10-7) से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। यह ग्रैंड स्लैम के इतिहास में पहली बार था जब पुरुष एकल के प्री-क्वार्टरफाइनल (अंतिम-16) या उससे आगे के दौर में दो वाइल्ड कार्ड खिलाड़ियों का आमना-सामना हुआ।

यह मुकाबला उतार-चढ़ाव से भरपूर रहा और विंबलडन के इतिहास में यादगार मैचों में शामिल हो गया। दिमित्रोव ब्रिटेन के तीसरे नंबर के खिलाड़ी आर्थर फेरी के खिलाफ दो सेट से एक की बढ़त पर थे और चौथे सेट में दो बार सर्विस ब्रेक की बढ़त भी बना चुके थे। लेकिन 4-3 और 15-0 की बढ़त के बाद दिमित्रोव लगातार 11 अंक गंवा बैठे। उनके खेल में आए इस अप्रत्याशित गिरावट का फायदा उठाकर फेरी ने मुकाबला बराबरी पर ला दिया।



### 23 वर्षीय फेरी ने किया कौशल का प्रदर्शन

सेंटर कोर्ट पर अपने पहले ही मुकाबले में 23 वर्षीय फेरी ने उम्र से कहीं अधिक परिपक्वता, कौशल और साहस का प्रदर्शन किया। निर्णायक सेट के टाई-ब्रेक में उन्होंने पहला ही मैच प्वाइंट भुना लिया, जब दिमित्रोव का बैकहैंड नेट में जा फंसा। फेरी अब पुरुष एकल ड्रॉ में बचे एकमात्र ब्रिटिश खिलाड़ी हैं। वह ओपन युग में विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले केवल छठे ब्रिटिश पुरुष खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि एंडी मरे, टिम हेनमैन, रोजर टेलर, ग्रेग रुसेडस्की और कैमरून नॉरी ने हासिल की थी।

### अब कोबोली से होगा सामना

फेरी इससे पहले कभी किसी ग्रैंड स्लैम में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए थे। अब उनका सामना फ्रेंच ओपन (रोलां गैरो) के उपविजेता फ्लावियो कोबोली से होगा, जिन्होंने पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनॉर को 7-5, 7-6 (4), 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। फेरी की शीर्ष-100 में एंट्री पहले ही तय हो चुकी थी। बड़े मौकों पर जिस आत्मविश्वास और संयम के साथ उन्होंने प्रदर्शन किया, उससे यह संकेत मिला कि पेरिस में जन्मे इस खिलाड़ी, जिन्हें 'क्रॉस-चैनल फेरी' भी कहा जाता है, की विश्व रैंकिंग भविष्य में और ऊंची जा सकती है।

# श्रीलंका के खिलाफ जीत के करीब वेस्टइंडीज

टेस्ट सीरीज

एजेंसी ▶▶| नार्थ साउंड

जस्टिन ग्रीव्स की श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के चौथे दिन 325 गेंदों में खेली गई संघर्षपूर्ण 180 रन की पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने मैच पर अपनी पकड़ ढीली नहीं होने दी और टीम चार वर्षों में पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीतने के बेहद करीब पहुंच गई है।

श्रीलंका के 9 विकेट पर 549 रन पर पारी घोषित के जवाब में वेस्टइंडीज की पहली पारी 499 रन पर सिमटी, जिससे



वह केवल 50 रन पीछे रही। दिन का खेल समाप्त होने तक श्रीलंका ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 92 रन बना लिए थे। पहली पारी में शतक लगाने वाले लाहिरू उदारा खाता खोले बिना ही आउट हो गए, जबकि निशान फर्नांडो 20 रन बनाकर पवेलियन लौटे। स्टंप्स के समय दिनेश चांदीमल 40 और कमिंदु मेंडिस 30 रन बनाकर नाबाद थे। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी हो चुकी है। श्रीलंका की कुल बढ़त अब 142 रन की हो गई है।


## विमेंस हंड्रेड में बर्मिंघम फीनिक्स के लिए खेलेंगी फातिमा सना

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने महिला क्रिकेट टीम की कप्तान फातिमा सना को 'विमेंस हंड्रेड टूर्नामेंट' खेलने की अनुमति दी है। फातिमा सना 'विमेंस हंड्रेड' में बर्मिंघम फीनिक्स का हिस्सा हैं। 21 जुलाई से शुरू होने वाले हंड्रेड के शुरुआती दो मुकाबलों में सना उपलब्ध नहीं रहेंगी। श्रीलंका के खिलाफ 28 जुलाई को वनडे सीरीज समाप्त होने के बाद वह हंबनटोटा से सीधे इंग्लैंड रवाना होंगी और टूर्नामेंट के बाकी मैचों में बर्मिंघम फीनिक्स के लिए खेलेंगी। 24 वर्षीय फातिमा सना हाल ही में हंड्रेड में चुनी जाने वाली पाकिस्तान की पहली महिला क्रिकेटर बनी थीं। बर्मिंघम फीनिक्स ने उन्हें वाइल्डकार्ड ड्राफ्ट के जरिए ऑस्ट्रेलिया की लूसी हैमिल्टन के स्थान पर न्यूनतम 15,000 पाउंड के अनुबंध पर अपनी टीम में शामिल किया था। सना ने टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 38 गेंदों में नाबाद 55 रन बनाए और 16 रन देकर तीन विकेट भी लिए।



महिला क्रिकेट

# टी20 रैंकिंग में पांचवीं बार टॉप पर पहुंची बेथ मूनी



एजेंसी ▶▶| दुबई

विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 में 47.60 की औसत के साथ 238 रन बनाने वालीं बेथ मूनी महिला बल्लेबाजों की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई हैं।

मूनी इस संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ियों की सूची में दूसरे पायदान पर रहीं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया को रिकॉर्ड सीतवीं बार खिताब जिताने में अहम योगदान दिया। ऐसा पांचवीं बार है, जब मूनी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में टॉप पर पहुंची हैं। उनसे ज्यादा समय तक दुनिया की नंबर 1 बल्लेबाज रहने का रिकॉर्ड सिर्फ कैरन रॉल्टन के नाम है।

### मूनी हमवतन वोल को पछाड़ा

मूनी (785 रेटिंग) ने एक पायदान की छलांग लगाकर ऑस्ट्रेलिया की हमवतन जॉर्जिया वोल (779 रेटिंग) को पछाड़ दिया है, जो अब दूसरे पायदान पर पहुंच गई हैं। साउथ अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट (771 रेटिंग) को भी एक पायदान का नुकसान हुआ है, जो अब तीसरे स्थान पर खिसक गई हैं, उनके बाद चौथे स्थान पर हेली मैथ्यूज (754) और पांचवें पायदान पर भारत की स्मृति मंधाना (746) हैं।

### तीन स्थान ऊपर चढ़कर 11वें नंबर पर पहुंची ताजमिन ब्रित्ज

ताजा रैंकिंग में सबसे ज्यादा सुधार करने वालों में साउथ अफ्रीका की ताजमिन ब्रित्ज शामिल हैं, जो तीन स्थान ऊपर चढ़कर 11वें नंबर पर आ गई हैं। इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट शानदार वर्ल्ड कप अभियान के बाद पांच स्थान ऊपर चढ़कर 16वें नंबर पर पहुंच गई हैं। साइवर-ब्रंट की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में नाबाद 58 रन और साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में 75 रनों की पारी ने रैंकिंग सुधारने में अहम भूमिका निभाई।

### कैलिफोर्निया और टेक्सास में खेला जा रहा टी20 एमएलसी का चौथा सत्र

# फुटबॉल के बीच अमेरिका में क्रिकेट की दस्तक

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

फुटबॉल विश्व कप के कारण इन दिनों अमेरिका में फुटबॉल का जुनून सिर चढ़कर बोल रहा है, लेकिन इसके साथ ही क्रिकेट भी तेजी से अपनी जगह बना रहा है और इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

देश की पहली पेशेवर टी20 प्रतियोगिता मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) का चौथा सत्र इन दिनों कैलिफोर्निया और टेक्सास में खेला जा रहा है। माना जा रहा है कि 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी और एमएलसी के विस्तार से अमेरिका में इस खेल को नई पहचान मिलेगी।



### एमएलसी में खेल रहे बड़े क्रिकेटर

एमएलसी में दुनिया के कई बड़े क्रिकेटर खेल रहे हैं। इनमें रविचंद्रन अश्विन, फाफ डु प्लेसिस, केशव महाराज, सुनील नारायण, मार्कस स्टोइनिस, कुसल परेरा, रचिन रवींद्र, हारिस रऊफ, उन्मुक्त चंद और जेसन होल्डर जैसे नाम शामिल हैं।

### पांच वर्षों में क्रिकेट का तेजी से हुआ विकास

भारत को 2012 में अंडर-19 विश्व कप जिताने वाले पूर्व कप्तान उन्मुक्त चंद अपने क्रिकेट करियर को आगे बढ़ने के लिए 2021 में अमेरिका चले गए थे। एलए नाइट राइडर्स के लिए खेलने वाले उन्मुक्त चंद ने कहा, '2021 में यहां आने के बाद पिछले पांच वर्षों में क्रिकेट का तेजी से विकास हुआ है। हर साल कुछ नया देखने को मिल रहा है। इस वर्ष हमें लॉस एंजिलिस में क्रिकेट का समर्पित स्टेडियम भी मिल गया है।' पिछले सप्ताह एलए नाइट राइडर्स ने कैलिफोर्निया के पोमोना में एक नए क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन किया, जिसे अमेरिका में क्रिकेट का स्थायी केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।




# डोडा में फ्लैश फ्लड का कहर, संपत्तियों को पहुंचा नुकसान, राहत: लोग सुरक्षित



डोडा जिले के ठठरी में तबाही

*पहाड़ियों से मलबा, बड़े-बड़े पत्थर और चट्टानें तेज बहाव के साथ नीचे आए, जिसने रास्ते में आने वाले कई मकानों, दुकानों और वाहनों को नुकसान पहुंचाया*

- **राहत और बचाव कार्य जारी**
- **मलबा हटाकर सड़क खोली**
- **यातायात फिर से शुरू किया**

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के ठठरी कस्बे में मंगलवार तड़के भारी बारिश के बाद अचानक आए फ्लैश फ्लड ने भारी तबाही मचाई। रात के अंधेरे में आई इस आपदा ने लोगों को संभलने का मौका तक नहीं दिया। पहाड़ियों से मलबा, बड़े-बड़े पत्थर और चट्टानें तेज बहाव के साथ नीचे आए, जिसने रास्ते में आने वाले कई मकानों, दुकानों और वाहनों को नुकसान पहुंचाया।

सुबह जब लोगों की आंख खुली तो चारों ओर तबाही का मंजर था। सड़कों पर मलबा फैला हुआ था, कई वाहन मिट्टी और पत्थरों के नीचे दबे पड़े थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ वाहन तेज बहाव में बहकर चिनाब नदी तक पहुंच गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग बंद

*फ्लैश फ्लड के कारण डोडा-किश्तवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग भी ठठरी के पास बंद हो गया, जिससे दोनों जिलों के बीच यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस और अन्य एजेंसियों की टीमें मौके पर पहुंचीं और मलबा हटाकर सड़क को खोलने का काम शुरू किया। डिप्टी कमिश्नर डोडा कृष्ण लाल ने बताया कि जिले में भारी बारिश के कारण कई स्थानों पर पहाड़ियों से मलबा और पत्थर सड़क पर आ गए थे। प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए प्रभावित सड़कों को साफ कराया और यातायात बहाल किया।*

### बादल नहीं फटा

*उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील करते हुए कहा कि यह घटना क्लाउडबर्स्ट (बादल फटने) की नहीं, बल्कि भारी बारिश के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।*

### एसएसबी कैंप क्षतिग्रस्त

*फ्लैश फ्लड से एसएसबी कैंप की इमारत को आंशिक नुकसान पहुंचा। घटना में सभी सुरक्षा कर्मी सुरक्षित हैं और एसएसबी ने स्थिति का जायजा लेकर आवश्यक एहतियाती कदम उठाए हैं।*

## दो दिन में यह तीसरी घटना


सड़क से मलबा हटाती जेसीबी

पिछले दो दिनों में डोडा और किश्तवाड़ जिलों में यह तीसरी फ्लैश फ्लड की घटना है। लगातार हो रही बारिश के कारण पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन और मलबा आने का खतरा बना हुआ है, जिससे लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### प्रभावितों को तुरंत राहत दें एलजी सिन्हा के निर्देश

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने डोडा के उपायुक्त से स्थिति की जानकारी ली और प्रभावित परिवारों को तुरंत राहत व सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षतिग्रस्त इलाकों में राहत कार्य तेज करने के साथ-साथ प्रभावित राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-244 को जल्द बहाल करने के निर्देश भी दिए। प्रशासन की ओर से प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का आकलन और पुनर्स्थापना कार्य जारी है।

### जकार्ता में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए बोले पीएम मोदी

# भारत-इंडोनेशिया के बीच भौगोलिक दूरी के कोई मायने नहीं, दोनों दिल से करीब हैं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दोनों देशों के बीच भौगोलिक दूरी का कोई अर्थ नहीं है। क्योंकि दोनों देश और उसके लोग दिल से आपस में बेहद करीब से जुड़े हुए हैं। हमारा डीएनए भी एक ही है। उन्होंने भारत के ग्रेट निकोबार द्वीप का उदाहरण देते हुए कहा कि इससे इंडोनेशिया के आचेह के बीच की दूरी लगभग 150 किलोमीटर है।

इस दृष्टिकोण से देखें तो इंडोनेशिया का यह एक इलाका हमारे देश से उतना ही करीब है। जितना की हमारे कुछ राज्य एक-दूसरे के करीब हैं। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर भारतीयों ने बेहद गर्मजोशी के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया। बड़ी तादाद में उनकी आयोजन में मौजूदगी रही। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भी प्रधानमंत्री के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए।

### राष्ट्रपति प्रबोवो बोले, मुझमें भारत का डीएनए



उन्होंने कहा कि आज एक बार फिर से इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने इस बात को दोहराया है कि उनमें भारत का डीएनए मौजूद है। आपके इसी वाक्य ने लाखों भारतीयों के दिल जीत लिए। साथ ही यह सभागार भी तालियों से गूंज उठा। पीएम ने कहा कि जिस डीएनए का राष्ट्रपति ने उल्लेख किया है। उसका अर्थ हमारी साझा विरासत पर आधारित आपसी भरोसे के डीएनए का है। जिसका निर्माण हमारी साझा स्मृतियों से हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह डीएनए उन हवाओं से बना है। जिसकी मदद से वर्षों से हमारे जहाज एक-दूसरे के समुद्र तटों, बंदरगाहों तक पहुंचते रहे हैं।

### दोनों देशों के साथ बढ़ने से होता बहुत कुछ

पीएम ने बॉलीवुड के चर्चित हिंदी गाने कुछ-कुछ होता का जिक्र किया। जिसके साथ ही भारतीयों के चेहरे खिल उठे और पूरा आयोजन स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उन्होंने बताया कि मैं दुनिया में जहां कहीं भी गया हूं। वहां पर मैंने भारत और उसके लोगों के लिए बहुत ही प्यार, सम्मान और अपनापन देखा है। यहां इंडोनेशिया में कुछ-कुछ होता है गाना बेहद प्रचलित है और इसका उल्लेख मैंने राष्ट्रपति सुबियांतो से भी किया था। लेकिन मेरा मानना है कि जब भारत और इंडोनेशिया साथ मिलकर चलते और आगे बढ़ते हैं तो कुछ-कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ होता है।

### दोनों देशों के बीच सभ्यताओं का बंधन

*पीएम के मुताबिक, दोनों देशों के बीच का रिश्ता सभ्यताओं के बीच का है। साम्राज्यों का निर्माण हुआ और वह नष्ट भी हुए। जिसके साथ अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भी परिवर्तन यानी बदलाव देखने को मिला। लेकिन भारत और इंडोनेशिया के संबंधों का यह अटूट बंधन हमेशा से कायम रहा है। मैं इसे ही दोनों देशों के बीच मौजूद सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण ताकत के रूप में देखता हूं। उन्होंने भारतीयों से कहा कि जब भी आपकी इंडोनेशिया के लोगों से मुलाकात या बातचीत हो तो आप उन्हें भारत की विकास यात्रा के बारे में जरूर अवगत कराएं और अपने देश की यात्रा करने के लिए प्रेरित करें। इसके अलावा प्रवासी भारतीय भी भारत के आकर व्यापार और निवेश में योगदान दे सकते हैं। प्रधानमंत्री ने इंडोनेशिया के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किए जाने का जिक्र भी भारतीयों को संबोधित करते हुए किया और कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है। लेकिन मैं इस सम्मान को 140 करोड़ देशवासियों को समर्पित करता हूं। साथ ही मेरा मानना है कि यह सम्मान दोनों देशों के बीच मौजूद गहरी मित्रता का एक जीवंत प्रतीक है।*

### भारतीयों को यूं बताया मैन ऑफ द मैच

*उन्होंने कहा कि आजकल पूरी दुनिया को फुटबॉल का बुखार चढ़ा हुआ है। यहां इंडोनेशिया के लोगों में भी इसे लेकर बड़ा क्रेज (दीवानगी) है। इसका प्रमाण आप सभी लोगों के जोश को देखकर मिल रहा है। लेकिन यह भी एक गजब का संयोग है कि जब भी मैं इंडोनेशिया की यात्रा पर आता हूं। तब-तब दुनिया में फुटबॉल का तूफान छाया होता है। इन सबके बावजूद आप सभी लोगों को मैं, मैन ऑफ द मैच कहूंगा। क्योंकि इस कार्यक्रम के जरिए आपने भव्य भारत की बेजोड़ तस्वीर सबके सामने प्रस्तुत की है। दोनों देशों के मध्य मौजूद सांस्कृतिक जुड़ाव को पीएम ने रेखांकित किया। जिसमें उन्होंने महानदी में केले के छिलके से छोटी नावें बहाने की परंपरा हो, वायांग कुलित के माध्यम से महाभारत का मंचन और देवी श्री पूजा जैसे कुछ बेहतरीन उदाहरण भारतीयों के समक्ष रखे। उन्होंने भारत में किए गए सुधारों के बारे में भी प्रवासियों को जानकारी दी। जिसमें 2025-26 में रही देश की 7.7% जीडीपी का उल्लेख किया। साथ ही अपनी सरकार की सुधार, प्रदर्शन और बदलाव के मंत्र वाली नीति के बारे में भी बताया।*

### पश्चिम-एशिया संकट में नहीं थमा भारत

*उन्होंने बताया कि भारत वर्तमान समय में समुद्री क्षेत्र को तेजी से सशक्त बनाने के लिए काम कर रहा है। भारत के साथ-साथ इंडोनेशिया का साझा लक्ष्य विकास का है। हम न तो रुक सकते हैं और न ही इंतजार कर सकते हैं। भारत की अर्थव्यवस्था विश्व के विकास को आगे बढ़ाने में योगदान दे रही है। कोरोना महामारी इसका बेहतरीन उदाहरण पेश करती है। आज पश्चिम एशिया संकट के बीच में भी हमारे देश की अर्थव्यवस्था थमी नहीं है।*

### खाड़ी देशों के दौरे के दौरान बहरीन पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर

# राजा खलीफा और क्राउन प्रिंस से की मुलाकात द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ मनामा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को बहरीन के राजा हमद बिन ईसा अल खलीफा से मुलाकात कर भारत-बहरीन द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री सलमान बिन हमद अल खलीफा से भी भेंट की और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तथा पीएम नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं पहुंचाईं।

जयशंकर ने बहरीन में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए राजा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत-बहरीन संबंधों को आगे बढ़ाने में राजा का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### आपसी हितों के मुद्दों पर की चर्चा


राजा हमद खलीफा के साथ जयशंकर

*इससे पहले विदेश मंत्री ने बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल जायदानी से मुलाकात कर द्विपक्षीय सहयोग, क्षेत्रीय घटनाक्रम और आपसी हितों के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने बहरीन में भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों से भी संवाद किया और उन्हें दोनों देशों के बीच जीवंत सेतु बताया। बता दें, डॉ. जयशंकर 5 से 10 जुलाई तक कतर, बहरीन, कुवैत और ओमान की यात्रा पर हैं। यात्रा के दूसरे चरण में कतर से बहरीन पहुंचे। इस दौरान वह क्षेत्रीय नेताओं से मुलाकात कर ऊर्जा, व्यापार, निवेश, सुरक्षा और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।*

### दमिश्क में हुए विस्फोट में राष्ट्रपति मैक्रों सुरक्षित

**दमिश्क।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की सीरिया यात्रा के दौरान मंगलवार को राजधानी दमिश्क में कई विस्फोट हुए। मैक्रों जब सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात के लिए राष्ट्रपति भवन पहुंचे थे, तभी 'फोर सीजन्स होटल' के निकट विस्फोट हुए। मैक्रों इसी 'फोर सीजन्स' होटल में ठहरे हुए हैं। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति के कार्यालय ने कहा कि राष्ट्रपति पूरी तरह सुरक्षित हैं और उनका सीरिया दौरा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी है।

# भारत के खिलाफ साजिश के लिए आतंकियों ने कराची में की बैठक, घाटी में सुरक्षा कड़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी रहे बुरहान वानी की 10वीं बरसी पर कराची में आतंकियों के बड़े-बड़े आकाओं की एक गुप्त बैठक हुई। यह बैठक 5 जुलाई को लश्कर-ए-ताइबा के राजनीतिक संगठन पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) के मुख्यालय में हुई। बैठक में जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी गुटों से संबंधित 14 बड़े आतंकियों और आईएसआई से ताल्लुक रखने वालों ने शिरकत की। बैठक में बुरहान वानी की बरसी पर भारत विरोधी साजिश रची गई। इसमें कश्मीर घाटी के हिस्सों में बड़ी वारदातों को अंजाम देने के लिए युवाओं को हथियार पहुंचाने का टास्क सौंपा गया। सुरक्षा एजेंसी से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि किसी तरीके की कोई भी नापाक हरकत पाकिस्तान की ओर से नहीं होने दी जाएगी। कश्मीर घाटी में सुरक्षा के इंतजाम चाकचौबंद हैं। सुरक्षा बल की मुस्तैदी घाटी में लगातार बनी हुई है।

### अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट मामले में गुजरात हाई कोर्ट का फैसला

# 38 दोषियों को सजा-ए-मौत और 11 को उम्रकैद बरकरार

- ***राज्य सरकार पीड़ितों को मुआवजा दे***
- ***भुगतान 31 मार्च, 2027 तक हो जाए***

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद


गुजरात हाई कोर्ट

गुजरात उच्च न्यायालय ने मंगलवार को 2008 के सीरियल ब्लास्ट मामले में विशेष अदालत के फैसले को बरकरार रखा। इस मामले में 56 लोग मारे गए थे और 246 घायल हुए थे। उच्च न्यायालय ने 38 दोषियों की मौत की सजा और 11 अन्य को आजीवन कारावास की सजा में राहत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने राज्य सरकार को पीड़ितों को मुआवजा देने का भी आदेश दिया।यह भुगतान 31 मार्च, 2027 तक किया जाना अनिवार्य है। बता दें, 26 जुलाई, 2008 को अहमदाबाद शहर में कई ब्लास्ट हुए थे। इसके दो दिन बाद सूरत में भी बम मिले थे। शहर की क्राइम ब्रांच की जांच में 100 से अधिक लोगों को आरोपी बनाया गया था। कुल 78 लोगों पर मुकदमा चलाया गया।

### मामले की सुनवाई मार्च 2027 से प्रतिदिन हो रही

*गुजरात हाई कोर्ट के फैसले पर मंगलवार को सरकारी वकील ने कहा कि इस मामले की सुनवाई मार्च 2025 से रोजाना हो रही थी। आज गुजरात हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने अपना फैसला सुनाया। ये स्पष्ट है कि गुजरात हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट द्वारा 38 दोषियों को सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा है। कोर्ट ने उन 11 दोषियों की अपील भी खारिज कर दी है, जिन्हें मौत की सजा के बजाय उम्रकैद (जब तक वे जीवित रहेंगे, तब तक जेल में रहेंगे) की सजा सुनाई गई थी।*

### 1, 5 और 10 लाख रुपए का मुआवजा

*सरकारी वकील ने बताया कि गुजरात हाई कोर्ट ने आतंकवाद की घटना में जान गंवाने वालों के परिवारों को 10 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायल लोगों को 5 लाख रुपए और मामूली रूप से घायल लोगों को 1 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है।*

### विशेष अदालत ने 49 लोगों को दोषी पाया था

*फरवरी 2022 में, एक विशेष अदालत ने 49 लोगों को दोषी पाया था। वहीं, 28 अन्य को बरी कर दिया गया था। बरी किए गए लोगों में मुबीन शेख और मंसूर पीरभॉय शामिल थे। इन पर साजिश रचने और धमकी भरे ईमेल भेजने का आरोप था। उन्होंने आतंकी हमले की जिम्मेदारी भी ली थी। ट्रायल कोर्ट ने एक अप्रूवर को माफ कर दिया था। चार अन्य अप्रूवर, जिन्होंने बाद में अपने बयान वापस ले लिए थे, उन्हें दोषी ठहराया गया।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109